
# VISION100 नीम का थाना

## जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय
## माध्यमिक शिक्षा
## की अनुपम प्रस्तुति



माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा परिणाम परीक्षा उन्नयन हेतु

संरक्षक

श्री राधेश्याम योगी
जिला शिक्षा अधिकारी
मुख्यालय माशि
नीम का थाना

प्रेरणा स्त्रोत

श्रीमती श्रुति भारद्वाज
जिला कलेक्टर नीम का थाना

दिग्दर्शक

श्री सुरेश शर्मा सीबीईओ अजीतगढ
श्री सत्यप्रकाश टेलर सीबीईओ पाटन
श्री जितेन्द्र कुमार सुरोलिया सीबीईओ खेतडी
श्री आत्मा राम सीबीईओ उदयपुरवाटी
श्री विनोद कुमार शर्मा कार्यवाहक सीबीईओ श्रीमाधोपुर
श्री बाबुलाल सैनी कार्यवाहक सीबीईओ नीम का थाना

सम्पादन

रमाकान्त शर्मा, प्रधानाचार्य, एम जी जी एस श्रीमाधोपुर

प्रकाशक

जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक शिक्षा नीम का थाना



**Patron**

**Radhey Shyam Yogi, DEO(HQ) Neem Ka Thana**



**EDITED BY**

Ramakant Sharma
Principal MGGS
SHRIMADHOPUR

Guidance

Suresh Kumar Sharma, CBEO Ajitgarh



Guidance

Mr Satya Prakash Tailor CBEO PATAN

Guidance

Mr. Jitendra Kumar Suroliya, CBEO Khetari

Guidance

Mr. Atma Ram, CBEO

UDAIPURWATI



Guidance

Mr. Vinod Kumar Sharma, Acting CBEO Shrimadhopur



Guidance

Mr Babulal Saini Acting CBEO Neemka Thana



Written BY

Laxmi Narayan Kumawat Principal Shahid Bhawani Singh GSSS Haripura Ajitgarh



Written BY

Surendra Kumar Saini Principal MGGS Nangal Nathusar



Written by

Vijendra Lamba

Lecturer GSSS Jugrajpura



Written by

Rakesh Kumar Samota Lecturer Shahid Bhawani Singh GSSS Haripura Ajitgarh



Wriiten By

Gajanand Yadav Lecturer

GSSS Mnagarh Ajitgarh

## माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान , अजमेर के अनुसार

### प्रश्न-पत्र की योजना 2024

### CLASS - 12

**TIME : 3:15 Hrs** **विषय :- भूगोल** **पूर्णांक : 56**

**1.उद्देश्य हेतु अंकभार -**

| क्र.सं. | उद्देश्य | अंकभार | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | ज्ञान | 23.5 | 41.96 |
| 2 | अवबोध | 21.5 | 38.39 |
| 3 | ज्ञानोपयोग/अभिव्यक्ति | 7 | 12.5 |
| 4 | कौशल / मौलिकता | 4 | 7.14 |
| | योग | 56 | 100 |

**2.प्रश्नो के प्रकार वर अंकभार -**

| क्र.सं. | प्रश्नों के प्रकार | प्रश्नों की संख्या | अंक प्रति प्रश्न | कुल अंक | प्रतिशत (अंकों का) | प्रतिशत (प्रश्नों का) | संभावित समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वस्तुनिष्ठ | 16 | 0.5 | 8 | 14.29 | 32 | 24 |
| 2 | रिक्त स्थान | 10 | 0.5 | 5 | 6.93 | 20 | 15 |
| 3 | अतिलघुरात्मक | 7 | 1 | 7 | 12.5 | 14 | 14 |
| 4 | लघुत्तरात्मक | 10 | 1.5 | 15 | 26.79 | 20 | 45 |
| 5 | दीर्घउत्तरात्मक | 3 | 3 | 9 | 16.07 | 6 | 39 |
| 6 | निबन्धात्मक | 2 | 4 | 8 | 14.28 | 4 | 46 |
| 7 | मानचित्र | 2 | 2 | 4 | 7.14 | 4 | 10 |
| | योग | 50 | | 56 | 100% | 100% | 195 मिनट |

**विकल्प योजना ; खण्ड 'स' एवं 'द' में है ।**

**3.विषय वस्तु का अंकभार -**

| क्र.सं. | विषय वस्तु | अंकभार | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1 | भाग-1 मानव भूगोल के मूल सिद्धान्त | | |
| | इकाई-1 | 3 | 5.36 |
| | इकाई-2 | 5 | 8.93 |
| | इकाई-3 | 18 | 32.14 |
| | मानचित्र | 2 | 3.57 |
| 2 | भाग-2 भारत लोग और अर्थव्यवस्था | | |
| | इकाई-1 | 3 | 5.36 |
| | इकाई-2 | 2 | 3.57 |
| | इकाई-3 | 14 | 25 |
| | इकाई-4 | 4 | 7.14 |
| | इकाई-5 | 3 | 5.36 |
| | मानचित्र | 2 | 3.57 |
| | योग | 56 | 100% |

## माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान अजमेर द्वारा जारी प्रश्न पत्र ब्लू प्रिंट

| क्रं सं. | उद्देश्य इकाई / उप इकाई | ज्ञान | | | | | | अवबोध | | | | | | ज्ञानोपयोग / अभिव्यक्ति | | | | | | | कौशल /मौलिकता | | | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | वस्तुनिष्ठ | रिक्त स्थान | अतिलघुत्तरात्मक | लघुत्तरात्मक | दीर्घउत्तरात्मक | निबन्धात्मक | वस्तुनिष्ठ | रिक्त स्थान | अतिलघुत्तरात्मक | लघुत्तरात्मक | दीर्घउत्तरात्मक | निबन्धात्मक | वस्तुनिष्ठ | रिक्त स्थान | अतिलघुत्तरात्मक | लघुत्तरात्मक | दीर्घउत्तरात्मक | निबन्धात्मक | वस्तुनिष्ठ | रिक्त स्थान | अतिलघुत्तरात्मक | लघुत्तरात्मक | दीर्घउत्तरात्मक | निबन्धात्मक | मानचित्र | |
| | भाग-1 मानव भूगोल के मूल सिद्धान्त | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 1 | इकाई-1 | ½ (1) | | 1 (1) | 1.5 (1) | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 3 (3) |
| 2 | इकाई-2 | ½ (1) | ½ (1) | 1 (1) | | | | ½ (1) | | 1 (1) | | | | | | | 1.5 (1) | | | | | | | | | | 5 (6) |
| 3 | इकाई-3 | 1.5 (3) | 2 (4) | 2 (2) | 3 (2) | | | 2 (2) | | | | 3 (1) * | 4 (1) * | | | | 1.5 (1) | | | | | | | | | | 18 (16) |
| 4 | मानचित्र | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 2 (1) | 2 (1) |
| | भाग-2 भारत लोग और अर्थव्यवस्था | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| 5 | इकाई-1 | ½ (1) | ½ (1) | | 1.5 (1) | | | ½ (1) | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 3 (4) |
| 6 | इकाई-2 | | ½ (1) | | 1.5 (1) | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 2 (2) |
| 7 | इकाई-3 | 1 (2) | 1.5 (3) | 1 (1) | | | | ½ (1) | | | | 3 (1) * | 4 (1) * | | | | | 3 (1) * | | | | | | | | | 14 (10) |
| 8 | इकाई-4 | ½ (1) | | | | | | ½ (1) | | | 3 (2) | | | | | | | | | | | | | | | | 4 (4) |
| 9 | इकाई-5 | | | | 1.5 (1) | | | ½ (1) | | | | | | | | 1 (1) | | | | | | | | | | | 3 (3) |
| 10 | मानचित्र | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | 2 (1) | 2 (1) |
| | योग | 4.5 (9) | 5 (10) | 5 (5) | 9 (6) | | | 3.5 (7) | | 1 (1) | 3 (2) | 6 (2) | 8 (2) | | | 1 (1) | 3 (2) | 3 (1) | | | | | | | | 4 (2) | 56 (50) |

**कक्षा -12** **विषय-भूगोल**

**पूर्णांक 56**

**विकल्पों की योजना:- खण्ड 'स' एवं खण्ड 'द' में एक आंतरिक विकल्प है । नोट:- कोष्ठक के बाहर की संख्या 'अंकों' की तथा अंदर की संख्या प्रश्नों की ध्योतक है ।**

## महत्वपूर्ण प्रश्नों के समेकन हेतु संकलन टीम

1. **श्री लक्ष्मी नारायण कुमावत प्राचार्य, शहीद भवानी सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हरिपुरा (बुर्जा की ढाणी) पंचायत समिति अजीतगढ़**
2. **श्री सुरेन्द्र सैनी प्राचार्य, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नांगल**
3. **श्री गजानन्द यादव प्राध्यापक भूगोल राउमावि मानगढ़**
4. **श्री विजेंद्र कुमार लांबा प्राध्यापक भूगोल राउमावि जुगराजपुरा**
5. **श्री राकेश कुमार सामोता प्राध्यापक भूगोल शहीद भवानी सिंह राउमावि हरिपुरा**

## माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान ,अजमेर द्वारा Rationalized 2023-24 विषय-सूची अनुसार बोर्ड परीक्षा 2024 कक्षा 12 हेतु भूगोल विषय की पाठ्यपुस्तकों में पाठ्य सामग्री का पुनर्संयोजन

### लिखित प्रश्नपत्र में पाठ्यपुस्तकों की इकाई व पाठ-वार अंक विभाजन

### भाग -1 मानव भूगोल के मूल सिद्धांत

**इकाई-1**

---

अंक 3

अध्याय 1:- मानव भूगोल प्रकृति एवं विषय क्षेत्र

**इकाई-2**

---

अंक 5 अध्याय 2:- विश्व जनसंख्या वितरण, घनत्व और वृद्धि

अध्याय 3:- मानव विकास

**इकाई 3**

अंक 18

अध्याय 4:- प्राथमिक क्रियाएँ

अध्याय 5:- द्वितीयक क्रियाएँ

अध्याय 6:- तृतीयक और चतुर्थ क्रियाकलाप

अध्याय 7:- परिवहन एवं संचार

अध्याय 8:- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

**मानचित्र**

अंक 2

### भाग -2 भारत लोग और अर्थव्यवस्था

**इकाई I**

अंक 3

अध्याय 1. जनसंख्या : वितरण, घनत्व, वृद्धि और संघटन

**इकाई II**

अंक 2

अध्याय 2. मानव बस्तियाँ

**इकाई III**

अंक 14

अध्याय 3. भूसंसाधन तथा कृषि

अध्याय 4. जल संसाधन

अध्याय 5. खनिज तथा ऊर्जा संसाधन

अध्याय 6. भारत के संदर्भ में नियोजन और सततपोषणीय विकास

**इकाई IV**

अंक 4

अध्याय 7. परिवहन तथा संचार

अध्याय 8. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

इकाई V

अंक 3

अध्याय 9. भौगोलिक परिप्रेक्ष्य में चयनित कुछ मुद्दे एवं समस्याएँ

मानचित्र

अंक 2

| नामांक | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान ,अजमेर द्वारा जारी नवीनतम मॉडल प्रश्न पत्र परीक्षा-2024

भूगोल(Geography)

(कक्षा-12)

समयः 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांकः 56

खण्ड अ

Part-A

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :-

GENERAL INSTRUCTION TO THE EXAMINEES:

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।
   Candidate must write first his/her Roll No. on the question paper compulsorily.
2. सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।
   All the questions are compulasory.
3. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।
   Write the answer to each question in the given answer book only.
4. जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड है उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।
   For questions having more than one part the answers to those parts are to be written together in continuity.

(खण्ड-अ) Section-A

प्र०1 नीचे दिये गये बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर पुस्तिका में लिखिए।
Write the correct answer to the given multiple choice questions in the answer booklet

(i) नवनिश्चयवाद की संकल्पना किसने प्रस्तुत की? 1/2

(अ) रैटजेल (ब) ग्रिफिथ टेलर (स) एलन सी. सेंपल (द) विडाल-डी-ला-ब्लाश

Who introduced the concept of neo-determinism?

(A) Ratzel (B) Griffith Taylor (C) Ellen C.Semple (D) Vidal de-la-Blache

(ii) जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि का सूत्र है- 1/2

(अ) जन्म-मृत्यु (ब) जन्म -मृत्यु+आप्रवास

(स) जन्म-मृत्यु-उत्प्रवास (द) जन्म-मृत्यु+आप्रवास-उत्प्रवास

The formula for natural growth of population is-

(A) Birth-Deaths (B) Birth-Deaths+ In migration

(C) Birth-Deaths-out migration (D) Birth-Deaths + In migration-out migration

(iii) निम्नलिखित में से किस उपागम का संबंध प्रो.अमर्त्य सेन से है- 1/2

(अ) क्षमता उपागम (ब) आय उपागम

(स) कल्याण उपागम (द) आधारभूत आवश्यकता उपागम

Which of the following approaches is related to prof. Amartya Sen -

(A)Capability approach (B) Income approach

(C) Welfare Approach(D) Basic Needs Approach

(iv) प्राचीनतम ज्ञात आर्थिक क्रियाएँ है-

(अ) भोजन संग्रहण-कृषि (ब) खनन कृषि

(स) पशुचारण-खनन (द) भोजन संग्रहण आखेट 1/2

The oldest known economic activities are-

(A) Gathering-Agriculture (B) Mining-Agriculture

(C) Pastoralism-mining (D) Gathering-Hunting

(v) निम्न में से कौन-सी एक अर्थव्यवस्था में उत्पादन का स्वामित्व व्यक्तिगत होता है?

(अ) पूँजीवाद (ब) मिश्रित (स) समाजवाद (द) कोई भी नहीं 1/2

In which one of the following economies, production is individually owned?

(A) Capitalist (B) Mixed (C) Socialist (D) None

(vi) निम्नलिखित में से परिवहन का प्रकार नहीं है-

(अ) सड़क (ब) जल (स) मोबाइल (द) वायु 1/2

Which of the following is not a type of transport-

(A) Road (B) Water (C) Mobile (D) Air

(vii) स्वेज नहर किस देश में स्थित है?

(अ) पनामा (ब) रूस (स) भारत (द) मिस्त्र 1/2

In which country is the Suez Canal located?

(A) Panama (B) Russia (C) India (D) Egypt

(viii) कोलकाता पत्तन किस नदी पर स्थित है?

(अ) हुगली (ब) राइन (स) नर्मदा (द) गोदावरी

Kolkata port is situated on which river?

(A) Hoogli (B)Rhine (C) Narmada (D) Godavari 1/2

(ix) ग्रियर्सन के अनुसार भारत में भाषाओं की संख्या थी-

(अ) 179 (ब) 544 (स) 22 (द) 169 1/2

According to Grierson the number of languages in India was-

(A) 179 (B)544 (C) 22 (D) 169

(x) निम्नलिखित में से सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य है?

(अ) बिहार (ब) पश्चिम बंगाल (स) उत्तर प्रदेश (द) केरल 1/2

Which of the following is the state with highest population density?

(A) Bihar (B) West Bengal (C) Uttar Pradesh (D) Kerala

(xi) "नीरू मीरू" कार्यक्रम का संबंध किस राज्य से है-

(अ) राजस्थान (ब) पंजाब (स) आन्ध्र प्रदेश (द) असम 1/2

"Neeru-Meeru" program is related to which state-

(A) Rajasthan (B)Punjah (C) Andhra Pradesh (D) Assam

(xii) यमुना नदी किन दो शहरों के मध्य सबसे अधिक प्रदूषित है-

(अ) दिल्ली से आगरा (ब) दिल्ली से प्रयाग (स) दिल्ली से इटावा (द) दिल्ली से पटना 1/2

Between which two cities is the Yamuna river most polluted-

(A)Delhi to Agra (B)Delhi to Prayag (C)Delhi to Etawah (D)Delhi to Patna

(xiii) बॉक्साइट किसका अयस्क है ?

(अ) एल्यूमिनियम (ब) मैंगनीज (स) अभ्रक (द) ताँबा 1/2

Whose ore is Bauxite ?

(A) Aluminium (B) Manganese (C) Mica (D) Copper

(xiv) भारत में रेल सेवा की शुरूआत कब हुई थी? 1/2

(अ) 1853 (ब) 1857 (स) 1911 (द) 1923

When was the railway service started in India?

(A) 1853 (B)1857 (C) 1911 (D) 1923

(xv) निम्नलिखित में से कौन-सा एक भू-आबद्ध पत्तन है- 1/2

(अ) हल्दिया (ब) मुंबई (स) चेन्नई (द) विशाखापट्नम

Which one of the following is a land-locked harbour-

(A) Haldia (B) Mumbai (C) Chennai (D) Vishakhapatnam

(xvi ) निम्नलिखित में से कौन-सा अम्ल वर्षा का एक कारण है- 1/2

(अ) जल प्रदूषण (ब) भूमि प्रदूषण (स) शोर प्रदूषण (द) वायु प्रदूषण

Which one of the following is a cause of acid rain-

(A) Water Pollution (B) Land Pollution (C) Noise Pollution (D) Air Pollution

प्र० 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

Fill in the blanks.

(1) अति उच्च मानव विकास सूचकांक वाले देश वे हैं जिनका स्कोर...... से ऊपर है। 1/2

Countries with very high human development index are those which have a score of over.........

(ii) मिश्रित कृषि में फसल उत्पादन एवं ................ दोनों को समान महत्व दिया जाता है। 1/2

In mixed farming, equal emphasis is laid on crop cultivation and..........

(iii) प्रत्येक सड़क जो दो नोडों को जोड़ती है...............कहलाती है 1/2

Every road that joins two nodes is called a................. .

(iv)............................................. में विश्व का सघनतम रेल तंत्र पाया जाता है। 1/2

..................................has one of the most dense rail networks in the world.

(v) विश्व व्यापार संगठन का मुख्यालय .............................. में स्थित है। 1/2

WTO headquarters are located in ................................ .

(vi) राष्ट्रीय युवा नीति फरवरी...........................में आरंभ की गई है। 1/2

The National youth policy has been launched in February..................... .

(vii) भारत में नगरों का अभ्युदय .................. काल से हुआ है। 1/2

Towns flourished since...................... Time in India.

(viii) भारत की अधिकतम जनसंख्या का प्रमुख भोजन ........................... है। 1/2

..........................is a staple food for the overwhelming majority of population in India.

(ix) सिंचाई की व्यवस्था ...................... को संभव बनाती है। 1/2

Provision of irrigation makes............possible.

( x) इंदिरा गांधी नहर पंजाब में .................................. बाँध से निकलती है। 1/2

Indira Gandhi canal originates from ..............................dam in Punjab.

3. अति लघुत्तरात्मक प्रश्न

Very Short Answer Type Questions:

(i) "मानव भूगोल मानव समाजों और घरातल के बीच संबंधों का संश्लेषित अध्ययन है।" मानव भूगोल की यह परिभाषा किसने दी? 1

"Human geography is the synthetic study of relationship between human societies and earth's Surface" Who gave this definition of human geography?

(ii) जनसंख्या परिवर्तन के दो घटकों के नाम लिखिए। 1

Name two components of population change.

(iii) मानव विकास प्रतिवेदन 2020 के अनुसार भारत का कौन-सा स्थान है? 1

Which position of India according to the Human Development Report 2020?

(iv) विनिर्माण का शाब्दिक अर्थ लिखिए। 1

Write the literal meaning of manufacturing.

(v) WTO का पूरा नाम लिखिए। 1

Write the full name of WTO.

(vi) विश्व के जल संसाधनों का कितने प्रतिशत भाग भारत में है? 1

What percentage of the world's water resources is in India?

(vii) ध्वनि प्रदूषण से आप क्या समझते है? 1

What do you understand by noise pollution?

## Section-B

## (खण्ड-ब)

लघुत्तरात्मक प्रश्न:

Short answer Type Questions:

प्र04 मानव भूगोल के क्षेत्रों के नाम बताइए। $1\frac{1}{2}$

Name the fields of human geography.

प्र05 आपके अनुसार एक विकसित राष्ट्र के लिए जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत का उपयोग बताइए। $1\frac{1}{2}$

According to you, explain the use of demographic transition theory for a developed nation.

प्र०6 "कारखाना कृषि क्या है? $1\frac{1}{2}$

What is factory farming?

प्र07 बाह्यस्त्रोतन किसे कहते हैं? $1\frac{1}{2}$

What is outsourcing?

प्र०8 नौसेना पत्तन से आप क्या समझते हैं ? $1\frac{1}{2}$

What do you understand by naval port?

प्र09 जनसंख्या वृद्धि को परिभाषित कीजिए। $1\frac{1}{2}$

Define population growth.

प्र010 "स्मार्ट सिटी मिशन" के उद्देश्य बताइए। $1\frac{1}{2}$

Explain the objectives of Smart Cities mission.

प्र011 स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना पर टिप्पणी लिखिए। $1\frac{1}{2}$

Write a short note on the golden quadrilateral project.

प्र012 आजादी के बाद भारत के आयात-संघटन के बदलते प्रारूप को संक्षेप में समझाइए। $1\frac{1}{2}$

Briefly explain the changing pattern of India's import composition after independence.

प्र013 जल प्रदूषण के प्रमुख स्त्रोतों का वर्णन कीजिए। $1\frac{1}{2}$

Describe the major sources of water pollution.

## (खण्ड-स)

## Section-C

दीर्घ उत्तरीय प्रश्नः-

Long Answer Type Questions:-

प्र014 निम्नलिखित पारमहाद्वीपीय रेलमार्गों पर टिप्पणी लिखिए-

(अ) पार-साइबेरियन रेलमार्ग (ब) पार-कैनेडियन रेलमार्ग

($1\frac{1}{2}+1\frac{1}{2}=3$)

Write a note on the following transcontinental railway routes-

(A) Trans-siberian railways (B) Trans-Canadian railways.

अथवा (OR)

निम्नलिखित समुद्री मार्गों पर टिप्पणी लिखिए-

(अ) उत्तरी अटलांटिक (ब) भूमध्य सागर-हिंदमहासागरीय

Write a note on the following sea route-

(A) The Northern Atlantic (B) The Mediterranean-Indian Ocean

प्र015 भारत में ऊर्जा के परम्परागत स्त्रोतों का वर्णन कीजिए।
(3)

Describe the conventional sources of energy in India.

अथवा (OR)

भारत में ऊर्जा के अपरंपरागत स्त्रोतों का वर्णन कीजिए।

Describe the non-conventional sources of energy in India.

प्र016 पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने के उपाय सुझाएँ।
(3)

Suggest ways to make the hill area development program more effective.

अथवा (OR)

इंदिरा गांधी नहर कमांड क्षेत्र में सतत पोषणीय विकास को बढ़ावा देने के लिए उपाय सुझाएं।

Suggest the measures of promotion of sustainability in Indira Gandhi Canal command area.

(खण्ड-द)Section-D

निबंधात्मक प्रश्न :-

Essay Type Questions:-

प्र.17 उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले कारकों का वर्गीकरणकीजिए।(कोईचार)(1+1+1+1=4) Classify the factors influencing the location of industries. (Any Four)

अथवा (OR)

कच्चे माल पर आधारित उद्योगों का वर्गीकरण कीजिए।

Classify the industries based on raw materials.

प्र० 18 भारत में कृषि के विकास का वर्णन कीजिए।

Describe the development of agriculture in India?

अथवा (OR)

भारत में तिलहन फसलों पर विस्तृत लेख लिखिए।

Write a detailed article on oilseed crops in India.

प्र0 19 दिए गए विश्व के रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित वाणिज्य पशुधन पालन वाले राष्ट्रों को अंकित कीजिए-

(अ) न्यूजीलैंड (ब)आस्ट्रेलिया (स) अर्जेंटाइना (द) अमेरिका $(4 \times \frac{1}{2} = 2)$

Mark the following commercial livestock rearing countries on the given outline map of the world-

(A) New Zealand (B) Australia (C) Argentina (D) America

प्र० 20 दिए गए भारत के रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित अंतर्राष्ट्रीय हवाई पत्तनों को अंकित कीजिए-

(अ) दिल्ली (ब) अहमदाबाद (स) बेंगलूरू (द) कोलकात्ता $(4 \times \frac{1}{2} = 2)$

**Mark the following international airports on the given outline map of India-**

**(A)Delhi (B) Ahmedabad (C) Bengaluru (D) Kolkata**

भाग -1

इकाई - 1

## मानव भूगोल प्रकृति एवं विषय क्षेत्र

**बहुविकल्पीय प्रश्न (Multiple Choice Questions)**

(i) आर्थिक भूगोल का उपक्षेत्र है-

(अ) संसाधन भूगोल (ब) सैन्य भूगोल (स) चिकित्सा भूगोल (द) लिंग भूगोल (अ)

(ii) नवनिश्वयवाद की संकल्पना किसने प्रस्तुत की?

(अ) रैटजेल (ब) ग्रिफिथ टेलर (स) एलन सी. सेंपल (द) विडाल-डी-ला-ब्लाश (ब)

(iii)'रुको और जाओ निश्चयवाद' की संकल्पना के प्रतिपादक विद्वान का नाम है -

(अ) हंटिंगटन (ब) रेटजेल (स) ग्रिफिथ टेलर (द) विडाल डी ला ब्लाश (स)

(iv) मानव भूगोल का उपागम कोनसा है -

(अ) प्रादेशिक उपागम (ब) क्षेत्रीय उपागम (स) स्थानिक उपागम (द0 उपरोक्त सभी (द)

**अतिलघुतरात्मक प्रश्न -**

Q.1. नवनिश्चयवाद संकल्पना किसने प्रतिपादित की है।

उत्तर - ग्रिफिथ टेलर ने ।

Q.2."मानव भूगोल मानव समाजों और धरातल के बीच सम्बन्धों का संश्लेषित अध्ययन है" उक्त परिभाषा किसने प्रस्तुत की ?

उत्तर - रैटजेल ने

Q.3. कौनसी विचारधारा संभववाद व निश्चयवाद के बीच के मार्ग को परिलक्षित करती है ?

उत्तर - नव निश्चयवाद या रुको या जाओं निश्चयवाद

Q.4. "प्रकृति अवसर प्रदान करती है और मानव उनका उपयोग करता है" यह कौनसी विचारधारा से सम्बन्धित है?

उत्तर- सम्भववाद विचारधारा से ।

Q.5- मानव का प्राकृतिकरण से आप क्या समझते है?

उत्तर - मानव का प्रकृति के आदेशों के अनुसार अपने आप को ढालना मानव का प्राकृतीकरण कहलाता है।

Q.6- एलन सी सेंपल के अनुसार मानव भूगोल की परिभाषा बताइयें ?

उत्तर- "मानव भूगोल अस्थिर पृथ्वी और क्रियाशील मानव के बीच परिवर्तनशील सम्बन्धों का अध्ययन है।"

Q.7- रैटजेल के द्वारा दी गई मानव भूगोल की परिभाषा में किस पर जोर दिया गया है?

उत्तर - संश्लेषण पर जोर दिया गया है।

### लघुतरात्मक प्रश्न

Q.8.पर्यावरणीय निश्चयवाद से आप क्या समझते है।

उत्तर - मानव पर्यावरण के अन्तर्सम्बन्धों से सम्बन्धित विचारधारा जर्मन भूगोल वेत्ताओं ने प्रस्तुत की। इस विचारधारा के अनुसार मानव की समस्त क्रियाओं पर पर्यावरण के विभिन्न कारकों का प्रभाव पड़ता

है। यह स्थिति मानव के प्रारम्भिक काल में ज्यादा थी। मानब ने प्रकृति के अनुरूप अपने आप ढाल लिया। इस विचारधारा में प्रकृति अधिक प्रभावी थी।

**Q.9.संभववाद को परिभाषित कीजिए ।**

उत्तर- संभववाद विचाधारा के अनुसार मानव पर्यावरण में अपनी इच्छानुसार परिवर्तन कर सकता है।प्रकृति प्रदत्त अनेक संभावनाओ का अपने लाभ के लिए प्रयोग कर सकता है ।प्रकृति को परिवर्तन कर विजय प्राप्त करने का प्रयास करते है। फ्रान्सीसी विद्वानों ने इसे संभववाद का नाम दिया। प्रकृति अवसर प्रदान करती है। मानव उसका प्रयोग करता है और प्रकृति पर मानव प्रयासों की छाप पड़ने लगती है।

**Q.10. रुको और जाओं निश्चयवाद से आप क्या समझते है?**

उत्तर - रुको और जाओं निश्चयवाद या नव निश्चयवाद की संकल्पना भूगोलवेता ग्रिफिथ टेलर ने प्रस्तुत की। निश्चयवाद व संभवषाद के मध्य की विचारधारा है। नवनिश्चयवाद संकल्पना प्रकृति व मानवीय क्रियाओं के मध्य सन्तुलन बनाने का कार्य करती है। यह विचारधारा हमें संदेश देती है कि किसी भी क्षेत्र के विकास की योजना प्रकृति के साथ सामंजस्य करके बनानी चाहिए जिससे हमें पर्यावरणीय समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े।

**Q.11. मानव के प्राकृतीकरण का संक्षेप में चार बिन्दुओं पर प्रकाश डालें ?**

उत्तर 1. आदिम समाज आर्थिक दृष्टि से प्रकृति पर पूर्ण निर्भर है।

2. आदिम समाज की मान्यता है कि प्रकृति शक्तिशाली, पूज्य, सत्कार योग्य है।
3. सतत पोषण हेतु मनुष्य प्राकृतिक संसाधनों तथा मूल आवश्यकताओं पर प्रकृति पर निर्भर है।
4. समाज के लिए भौतिक पर्यावरण "माता प्रकृति" का रूप धारण करता है।

**Q.12. नियतीवाद और संभववाद में अन्तर स्पष्ट कीजिये ।**

| नियतिवाद | संभवबाद |
|---|---|
| 1.मानव के प्रत्येक क्रियाकलाप प्रकृति से नियन्त्रित होते हैं। | 1. संभववाद में मानव प्रकृति में परिवर्तन करने में समर्थ है। |
| 2.यह मानव से निष्क्रिय को निष्क्रिय कारक मानता है,जो पर्यावरणीय कारकों से प्रभावित होता है। | 2. संभववाद में मानव व प्रकृतिमें मानव का सक्रिय प्रभाव होता। |
| 3. मनुष्य प्रकृति का दास होता है। | 3. संभववाद मनुष्य को प्रकृति का दास स्वीकार नहीं करता है। |

**Q.13. मानव भूगोल की प्रकृति के विषय में टिप्पणी लिखें ?**

उत्तर- मानव भूगोल में भौतिक पर्यावरण और मानव द्वारा जनित सामाजिक- सामाजिक- सांस्कृतिक पर्यावरण के मध्य जो आपस में प्रभाव पड़ता है उसम अध्ययन किया जाता है। मानव के रहन-सहन, खानपान, वस्त्र, मकान निर्माण के मध्य भौतिक पर्यावरण का प्रभाव पड़ता है। भौतिक पर्यावरण प्रमुख तत्व भू आकृति मृदा, जलवायु, जल, प्राकृतिक वनस्पति, विविध प्राणिजात व वनस्पति जात आदि आते है। मानव अपने क्रियाकलाप से भौतिक पर्यावरण में वृहत स्तरीय परिवर्तन कर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक भू दृश्यों (पर्यावरण) का निर्माण करता है । अत: हम कह सकते है कि मानवीय क्रियाकलापों का भौतिक पर्यावरण पर और भौतिक पर्यावरण का मानवीय क्रियाकलापों पर प्रभाव पड़ता है।

## इकाई-2
## विश्व जनसंख्या

**बहुविकल्पीय प्रश्न (Multiple Choice Questions)**

Q.1 जनसंरख्या वितरण को प्रभावित करने वाले आर्थिक कारक का युग्म हैं?
(क) खनिज- नगरीकरण (ख) भू- आकृति - औद्योगिकरण
(ग) जलवायु - भू-आकृति (घ) मृदाएँ- नगरीकरण (क)

Q.2. प्रवास का अपकर्ष कारक हैं?
(क) राजनीतिक हलचल (ख) प्राकृतिक आपदाएँ
(ग) महामारियाँ (घ) काम के बेहतर अवसर (घ)

Q.3."एशिया में बहुत अधिक स्थानों पर कम लोग और कम स्थानों पर बहुत अधिक लोग रहते हैं।"यह टिप्पणी किसकी है?
(क) राल्फ वाल्डो इमरसन (ख) थॉमस माल्थस
(ग) जॉर्ज. बी. केसी (घ) इनमें से कोई नहीं (ग)

Q.4. समय के दो अन्तरालों के बीच एक क्षेत्र विशेष में जनसंख्या में होने वाला परिवर्तन कहलाता है।
(क) जनसंख्या वृदि (ख) जन्म दर
(ग) लिगानुपांत (घ) मृत्यु दर (क)

Q.5. किस विद्वान ने कहा था, कि लोगों की संख्या खाध्य आपूर्ति की अपेक्षा अधिक तेजी से बढ़ेगी ?
(क) थामस माल्थस (ख) एडम स्मिथ
(ग) जे. एम. कीन्स (घ) इनमें से कोई नहीं (क)

Q.6. जनांकिकीय संक्रमण की प्रथम अवस्था से सम्बन्धित हैं?
(क) उच्च जन्म दर एवं उच्च मृत्यु दर (ख) जन्म दर समय के साथ घटना
(ग) जनसंख्या मंद गति से बढ़ना (घ) मृत्यु दर में कमी आना (क)

Q.7. जनगणना 2011 के अनुसार भारत की जनसंख्या हैं?
(क) 102.07 करोड़ (ख) 121.02 करोड
(ग) 126.02 करोड (घ) 108.80 करोड़ (ख)

Q.8. जब दो समय अन्तरालों के बीच जनसंख्या कम हो जाये तो वह स्थिति कहलाती हैं।
(क) जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि (ख) जनसंख्या की वास्तविक वृद्धि
(ग) जनसंख्या की धनात्मक वृद्धि (घ) जनसंख्या की ऋणात्मक वृदि (घ)

Q.9. जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाला भौगोलिक कारक हैं।
(क) जल की उपलब्धता (ख) जलवायु
(ग) मृदा (घ) उपरोक्त सभी (घ)

Q.10. प्रवास को प्रभावित करने वाला प्रतिकर्ष कारक हैं?
(क) प्राकृतिक विपदाएँ (ख) बेरोजगारी
(ग) प्रतिकूल जलवायु (घ) उपरोक्त सभी (घ)

Q.11. प्रवास को प्रभावित करने वाला अपकर्ष कारक है?

(क) शान्ति एवं स्थायित्व (ख) अनुकूल जलवायु
(ग) रहन-सहन की अच्छी दशाएँ (घ) उपरोक्त सभी (घ)

Q.12. विश्व में नदी घाटीयों के सबसे सघन बसे होने का कारण है?
(क) मृदा का उपजाऊपन (ख) जल की उपलब्धता
(ग) अनुकूल बायु (घ) भू- आकृति (ख)

Q.13. जनसंख्या की तीव्र वृद्धि के कारण उत्पन्न होने वाली समस्या है-
(क) भोजन की समस्या (ख) आवास की समस्या
(ग) निम्न जीवन स्तर (घ) उपरोक्त सभी (घ)

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये

Q.1. जनसंख्या वृद्धि को .................में भी व्यक्त किया जाता हैं। (प्रतिशत )

Q.2. प्रवासी जो किसी नए स्थान पर जाते हैं ..............कहलाते है। (आप्रवासी)

Q.3. .........................के अनुसार एशिया में बहुत अधिक स्थानों पर कुम लोग तथा कम स्थानों पर अधिक लोग रहते हैं? (जॉर्ज बी. क्रेसी )

Q.4.प्रवासी जो एक स्थान से बाहर चले जाते हैं, ............कहलाते हैं। (उत्प्रवासी )

Q.5.जन्म, मृत्यु और ........... जनसंख्या के तीन घटक हैं । (प्रवास )

## अतिलघुतरात्मक प्रश्न

Q.1.प्रतिकर्ष कारक के दो उदाहरण दीजिए ?

उत्तर (i) बेरोजगारी (ii) प्रतिकूल जलवायु

Q.2. जनसंख्या घनत्व से क्या आशय हैं?

उत्तर- प्रतिवर्ग किलोमीटर में निवास करने वाले व्यक्तियों की संख्या को जनसंख्या घनत्व कहते हैं।

Q.3. "एशिया में बहुत अधिक स्थानों पर कम लोग और कम स्थानों पर बहुत अधिक लोग रहते हैं? यह कथन किसका है ?

उत्तर - जॉर्ज बी. क्रेसी का हैं।

Q.4. जनसंख्या घनत्व ज्ञात करने का सूत्र लिखिए ?

उत्तर - जनसंख्या का धनत्व = $\frac{\text{जनसंख्या}}{\text{क्षेत्रफल}}$

Q.5. अशोधित जन्म- दर (CBR) को ज्ञात करने का सूत्र लिखिए?

उत्तर - अशोषित जन्म-दर = $\frac{\text{किसी वर्ष विशेष में जीवित जन्म}}{\text{किसी क्षेत्र विशेष में वर्ष के मध्य जनसंख्या}} * 1000$

Q.6. विश्व के विरल जनसंख्या घनत्व वाले क्षेत्र बताइए?

उत्तर - 1 उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों के निकट,
2 उष्ण और शीत मरुस्थल और
3 विषुवत रेखा के निकट उच्च वर्षा के क्षेत्रों में जनसंख्या कम पाई जाती हैं।

Q.7. भूमध्यसागरीय प्रदेश में अधिक जनसंख्या क्यों पाई जाती हैं? बताइए ।

उत्तर - सुखद एवं उत्तम जलवायु के कारण भूमध्यसागरीय प्रदेश में अधिक जनसंख्या का जमाव पाया जाता हैं।

Q.8. जापान का कोबे - ओसाका प्रदेश किस कारण सघन बसा हुआ ?

उत्तर - जापान का कोबे - ओसाका प्रदेश अनेक प्रकार के उध्योंगों की अवस्थिति के कारण सघन रुप से बसा हुआ हैं।

Q.9. 'जनसंख्या वृद्धि' पद की परिभाषा दीजिए ?

उत्तर- दो समय अन्तरालों के बीच एक क्षेत्र विशेष में रहने वाले लोगों की संख्या में परिवर्तन को जनसंख्या वृद्धि कहा जाता है।

Q.10. जनसंख्या की ऋणात्मक वृद्धि से क्या अभिप्राय हैं। स्पष्ट कीजिए।

उत्तर - जब दो समय अन्तराल के बीच जनसंख्या कम हो जाये, तो उसे जनसंख्या की ऋणात्मक वृद्धि कहा जाता है।

Q.11. जनसंख्या की वास्तविक वृद्धि किस प्रकार ज्ञात की जाती हैं?

उत्तर- जनसंख्या की वास्तविक वृद्धि = जन्म - मृत्यु + आप्रवास - उत्प्रवास

Q.12. अशोधित मृत्यु-दर को किस प्रकार अभिव्यक्त किया जाता हैं?

उत्तर - अशोधित मृत्यु-दर को किसी क्षेत्र विशेष में किसी वर्ष के दौरान प्रति हजार जनसंख्या के पीछे मृतकों की संख्या के रूप में अभिव्यक्त किया जाता है।

Q.13. अशोधित जन्म-दर को किस सकार व्यक्त किया जाता है?

उत्तर - अशोधित जन्म-दर को प्रति हजार स्त्रियों द्वारा जन्म दिए जीवित बच्चों के रूप में व्यक्त किया जाता हैं।

Q.14. प्रवास के उद्गम स्थान से क्या अभिप्लाय हैं?

उत्तर - जब लोग एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते हैं, तो वह स्थान जहाँ से लोग गमन करते हैं, उद्गम स्थान कहलाता है। यह जनसंख्या की कमी को दर्शाता हैं।

Q.15. प्रवास के गंतव्य स्थान से क्या अभिप्राय हैं?

उत्तर- जिस स्थान पर लोग विभिन्न अपकर्ष कारकों के कारण आगमन करते हैं, वह गंतव्य स्थान कहलाता हैं। गंतव्य स्थान पर जनसंख्या बढ़ जाती हैं।

Q.16. उत्प्रवास से क्या अभिप्राय हैं?

उत्तर- प्रवासी जो कि एक स्थान से बाहर चले जाते हैं, उत्प्रवास कहलाता हैं।

Q.17. जनसंख्या घनत्व को परिभाषित कीजिए ?

उत्तर- प्रति वर्ग किलोमीटर में निवास करने वाले व्यक्तियों की संख्या को जनसंख्या घनत्व कहते हैं।

जनसंख्या घनत्व सूत्र = $\frac{\text{जनसंख्या}}{\text{क्षेत्रफल}}$

Q.18. जनसंख्या वृद्धि से आप क्या समझते हैं?

उत्तर- किन्हीं दो समय अन्तरालों के मध्य जनसंख्या में परिवर्तन पाया जाता हैं, उसे जनसंख्या वृद्धि कहते हैं, अर्थात जनसंख्या वृद्धि अथवा जनसंख्या परिवर्तन का अभिप्राय किसी क्षेत्र में समय की किसी निश्चित अवधि के दौरान बसे हुए लोगों की संख्या में परिवर्तन से हैं, यह परिवर्तन धनात्मक या ऋणात्मक भी हो सकता है।

Q.19. प्रवास की धाराएँ बताइए ?

किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह द्वारा अपने निवास स्थान का स्थायी परिवर्तन प्रवास कहलाता है। यह स्थायी, अस्थायी व मौसमी हो सकता है, इसके अतिरिक्त प्रवास के चार प्रकार हैं -

(i) गाँव से गाँव की ओर,

(ii) गाँव से नगर की ओर,
(iii) नगर से नगर की ओर,
(iv) नगर से गाँव की ओर

Q.20. विश्व जनसंख्या का वितरण असमान हैं, दो उदाहरणों की सहायता से समझाइए ।

उत्तर- विश्व जनसंख्या का वितरण असमान हैं, यथा-

(i) विश्व की जनसंख्या का 90प्रतिशत भाग इसके 10 प्रतिशत स्थल भाग पर निवास करता हैं।

(iii) विश्व के 10 सर्वाधिक आबादी देशों [ चीन, भारत, संयुक्त राज्य अमेरिका, पाकिस्तान, इण्डोनेशिया, ब्राजील, नाइजीरिया, बांग्लादेश, रूस एवं मैक्सिको ] में विश्व की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या निवास करती हैं।

Q.21.थामस मॉल्थस के जनसंख्या वाले क्षेत्र में होते हैं सम्बधी विचार बातइये।

थामस माल्थस ने 1798 जनसंख्या नियन्त्रण सम्बन्धी सिद्धान्त दिया । इस सिध्दान्त के अनुसार -

(i) लोगों की संख्या खाध्य-आपूर्ति की अपेक्षा अधिक तीव्र गति से बढ़ेगी ।
(ii) जनसंख्या में अधिक वृद्धि का परिणाम अकाल, बीमारी तथा युद्ध द्वारा गिरावट होगी।
(iii) भौतिक नियन्त्रण की अपेक्षा नियोजन द्वारा नियन्त्रण अधिक लाभकारी है.
(iv) जनसंख्या वृद्धि रोकने से संसाधनों में सतत पोषणीयता बनी रहेगी।

Q.22. जनसंख्या वृद्धि तथा जनसंख्या वृद्धि दर में अन्तर स्पष्ट कीजिए ?

उत्तर -

| जनसख्या वृद्धि | जनसंख्या वृद्धि दर |
|---|---|
| 1.जनसंख्या वृद्धि कुल संख्या में मापी जाती हैं। | 1.जनसंख्या वृद्धि दर प्रतिशत में मापी जाती है । |
| 2. जनसंख्या वृद्धि किसी देश व प्रदेश के आर्थिक विकास पर प्रभाव डालती हैं। | 2. जनसंख्या वृद्धि दर किसी देश व प्रदेश की जनांकिकीय विशेषताओं पर प्रभाव डालती हैं। |

Q.23. जनसंख्या की धनात्मक वृद्धि व ऋणात्मक वृद्धि में अंतर स्पष्ट करें ।

उत्तर -

| जनसंख्या की धनात्मक वृद्धि | जनसंख्या की ऋणात्मक वृद्धि |
|---|---|
| 1. जब दो समय अन्तरालों के बीच जनसंख्या बढ़ जाती हैं तो उसे जनसंख्या की धनात्मक वृद्धि कहते है। | 1. जब दो समय अन्तरालों के बीच जनसंख्या कम जाती हैं तो उसे जनसंख्या की ऋणात्मक वृद्धि कहते है। |
| 2.इससे संसाधनों का उपभोग बढ जाता है । | 2. इससे संसाधनों की उपभोग दर कम हो जाती है। |
| 3. यह वस्तुतः तब होती हैं। जब जन्म-दर, मृत्यु-दर से अधिक हो जाए, अथवा अन्य देशों से लोग स्थायी रूप से उस देश में प्रवास कर जाएँ। | 3. यह वस्तुतः तब होती हैं। जब जन्म-दर, मृत्यु-दर से कम हो जाए, अथवा उस देश से लोग अन्य देशों में प्रवास कर जाएँ। |

Q.24. उद्गम स्थान तथा गन्तव्य स्थान में अंतर स्पष्ट करें।

उत्तर -

| उद्गम स्थान | |
|---|---|
| 1.जब लोग प्रवास करते हैं तो जिस स्थान से गमन करते हैं, उसे उदगम स्थान कहते हैं। | 1.जब लोग प्रवास करते हैं तो जिस स्थान पर आगमन करते हैं, उसे गन्तव्य स्थान कहते हैं। |

| | |
|---|---|
| **2.उद्गम स्थान में जनसंख्या में कमी होती हैं।** | **2. गन्तव्य स्थान में जनसंख्या में वृद्धि होती हैं।** |

**Q.25. जनसंख्या नियन्त्रण के उपाय बताइये।**

**उत्तर- जनसंस्था नियन्त्रण के उपाय:-**

**1.परिवार नियोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के जन्म को रोकना अथवा दो बच्चों के जन्म में अन्तराल रखना है।**

**2.परिवार नियोजन सुविधाएँ जनसंख्या वृद्धि को सीमित करने और महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर करने में मुख्य भूमिका निभाती हैं।**

**3. प्रचार, गर्भ-निरोधक की सुगम उपलब्धता तथा बड़े परिवारों के लिए कर-निरुत्साहक उपाय कुछ ऐसे प्रावधान हैं, जो कि जनसंख्या नियन्त्रण में सहायक हो सकते हैं।**

प्र.26. विश्व की जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले भौगोलिक कारकों में से किन्हीं दो . कारणों की विवेचना कीजिए।

उत्तर . 1. उच्चावच/भू आकृति – समतल भू आकृति प्रदेशों में अधिक जनसंख्या एवं पर्वतीय तथा उबड़ खाबड़ प्रदेशों में कम जनसंख्या निवास करती है। जैसे गंगा के मैदान में सघन जनसं,ख्या एवं हिमालयी प्रदेशों में विरल जनसंख्या पाई जाती है।

2. जलवायु – अनुकूल जलवायु प्रदेशों में सघन जनसंख्या एवं प्रतिकूल जलवायु प्रदेशों में विरल जनसंख्या पाई जाती है । जैसे शीताष्ण कटिबन्धीय क्षेत्रों में सघन जनसंख्या एवं अति शीत तथा अति उष्ण प्रदेशों में विरल जनसंख्या पाई जाती है।



## Unit-3

## मानव विकास

बहुविकल्पीय प्रश्न (Multiple Choice Questions)

Q.1. निम्नलिखित में से कौनसा विकास का सर्वोतम वर्णन करता हैं?

(क) आकार में वृद्धि (ख) गुण में धनात्मक परिवर्तन

(ग) आकार में स्थिरता (घ) गुण में साधारण परिवर्तन (ग)

Q.2. मानव विकास की अवधारणा निम्नलिखित में से किस विद्वान की देन हैं?

(क) प्रो. अमर्त्य सेन (ख) डॉ. महबूब-उल-हक

(ग) एलेन सी. सेम्पल (घ) रेटजेल (ख)

Q.3. मानव विकास की अवधारणा किसने दी ?

(क) एलेन. सी. सेम्पुल (ख) प्रो. अमर्त्य सेन

(ख) रैटजेल (घ) डॉ. महबूब-उल-हक (घ)

Q.4. मानव विकास सूचकांक में भारत के निम्नलिखित राज्यों में से किस एक की कोटि न्यूनतम हैं?

(क) तमिलनाडु (ख) पंजाब

(ग) छत्तीसगढ़ (घ) हरियाणा (ग)

Q.5. डॉ. महबूब-उल-हक ने किसके साथ मिलकर आरम्भिक 'मानव विकास प्रतिवेदन' निकालने हेतु कार्य किया ?

(क) एलेन. सी. सेम्पल (ख) प्रो.अमर्त्य सेन

(ग) हंटिंगटन (घ) रैटजेल (ख)

Q.6. मानव विकास का प्रमुख घटक हैं?

(क) समता (ख) उत्पादकता

(ग) सतत पोषणीयता (घ) उपरोक्त सभी (घ)

Q.7. मानव विकास सूचकांक किस वर्ष में निर्मित किया गया ?

(क) 1990 (ग) 1975

(स) 1985 (घ) 1970 (क)

Q.8. निम्न में से कौनसा देश मानव विकास सूचकांक में विश्व में प्रथम स्थान पर है?

(क) कनाड़ा (ख) जापान

(ग) नार्वे (घ) चीन (ग)

Q.9. निम्न मानव विकास सूचकांक वाले देशों में सूचकांक का स्कोर है?

(क) 0.6 से नीचे (ख) 0.5 से ऊपर

(स) 0.549 से नीचे (घ) 0.7 से नीचे (ख)

Q.10. निम्न में से कौनसा देश हैं, जिसने सकल राष्ट्रीय प्रसन्नता को देश की प्रगति का आधिकारक माप घोषित किया है।

(क) श्रीलका (ख) ब्राजील

(ग) टोबैगो (घ) भूटान (घ)

Q.11. भारत में निम्न में कौनसे राज्य में मानव विकास सूचकांक उच्च हैं?

(क) पंजाब (ग) हरियाणा

(ग) केरल (घ) गुजरात (ग)

Q.12. अति उच्च मानव विकास सूचकांक वाले देशों में सूचकांक का स्कोर होता हैं?

(क) 0.800 से ऊपर (ख) 0-700 से 0.799 के बीच,

(ग) 0.550 से 0.699 के बीच (घ) 0.549 से नीचे (क)

Q.13. मानव विकास का उपागम है।

(क) आय उपागम (ख) दक्षमता उपागम

(ग) कल्याण उपागम (घ) उपरोक्त सभी (घ)

Q.14. डॉ. महबूब-उलहक निम्न में से किस देश के निवासी थे।

(क) भारत (ख) पाकिस्तान

(ग) अमेरिका (घ) नेपाल (ख)

Q.15. उच्च मानव विकास सूचकांक वाले देशों में मानव विकास सूचकांक का स्कोर होता हैं?

(क) 0.800 से ऊपर के बीच (ख) 0.550 से 0.699 के बीच

(ग) 0.700 से 0.799 (घ) 0.549 से नीचे (ग)

Q.16. मानव विकास प्रतिवेदन 2020 के अनुसार अति उच्च मानव विकास सूचकांक व वाले देशों की संख्या है?

(क) 66 (ख) 53

(ग) 77 (घ) 37 (क)

Q.17. मानव विकास प्रतिवेदन 2020 के अनुसार भारत का स्थान हैं?

(क) 126 वाँ (ख) 128 वाँ

(ग) 131 वाँ (घ) 195 वाँ (ग)

Q.18.वृद्धि और ......... दोनों समय के सन्दर्भ में परिवर्तन को इंगित किया करते है ।(विकास/सूचकांक)

Q.19. मानव विकास की अवधारणा का प्रतिपादन........ के द्वारा किया जाता हैं।(डॉ.महबूब-उल-हक/रेटजेल)

Q.20. मानव विकास के चार उपागमों के नाम बताइये ?

उत्तर- (i) आय उपागम

(ii) क्षमता उपागम

(iii) कल्याण उपागम

(iv) आधारभूत आवश्यकता उपागम

Q.21.मानव विकास सूचकांक में भारत का विश्व में कौनसा स्थान हैं?

उत्तर- 2020 में मानव विकास सूचकांक में भारत का विश्व में 131 वाँ स्थान था।

Q.22. मानव विकास के दो उपागम बताइए?

उत्तर-(i) आय उपागम : यह सबसे पुराना उपागम हैं इनमें मानव विकास को के साथ जोड़कर देखा जाता है यदि किसी व्यक्ति की आय का स्तर उच्च हैं तो उसके मानव विकास का स्तर भी उच्च होगा।

**(ii) कल्याण उपागम : यह उपागम मानव को लाभार्थी अथवा - सभी विकासात्मक गतिविधियों के लक्ष्य के रूप में देखता हैं । यह उपागम शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और साधनों पर उच्चतर सरकारी व्यय व्यय का तर्क देता हैं।**

**Q.35. मानव विकास की आधारभूत आवश्यकता उपागम को समझाइए ।**

**उत्तर- आधारभूत आवश्यकता उपागम:-**

**"मानव विकास के मापन के इस उपागम को मूल रूप से अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने प्रस्तावित किया था । इसमें छः न्यूनतम आवश्यकताओं जैसे - स्वास्थ्य, शिक्षा ,भोजन, जलापूर्ति और स्वच्छता की पहचान की गई थी ।**

**Q.36. विकास से क्या आशय है, इसके तीन मूल बिन्दु बताइए।**

**उत्तर-विकास का अर्थ गुणात्मक परिवर्तन एवं मूल्य सापेक्ष से है,विकास उस समय होता हैं, जब वृद्धि में सकारात्मक परिवर्तन होता है'**

**इसके तीन मूल बिन्दु निम्न प्रकार से हैं- (i) लोगों के जीवन की गुणवता**
**(ii) अवसरों की पहुंच**
**(iii) लोगों की स्वतन्त्रता**

**Q.37. वृद्धि और विकास में क्या अन्तर है।**

**उत्तर-**

| **वृद्धि** | **विकास** |
|---|---|
| **वृद्धि धनात्मक व ऋणात्मक दोनों प्रकार की होती हैं।** | **विकास के अन्तर्गत गुणात्मक व सकारात्मक परिवर्तन में होता है।** |
| **वृद्धि मात्रात्मक और मूल्य निरपेक्ष होती हैं।** | **विकास गुणात्मक और मूल्य सापेक्ष होता है।** |
| **वृद्धि मे धनात्मक परिवर्तन हो, यह आवश्यक नहीं हैं।** | **विकास उस समय तक नहीं हो सकता, जब तक कि वर्तमान दशाओं में सकारात्मक या धनात्मक परिवर्तन न हों।** |

**Q.38. मानव विकास प्रतिवेदन को स्पष्ट कीजिए ।**

**उत्तर- सन् 1990 से प्रतिवर्ष संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) मानव विकास प्रतिवेदन प्रकाशित कर रहा है। यह प्रतिवेदन मानव विकास स्तर के अनुसार सभी सदस्य देशों की कोटि क्रमानुसार सूची उपलब्ध करवाता हैं। मानव विकास सूचकांक और गरीबी, सूचकांक यू.एन. डी. पी द्वारा प्रयुक्त मानव विकास मापन के दो महत्वपूर्ण सूचकांक हैं।**

## इकाई - 3

## प्राथमिक क्रियाएँ

1.निम्न में से कौनसी रोपण फसल नहीं है –
(अ) कॉफी (ब) गन्ना (स) रबड़ (द) गेंहू (द)

2.निम्न देशों में से किस देश में सहकारी कृषि का सफल परीक्षण किया गया है।
(अ) रूस (ब) डेनमार्क (स) भारत (द) नीदरलैंड (ब)

3.फल प्रसंस्करण एवं मिष्ठान्न है।
(अ)खनिज आधारित (ब)भोजन प्रसंस्करण (स)रसायन आधारित (द)पशु आधारित (ब)

4.निम्नलिखित में से कौनसाा एक तृतीयक क्रियाकलाप है–
(अ) कृषि (ब) व्यापार (स) आखेट़ (द) शोध (ब)

5.निम्न में से कौनसा पंचम क्रियाकलाप है–
(अ) कृषि (ब) बीमा (स) विशेषज्ञ (द) शोध (स)
6.वोल्गा जलमार्ग स्थित है–
(अ) भारत (ब) रूस (स) अमेरिका (द) चीन (ब)
7.वे एकत्रण केन्द्र जहां विभिन्न देशों से निर्यात के लिए वस्तुएं लाई जाती है, कहलाते है–
(अ) पैकेट पत्तन (ब) मार्ग पत्तन (स) आंत्रपो पत्तन (द) तेल पत्तन (स)
8.विश्व का सबसे व्यस्ततम समुद्री जल मार्ग कौनसा है।
(अ)उत्तरी अटलांटिक महासागरीय मार्ग (ब) दक्षिणी अटलांटिक महासागरीय मार्ग
(स) प्रशान्त महासागरीय मार्ग (द) हिन्द महासागरीय मार्ग (अ)

**अतिलघुतरात्मक प्रश्न**

Q.1. आर्थिक क्रिया किसे कहते हैं?

उत्तर- मानव के क्रियाकलाप जिनसे आय की प्राप्ति होती है, आर्थिक क्रिया कहलाती है।

Q 2. प्रमुख प्राथमिक क्रियाओं के नाम लिखिए।

उत्तर - आखेट, भोजन संग्रह, पशुचारण, मछली पकड़ना, वनों से लकडी काटना, कृषि तथा खनन

Q 3 उन दो क्रियाओं के नाम बताइए, जिन पर आदिमकालीन मानव अपने जीवन निर्वाह के लिए निर्भर रहते थे?

उत्तर- आखेट एवं भोजन संग्रह।

Q 4. विश्व के किन दो क्षेत्रों में भोजन संग्रहण किया जाता है, नाम लिखिए।

उत्तर- 1. उच्च अक्षांशीय क्षेत्र में उत्तरी कनाडा, उत्तरी यूरेशिया तथा दक्षिणी चिली है।
2. निम्न अक्षांशीय क्षेत्र में दक्षिणी अमेरिका का अमेजन बेसिन, उष्ण कटिबंधीय अफ्रीका तथा दक्षिणी-पूर्वी एशिया का आंतरिक प्रदेश।

Q 5. चुविंगम को चूसने के बाद शेष बचे भाग को क्या कहते हैं।

उत्तर- चुविंगम को चूसने के बाद शेष बचे भाग को चिकल कहते हैं। । यह जेपोटा वृक्ष के दूध से बनता है।

Q 6. चलवासी पशुचारकों की संख्या घटने के दो कारण लिखिए।

उत्तर- 1. राजनीतिक सीमाओं का अधिरोपण। 2. कई देशों द्वारा नई बस्तियों की योजना बनाना।

Q 7. ब्राजील के कॉफी के बागानों को क्या कहा जाता है?

उत्तर- फेजेण्डा।

Q 8. कृषि का अर्थ लिखिए।

उत्तर- खेतों को जोतना, फसलें उगाना और पशुओं के पालन-पोषण की क्रिया कृषि कहलाती है।

Q 9. ट्यूलिप नामक पुष्प की खेती में कौनसा देश विशिष्ट स्थान रखता है।

उत्तर- नीदरलैंड यह यूरोप महाद्वीप मे है ।

Q 10. मिश्रित कृषि की सर्वप्रमुख विशेषता क्या है?

उत्तर- इसमें फसल उत्पादन एवं पशुपालन दोनों को समान महत्व दिया जाता है।

Q 11. किस प्रकार की कृषि को सोवियत संघ में कोलखहोज का नाम दिया गया था?

उत्तर- सामूहिक कृषि को।

Q 12. सामूहिक कृषि का आधाभूत सिद्धांत क्या है?

उत्तर- इसमें उत्पादन के साधनों का स्वामित्व संपूर्ण समाज एवं सामूहिक श्रम पर आधारित होता है, सामूहिक लाभ के लिए यह कृषि की जाती है ।

Q.13. विकसित अर्थव्यवस्था वाले देश उत्पादन की खनन, प्रसंस्करण एवं शोधन कार्य से पीछे क्यों हट रहे है?

उत्तर- क्योंकि इसमें श्रमिक लागत अधिक आने लगी है तथा विकसित अर्थव्यवस्था वाले देश सेवा आधारित व्यवसायों को बढ़ा रहे है।

Q.14. विकासशील देश खनन कार्य को क्यों महत्त्व दे रहे हैं?

उत्तर- विकासशील देश अपने विशाल श्रमिक शक्ति के बल पर अपने देशवासियों के रहन-सहन को बनाए रखने के लिए खनन कार्य को महत्त्व दे रहे हैं।

Q.15. डेरी कृषि का कार्य नगरीय एवं औद्योगिक केन्द्रों के समीप क्यों किया जाता।

उत्तर- क्योंकि ये क्षेत्र ताजा दूध एवं अन्य डेरी उत्पाद के अच्छे बाजार होते है। जिनके उत्पादन नगरीय एवं औद्योगिक केन्द्रों तक पँहुचते है ।

Q.16.बाजारीय सब्जी कृषि नगरीय क्षेत्रों के समीप ही क्यों की जाती है?

उत्तर- बाजारीय सब्जी कृषि की माँग नगरीय क्षेत्रों में अधिक होती है और ताजा वस्तु की माँग को पूरा करने के लिए ऐसी कृषि नगरीय क्षेत्रों के समीप ही की होती है ।

**लघुतरात्मक प्रश्न**

Q.18. वाणिज्य डेयरी कृषि के तीन प्रमुख क्षेत्र लिखिए।

उत्तर- 1. सबसे बड़ा प्रदेश उत्तरी-पश्चिमी यूरोप का क्षेत्र है।

2. दूसरा क्षेत्र- कनाडा।

3. तीसरा क्षेत्र न्यूजीलैंड, दक्षिणी-पूर्वी ऑस्ट्रेलिया एवं तस्मानिया द्वीप है।

Q.20. उष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में स्थानांतरिक कृषि को किन नामों से जाना जाता है?

उत्तर- भारत के उत्तरी-पूर्वी राज्यों में इसे झूमिंग, मध्य अमेरिका व मैक्सिको में मिल्पा एवं मलेशिया व इंडोनेशिया में लादांग कहा जाता है।

Q.21. स्थानांतरित कृषि का भविष्य अच्छा नहीं है। विवेचना कीजिए।

उत्तर- स्थानांतरित कृषि में वनों को जलाकर कृषि भूमि तैयार की जाती है कुछ समय पच्यात इस क्षेत्र में भूमि की उर्वरता कम होती जाती है जिससे झूम का चक्र (आग लगाकर कृषि क्षेत्र तैयार करना) छोटा होता जाता है। वनों का विनाश अधिक होने के कारण इस कृषि को पर्यावरण के अनुकूल नहीं माना जाता है, इसलिए इस कृषि का भविष्य अच्छा नहीं है।

Q.22. ट्रक कृषि से आप क्या समझते हैं?

उत्तर- नगरीय क्षेत्र के चारों ओर सब्जियों का उगाना ट्रक कृषि कहलाता है। यह बाजार और फार्म के बीच एक ट्रक द्वारा एक रात में तय की गई दूरी द्वारा नियंत्रित होता है।

Q.23. कारखाना कृषि को समझाइए।

उत्तर- **कारखाना कृषि-** पश्चिमी यूरोप एवं उत्तरी अमेरिका के औद्योगिक क्षेत्रों में उद्यान कृषि के अलावा कारखाना कृषि भी की जाती है। यह एक प्रकार की व्यापारिक कृषि है।

1. इसमें पशुधन पाला जाता है जिनमें विशेषकर गाय-बैल एवं मुर्गी पालन होते हैं।
2. इन्हें बाड़े में रखा जाता है और कारखानों में बने भोजन को खिलाया जाता है।
3. इनको बीमारियों से बचाने पर विशेष ध्यान रखा जाता है।
4. इसमें भवन निर्माण, कई कामों के लिए मशीनें, प्रकाश एवं ताप की व्यवस्था करने एवं पशु चिकित्सा सुविधाओं के लिए बहुत अधिक धन की आवश्यकता होती है।

5. अच्छी नस्ल का चुनाव और प्रजनन की वैज्ञानिक विधियाँ, मुर्गीपालन एवं पशुपालन के मह हैं।

Q.24. रोपण कृषि की मुख्य विशेषताएँ व क्षेत्र लिखिए।

उत्तर- **रोपण कृषि** की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित हैं-

1. इसमें कृषि क्षेत्र का आकार बहुत बड़ा होता है।
2. इसमें अधिक पूँजी निवेश, उच्च प्रबन्धन व तकनीकी आधार एवं वैज्ञानिक विधियों का प्रयोग किया जाता है।
3. यह एक फसली कृषि हैं, जिसमें किसी एक फसल के उत्पादन पर ही ध्यान दिया जाता है।
4. यहाँ श्रमिक सस्ते मिल जाते हैं।
5.विकसित यातायात के कारण फैक्ट्री और बाजार आसानी से जड़े रहते हैं।
6. अनुकूल भौगोलिक दशाओं के कारण ढालों का । उपयोग चायन बागानों हेतु किया जाता है।
7. विश्व के विभिन्न देशों में कई रोपण फसलें उगाई जाती है। जैसे- 1. भारत व श्रीलंका में चाय, 2. मलेशिया में रबर, 3. ब्राजील में गन्ना, 6. इंडोनेशिया में गन्ना। कॉफी, 4. पश्चिमी द्वीप समूह में गन्ना व केले, 5. फिलीपींस में नारियल व

Q.25.गहन निर्वाह कृषि की विस्तृत विवेचना कीजिए।

उत्तर**- गहन निर्वाह कृषि-**

1. इस प्रकार की कृषि मानसून एशिया के उन क्षेत्रों में की जाती है, जहाँ जनसंख्या अधिक होती है और खेतों का आकार छोटा होता है
2.इसमें खाद्यान्न फसलों को स्थानीय उपयोग के लिए ही उगाया जाता है।
3. इस कृषि कार्य में किसान का सम्पूर्ण परिवार लगा रहता है।
4. इस कृषि में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए भूमि का गहन उपयोग होता है।
5. इसमें मशीनों का उपयोग कम होता है और ज्यादा कार्य मानव श्रम से करवाया जाता है।
6 भूमि के उपजाऊपन को बनाये रखने के लिए गोबर की खाद और हरी खाद का उपयोग किया जाता है।
7 इस कृषि में प्रति इकाई हैक्टेयर उत्पादन अधिक होता है जबकि प्रति व्यक्ति उत्पादन कम होता है।
8. इस कृषि में पूँजी लागत कम होती है।

गहन कृषि के भी दो प्रकार हैं-

**(1) चावल प्रधान गहन निर्वाह कृषि-** प्रमुख फसल चावल ।

इसके लिए अधिक पानी की आवश्यकता होती है, इसलिए जहाँ अधिक वर्षा और सिंचाई की सुविधा होती है वहाँ चावल की खेती की जाती है।

क्षेत्र- 1. मानसून एशिया के समुद्र तटीय क्षेत्र में।
2. भारत में पश्चिमी बंगाल, उड़ीसा के तटीय क्षेत्रों में।

**(2) चावल रहित गहन निर्वाह कृषि-**

प्रमुख फसलें- गेहूं, जौ, ज्वार, बाजरा, सोयाबीन, चारा।

कम पानी और सिंचाई की कम सुविधा वाले क्षेत्रों, में इस प्रकार की कृषि की जाती है। क्योंकि मानसून एशिया के अनेक भागों में भौगोलिक कारकों की भिन्नता के कारण चावल की फसल उगाना संभव नहीं है।

क्षेत्र- 1. उत्तरी चीन, मंचूरिया, उत्तरी कोरिया, उत्तरी जापान गेहूँ, जौ, सोयाबीन, चारा।

2. भारत के (सिन्धु-गंगा मैदान के पश्चिमी भाग) गेहूँ, जो, गन्ना ।

3. भारत (दक्षिणी व पश्चिमी शुष्क प्रदेश) ज्वार, बाजरा, कपास।

Q.26 .विस्तृत वाणिज्य अनाज कृषि के क्षेत्र, उपजें तथा प्रक्रिया को समझाइए।

उत्तर- क्षेत्र यह कृषि अधिकतर मध्य अक्षांशों के आन्तरिक अर्द्ध शुष्क प्रदेशों में घास के मैदानों में की जाती है। यहाँ कृषि योग्य विस्तृत क्षेत्र पाये जाते हैं। जिन्हें अलग-अलग क्षेत्रों में कई नामों से जाना जाता है। यूरेशिया में स्टेपीज, उत्तरी अमरीका में प्रेयरीज, अर्जेन्टाइना में पम्पाज, ऑस्ट्रेलिया में डाउन्स दक्षिण अफ्रीका में वेल्डस, तथा न्यूजीलैंड में केंटरबरी।

उपजें (फसलें)-

1. मुख्य फसल - गेहूँ। अन्य फसलें मक्का, जौ, राई, जई।
2. इसमें उर्वरकों का उपयोग कम होता है।
3. एक ही फसल की प्रधानता होने के कारण फसल का परिवर्तन नहीं किया जाता है। Siddhi
4. सिंचाई भी सामान्यतया नहीं की वर्षा के भरोसे ही पैदा की जाती है।

प्रक्रिया-

1. इस कृषि में खेतों का आकार बहुत बड़ा होता है।
2. खेत जोतने से फसल काटने तक सभी कार्य मशीनों द्वारा किये जाते हैं।
3. इसमें प्रति हैक्टेयर उत्पादन कम होता है।
4. लेकिन प्रति व्यक्ति उत्पादन अधिक होता है।
5. यहाँ कृषि उत्पादों को भण्डार करके रखा जाता है तथा अधिक माँग होने पर बेचा जाता है।

## द्वितीयक क्रियाएं

**महत्वपूर्ण प्रश्न**

Q.1. विनिर्माण से क्या आशय है?

उत्तर - विनिर्माण से आशय मशीनों द्वारा वस्तु का उत्पादन है।

Q.2. पशुओं से प्राप्त दो प्रमुख कच्चे माल के नाम लिखिए।

उत्तर- चमड़ा एवं ऊन।

Q.3. आधारभूत उद्योग किसे कहते हैं?

उत्तर- वे उद्योग जिनके उत्पाद को अन्य वस्तुएं बनाने के उन्हें आधारभूत उद्योग कहते हैं।

Q.4. लौह-इस्पात उद्योग को आधारभूत क्यों कहा जाता है?

उत्तर- लौह-इस्पात उद्योग को आधारभूत उद्योग कहा जाता है, क्योंकि यह अन्य उद्योगों के लिए कच्चा माल प्रदान करता है। जैसे- मशीन और औजार । Sider

Q.5. कृषि आधारित उद्योगों का नाम लिखिए ?

उत्तर- सूती कपड़ा उद्योग, चीनी उधोग तथा रबर उधोग।

Q.6. प्रौद्योगिक ध्रुव किसे कहते हैं? प्रौद्योगिक ध्रुव के दो उदाहरण लिखिए।

उत्तर- वे उच्च प्रौद्योगिकी उद्योग जो प्रादेशिक संकेंद्रित हैं, आत्मनिर्भर एवं उच्च विशिष्टता लिए होते हैं, उन्हें प्रौद्योगिकी ध्रुव कहा जाता है। उदाहरण- 1. सेन फ्रांसिस्को के समीप सिलीकन घाटी, 2. सियटल के समीप सिलीकन वन, 3. भारत में बैंगलुरू।

Q.7. लाभ समूहन अर्थव्यवस्था क्या है? यह विनिर्माण उद्योग की अवस्थिति को किस प्रकार प्रभावित करती है?

उत्तर- मुख्य उद्योगों के सपीप स्थित होने से अन्य छोटे उद्योगों को लाभ प्राप्त होता है, जिससे इनके मध्य जाती है। औद्योगिक श्रृंखला विकसित होने से दोनों उद्योगों के बचत एवं लाभों में वृद्धि होती है, जिसे लाभ समूहन अर्थव्यवस्था कहा जाता है। इस अर्थव्यवस्था में प्रधान उद्योगों के साथ सहयोगी उद्योगों का भी विकास होता है तथा दोनों उद्योग पूरक के रूप में काम करके क्षेत्र का विकास करते हैं।

Q.8. कुटीर एवं लघु उद्योगों में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

उत्तर- कुटीर एवं लघु उद्योगों में अन्तर

कुटीर उद्योग

1. कुटीर उद्योग में एक हस्तकार अपने परिवार के सहयोग से अपनी दक्षता के आधार पर घर में ही वस्तुओं का निर्माण करता है।

2.लघु उद्योग में एक हस्तकार छोटी-छोटी मशीनों की सहायता से उत्पादन करता है।

3.इस उद्योग में निर्मित उत्पाद बाजार में व्यापारियों के द्वारा बेचे जाते हैं।

4.इन उद्योगों में बाहर से कच्चा माल मंगवाकर बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जाता है।

लघु उद्योग

1.विकासशील देशों में खिलौने, बर्तन बनाना, चमड़े का सामान बनाना आदि लघु उद्योग हैं।

2. ये उद्योग स्थानीय मांग को पूरा करते हैं।

3. इन उद्योगों में स्थानीय कच्चे माल का प्रयोग करके छोटे स्तर पर उत्पादन किया जाता है।

4. ग्रामीण क्षेत्रों में रस्सी बुनना, सूत कातना, चटाई बनाना आदि कुटीर उद्योग हैं।

Q.9. स्वामित्व के आधार पर उद्योगों को वर्गीकृत कीजिए।

उत्तर- स्वामित्य के आधार पर उद्योगों को 1. सार्वजनिक क्षेत्र 2. निजी क्षेत्र 3. संयुक्त क्षेत्र में वर्गीकृत किया जा सकता है।

सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग सरकार द्वारा संचालित होते हैं जबकि निजी क्षेत्र के उद्योग किसी निजी व्यक्ति या निजी संगठन द्वारा संचालित होते हैं। संयुक्त क्षेत्र व सरकारी क्षेत्र की कंपनी मिलकर संचालित करती है। भारत जैसे मिश्रित अर्थव्यवस्था वाले देश में सार्वजनिक व निजी दोनों प्रकार के उद्योग पाए जाते हैं।

Q.10. स्वछन्द (स्वतंत्र) उद्योग की प्रमुख विशेषताएं लिखिए।

उत्तर- स्वच्छंद उद्योगों की विशेषताएं-

1. ये किसी विशेष कच्चे माल पर निर्भर नहीं रहते हैं।
2. ये उद्योग संघटक पुर्जों पर निर्भर रहते हैं जो कहीं से भी प्राप्त किए जा सकते हैं।
3. इसमें उत्पादन कम मात्रा में होता है।
4. इसमें श्रमिकों की भी कम आवश्यकता होती है।
5. ये उद्योग प्रदूषण नहीं फैलाते हैं।

6. इनकी स्थापना में महत्त्वपूर्ण कारक सड़कों के जाल द्वारा पहुँच होती है।

Q.11. आधुनिक बड़े पैमाने पर होने वाले विनिर्माण की कोई चार विशेषताएं लिखिए।

उत्तर- आधुनिक बड़े पैमाने पर होने वाले विनिर्माण की विशेषताएँ-

**(1) कौशल का विशिष्टीकरण (उत्पादन की विधियाँ)-** बड़े पैमाने के उद्योगों में एक ही प्रकार की वस्तुओं का उत्पादन बड़े स्तर पर किया जाता है, जिससे लागत कम आती है और सस्ता पड़ता है। जबकि छोटे पैमाने के उद्योगों में ऑर्डर मिलने पर ही वस्तुएं बनाई जाती हैं, जिससे लागत अधिक आती है और महंगा पड़ता है।

**(2) यंत्रीकरण-** बड़े पैमाने पर किसी काम को पूरा करने के लिए मशीनों का प्रयोग किया जाता है, जिसे यंत्रीकरण कहते हैं। आजकल यह कार्य स्वचालित मशीनों से किया जाता है, जिसे कम्प्यूटर द्वारा बंद लूप सिस्टम (सेंसर) की सहायता से नियंत्रित किया जाता है।

**(3) प्रौद्योगिकीय नवाचार-** आज के वैज्ञानिक युग में शोध एवं अनुसंधानों के कारण विनिर्माण के क्षेत्र में लगातार नये परिवर्तन किए जाते हैं। विनिर्माण की गुणवत्ता को नियंत्रित करने, अपशिष्टों को हटाने एवं अदक्षता को समाप्त करने तथा प्रदूषण का मुकाबला करने के लिए नई तकनीकों का प्रयोग आवश्यक हो जाता है।

**(4) संगठनात्मक ढाँचा एवं स्तरीकरण-** आधुनिक बड़े पैमाने पर विनिर्माण के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए कुशल संगठन का निर्माण करना आवश्यक है। क्योंकि इसमें अधिक पूंजी का निवेश होता है। संगठन का निर्माण विशिष्टीकरण एवं श्रम विभाजन के आधार पर किया जाता है। इससे कम प्रयास व कम लागत से अधिक माल का उत्पादन होता है। एक बड़ा संगठन प्रत्येक व्यक्ति के लिए निश्चित कार्य स्थान व साधनों की व्यवस्था करता है।

Q.12. आकार के आधार पर विनिर्माण उद्योगों को वर्गीकृत कीजिए।

उत्तर- आकार पर आधारित उद्योग- किसी उद्योग का आकार उसमें लगी पूंजी, काम करने वाले श्रमिकों की संख्या एवं उत्पादन की मात्रा पर निर्भर करता है। इस आधार पर इसके निम्न तीन प्रकार है

**(1) घरेलू या कुटीर उद्योग-**

1. यह निर्माण की सबसे छोटी इकाई है।

2. परिवार के सभी सदस्य मिलकर अपने दैनिक जीवन की वस्तुएं बनाते हैं।

3. साधारण औज़ारों द्वारा तैयार माल का या तो वे स्वयं उपभोग करते है या इसे स्थानीय गाँव के बाजार में विक्रय कर देते हैं। कभी ये अपने उत्पादों की अदला-बदली भी करते हैं।

4. पूँजी, मशीन एवं परिवहन इन उद्योगों को अधिक प्रभावित नहीं करते हैं क्योंकि इनके द्वारा निर्मित वस्तुओं का व्यापारिक महत्त्व कम होता है एवं अधिकतर उपकरण स्थानीय लोगों द्वारा निर्मित होते हैं।

5. इस उद्योग की प्रमुख क्रियाएं खाद्य पदार्थ, कपड़ा, चटाइयाँ, बर्तन, औजार, फर्नीचर, जूते, खिलौने, रस्सी, आभूषण, मिट्टी के बर्तन एवं मूर्तियाँ बनाना हैं।

**(2) छोटे पैमाने के उद्योग-**

1. इसकी उत्पादन तकनीक एवं निर्माण स्थल (घर से बाहर कारखाना) दोनों कुटीर उद्योग से भिन्न होते हैं।

2. इसमें अर्द्धकुशल श्रमिक व शक्ति के साधनों से चलने वाले यंत्रों का प्रयोग किया जाता है।

3. रोजगार के अवसर इस उद्योग में अधिक होते हैं जिससे स्थानीय निवासियों की क्रय शक्ति बढ़ती है।

4. भारत, पाकिस्तान, चीन, इंडोनेशिया एवं ब्राजील जैसे विकासशील क्षेत्रों में वहाँ की सरकारें अपनी जनसंख्या को को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए इस प्रकार के छोटे पैमाने के उद्योगों को बढावा देती है।

**(3) बड़े पैमाने के उद्योग-**

1. बड़े पैमाने के उद्योग के लिए विशाल बाजार, विभिन्न प्रकार का कच्चा माल, शक्ति के साधन कुशल श्रमिक, विकसित प्रौद्योगिकी, अधिक उत्पादन एवं अधिक पूँजी की आवश्यकता होती है।

2. पहले यह उद्योग ग्रेट ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमेरिका के पूर्वी भाग एवं यूरोप में लगाए गए थे परंतु वर्तमान में इसका विस्तार विश्व के सभी भागों में हो गया है।

3. विश्व के प्रमुख औद्योगिक प्रदेशों को उनके बड़े पैमाने पर किए गए निर्माण के आधार पर दो बड़े समूहों में बाँटा जा सकता है-

(1) परंपरागत बड़े औद्योगिक प्रदेश विकसित देशों में इसका विस्तार अधिक है। जैसे- इस्पात उद्योग, सूती वस्त्र उद्योग, रसायन उद्योग, मोटरगाड़ी उद्योग, चीनी उद्योग, तेलशोधन उद्योग।

(2) उच्च प्रौद्योगिकी वाले बड़े औद्योगिक प्रदेश विकसित देशों में इसका विस्तार कम है।

Q.13. उद्योगों की स्थिति को प्रभावित करने वाले किन्हीं चार कारकों को समझाइए।

उत्तर- उद्योगों की स्थिति को प्रभावित करने वाले चार कारक-

**1. कच्चा माल-** उद्योग के लिए कच्चा माल अपेक्षाकृत सस्ता एवं सरलता से प्राप्त होना चाहिए। भारी बजन, सस्ते मूल्य एवं वजन घटाने वाले पदार्थों पर आधारित उद्योग कच्चे माल के प्राप्ति स्थान के समीप ही स्थापित किए जाते हैं। जैसे- लौह-इस्पात, चीनी एवं सीमेंट उद्योग।

**2. शक्ति के साधन-** वे उद्योग जिनमें अधिक शक्ति की आवश्यकता होती है, वे ऊर्जा के स्रोतों के समीप लगाए जाते हैं। जैसे- एल्युमीनियम उद्योग।

**3. बाजार-** उद्योगों की स्थापना में सबसे प्रमुख कारक उसके द्वारा उत्पादित त्पादित माल माल के के लिए बाजार का उपलब्ध होना जरूरी है। बाजार से तात्पर्य उस क्षेत्र में तैयार वस्तुओं की माँग एवं वहाँ के निवासियों की खरीदने की क्षमता है। जैसे भारी मशीन, मशीन के औजार, भारी रसायनों की स्थापना उच्च माँग वाले क्षेत्रों के निकट की जाती है।

**4. कुशल श्रमिक-** किसी भी उद्योग में श्रमिकों की भी भी महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। बढ़ते यंत्रीकरण और स्वचालन ने उद्योगों में श्रमिकों पर निर्भरता को कम किया है, फिर भी उद्योगों में अब भी कुशल श्रमिकों की आवश्यकता होती है।

**5. परिवहन एवं संचार-** कच्चे माल को कारखाने तक लाने के लिए और तैयार माल को बाज़ार तक पहुँचने के लिए विकसित परिवहन सुविधाएँ औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक है। पश्चिमी यूरोप एवं उत्तरी अमेरिका के पूर्वी भागों में अत्यधिक परिवहन तंत्र विकसित होने के कारण सदैव इन क्षेत्रों में उद्योगों का संकेंद्रण हुआ है। । उद्योगों। उद्योगों हेतु सूचनाओं के आदान-प्रदान एवं प्रबंधन के लिए संचार की भी महत्त्वपूर्ण आवश्यकता होती है।

**6. सरकारी नीति -** उद्योगों की स्थापना पर सरकारी नीति का प्रभाव प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों रूपों में पाया जाता है। संतुलित आर्थिक विकास हेतु सरकार प्रादेशिक नीति अपनाती है जिसके

अंतर्गत विशिष्ट क्षेत्रों में कर में छूट देकर उद्योगों की स्थापना की जाती है। सरकार किसी क्षेत्र में उद्योगों के केंद्रीकरण को रोकने के लिए कर में वृद्धि करके उसे हतोत्साहित भी करती है।

Q.14. कच्चे माल पर आधारित उद्योगों को वर्गीकृत कीजिए।

उत्तर- कच्चे माल पर आधारित उद्योग - 5 प्रकार के होते है

**(क) कृषि आधारित-**

1. खेतों से प्राप्त उपज का प्रयोग कच्चे माल के रूप में।
2. तैयार माल को ग्रामीण एवं नगरीय बाजारों में बेचा जाता है।
3. प्रमुख कृषि आधारित उद्योग भोजन प्रसंस्करण उद्योग, शक्कर, अचार, फलों के रस, पेय पदार्थ (चाय,कॉफी, कोकोआ), मसाले, तेल एवं वस्त्र (सूती, रेशमी, जूट) तथा रबड़ उद्योग आते हैं।
4. भोजन प्रसंस्करण में खाने में मलाई (क्रीम) का उत्पादन, डिब्बा भोजन, फलों से भोजन तैयार करना एवं मिठाइयाँ सम्मिलित की जाती हैं।
5. खाने की चीजों को सुरक्षित रखने की कई विधियाँ काम में ली जाती हैं। जैसे उनको सुखाकर, किण्वन कर या अचार के रूप में तेल या सिरका आदि डालकर ।

**(ख) खनिज आधारित उद्योग-**

1. इन उद्योगों में खनिजों को कच्चे माल के रूप में उपयोग किया जाता है।
2. कुछ उद्योग लौह अंश वाले धात्विक खनिजों का उपयोग करते हैं जैसे कि लौह इस्पात उद्योग
3. जबकि कुछ उद्योग अलौह धात्विक खनिजों का उपयोग करते हैं जैसे एल्युमिनियम, ताँबा एवं ज्वैलरी (सोना-चाँदी) उद्योग।
4. सीमेंट, मिट्टी के बर्तन आदि उद्योगों में अधात्विक खनिजों का प्रयोग होता है

**(ग) रसायन आधारित उद्योग-**

1. इस प्रकार के उद्योगों में प्राकृतिक रूप रूप में पाए जाने वाले रासायनिक का उपयोग होता है।
2. पेट्रो रसायन उद्योग में खनिज तेल (पेट्रोलियम) का उपयोग होता है।
3. नमक, गंधक एवं पोटाश उद्योगों में भी प्राकृतिक खनिजों को काम में लेते हैं।
4. कुछ रसायनिक उद्योग लकड़ी एवं कोयले से प्राप्त कच्चे कच्चे माल पर भी निर्भर हैं।
5. रसायन उद्योग के अन्य उदाहरण कृत्रिम रेशे बनाना, प्लास्टिक निर्माण इत्यादि है।

**(घ) वनों पर आधारित उद्योग-**

1. वनों से प्राप्त उपज कच्चे माल के रूप रूप में इन उद्योगों में प्रयुक्त होती है।
2. फर्नीचर उद्योग के लिए इमारती लकड़ी, कागज उद्योग के लिए लकड़ी, बाँस एवं घास तथा लाख उद्योग के लिए लाख वनों से ही प्राप्त होती है।

**(ङ) पशु आधारित उद्योग-**

1. चमड़ा एवं ऊन पशुओं से प्राप्त प्रमुख कच्चा माल है।
2. चमड़ा उद्योग के लिए चमड़ा एवं ऊनी वस्त्र उद्योग के लिए ऊन पशुओं से ही प्राप्त की जाती है। हाथीदाँत उद्योग के लिए दाँत भी हाथी से मिलता है।

Q.15. अधिकतर देशों में उच्च प्रौद्योगिकी उद्योग प्रमुख महानगरों के परिधि क्षेत्रों में ही क्यों विकसित हो रहे हैं? व्याख्या कीजिए।

उत्तर- विश्व के अधिकांश देशों में उच्च प्रौद्योगिकी उद्योग प्रमुख महानगरों के परिधि क्षेत्रों में ही विकसित होने के निम्न कारण हैं-

1. इन क्षेत्रों में भविष्य में कारखानों के विस्तार के लिए भूमि की पर्याप्त उपलब्धता रहती है।
2. इन क्षेत्रों में सस्ते मूल्यों पर भूमि उपलब्ध हो जाती है।
3. इन क्षेत्रों में यातायात परिवहन का पर्याप्त विकास मिलता है।
4. इन क्षेत्रों में ग्रामीण बस्तियों से पर्याप्त मात्रा में सस्ते श्रमिक उद्योगों के लिए उपलब्ध हो जाते हैं।
5. इन क्षेत्रों में आंतरिक भागों की तुलना में कम प्रदूषण वाला सुखद पर्यावरण मिलता है।

Q.16. अफ्रीका में अपरिमित प्राकृतिक संसाधन हैं, फिर भी औद्योगिक दृष्टि से यह बहुत पिछड़ा महाद्वीप है। समीक्षा कीजिए।

उत्तर- अफ्रीका महाद्वीप प्राकृतिक संसाधनों की दृष्टि से विश्व का एक समृद्ध महाद्वीप है। इस महाद्वीप में वनों का विशाल क्षेत्रफल मिलता है जिसमें सर्वाधिक जैव-विविधता मिलती है। इसके अलावा प्राकृतिक संसाधनों के पर्याप्त भंडार मिलते हैं फिर भी यह महाद्वीप औद्योगिक दृष्टि से बहुत पिछड़ा महाद्वीप है। इसके निम्न कारण हैं-

1. इस महाद्वीप में उच्च तकनीकी ज्ञान व पर्याप्त पूंजी के अभाव में उद्योगों का विकास नहीं हो पाया
2. इस महाद्वीप के अधिकांश देश सामाजिक व आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं जिससे यहां मूलभूत संरचनाओं का उचित विकास नहीं हो पाया है।
3. इस महाद्वीप के अधिकांश देशों में प्रतिकूल जलवायु एवं विषम उच्चावच विकास बहुत कम हुआ है।

## तृतीयक एवं चतुर्थ क्रियाकलाप

Q.1. जनशक्ति सेवा सेक्टर का एक महत्त्वपूर्ण कारक क्यों है?

उत्तर- क्योंकि सेवा सेक्टर (तृतीयक क्रियाकलाप) का कार्य कुशल श्रमिक, प्रशिक्षित विशेषज्ञ और परामर्श दाताओं द्वारा होता है।

Q.2. पर्यटन को प्रभावित करने वाले दो कारकों के नाम लिखिए।

उत्तर-1. माँग 2. परिवहन मार्ग।

Q.3. परिवहन की माँग को कौनसा कारक सर्वाधिक प्रभावित करता है?

उत्तर- परिवहन की माँग को जनसंख्या का आकार सर्वाधिक प्रभावित करता है। क्योंकि जनसंख्या का आकार जितना बड़ा होगा परिवहन की मांग उतनी ही अधिक होगी।

Q.4. श्रृंखला भंडार क्या होता है?

उत्तर- यह ऐसे भंडार गृहों का समूह है जिसमें माल (वस्तु) का भंडारण कुशल, अनुभवी तथा भंडारण की योग्यता रखने वाले विशेषज्ञों द्वारा किया जाता है?

Q.5. लेखन ने किस प्रकार संचार को बढावा दिया?

उत्तर- लेखन के आविष्कार ने संदेशों को संरक्षण प्रदान किया तथा संचार को परिवहन के साधनों पर निर्भर बनाया। यही कारण है कि परिवहन के सभी रूपों को संचार पथ कहा जाता है।

Q.6. पर्यटन क्या है? पर्यटन कैसे तृतीयक क्षेत्र का बड़ा उद्योग बन गया है?

उत्तर- पर्यटन व्यापार के अलावा मनोरंजन के उद्देश्य से की गई यात्रा को पर्यटन कहा जाता है। पर्यटन में आवास, भोजन, परिवहन तथा मनोरंजन जैसी अन्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं। इसके परिणाम स्वरूप यह रोजगार उपलब्ध करवाने और राजस्व प्राप्ति की दृष्टि से तृतीयक क्षेत्र का बड़ा उद्योग बन गया है।

Q.7. ग्रामीण क्षेत्रों में आवधिक बाजार से आप क्या समझते हैं?

उत्तर- ग्रामीण क्षेत्रों में जहां नियमित बाजार नहीं होते वहां निश्चित समय अंतरालों पर स्थानीय आवधिक बाजार लगाये जाते हैं। ये साप्ताहिक, पाक्षिक बाजार होते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के लोग समय-समय पर यहां आकर अपनी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। ये बाजार एक स्थान से दूसरे स्थान पर लगते रहते हैं।

Q.8. फुटकर व्यापार सेवा का विश्लेषण कीजिए।

उत्तर- वे सभी व्यापारिक क्रियाकलाप जिसमें वस्तुओं को सीधे ही उपभोक्ताओं को बेचा जाता है, फुटकर व्यापार सेवा कहलाती है। यह सेवा प्रमुख रूप से विक्रय के लिए निर्धारित दुकानों व भंडारों में सम्पन्न होती है। फेरी, रेहड़ी, ट्रक, द्वार से द्वार, डाक आदेश, दूरभाष, स्वचालित बिक्री मशीनें तथा इंटरनेट फुटकर बिक्री के भण्डार रहित उदाहरण हैं। फुटकर व्यापार में बड़े स्तर पर सबसे पहले नवाचार लाने वाले उपभोक्ता सहकारी समुदाय थे।

Q.9. चिकित्सा पर्यटन क्या है? विश्व में चिकित्सा पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से उभरते हुए देशों के नाम लिखिए।

उत्तर- चिकित्सा पर्यटन जब चिकित्सा उपचार को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन गतिविधि से जोड़ दिया जाता है तो इसे चिकित्सा पर्यटन कहा जाता है। चिकित्सा पर्यटन अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन से जुड़ा चिकित्सा उपचार है। भारत, थाइलैंड, सिंगापुर तथा मलेशिया विश्व में चिकित्सा पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से उभरने वाले प्रमुख देश हैं।

Q.10. अंकीय विभाजकों के बारे में आप क्या जानते हैं? विकासशील देशों में अंकीय विभाजक को कम करने हेतु सुझाव दीजिए।

उत्तर- सूचना तथा संचार तकनीक तक पहुँच का सम्बन्ध अंकीय विभाजक से है। इससे यह ह पता चलता है कि यह प विश्व का कोई भी देश कितनी शीघ्रता से अपने लोगों को सूचना तथा संचार तकनीक तक पहुँच और उसके तक लाभ उपलब्ध करा सकता है। विकसित देश इस दिशा में आगे बढ़ गये हैं जबकि विकासशील देश पिछड़ गए हैं। इस प्रकार देशों में इस विभाजन के अंतर को अंकीय विभाजक कहा जाता है। विकासशील देशों में अंकीय विभाजक को कम करने हेतु सुझाव- महानगरों के समीप के ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना और प्रौद्योगिकी की पहुंच बढ़ाई जानी चाहिए।

Q.11. द्वितीयक एवं तृतीयक क्रियाकलापों में मुख्य अन्तर बताइए।

उत्तर- द्वितीयक क्रियाकलापों का सम्बन्ध मुख्य रूप से विनिर्माण, प्रसंस्करण एवं निर्माण उद्योगों से है। वहीं तृतीयक क्रियाकलापों का सम्बन्ध व्यापार व वाणिज्य, परिवहन, संचार एवं सेवाओं से है। द्वितीयक एवं तृतीयक क्रियाकलापों में मुख्य अन्तर यह है कि सेवाओं द्वारा उपलब्ध विशेषज्ञता उत्पादन तकनीकों, मशीनरी एवं फैक्ट्री प्रक्रियाओं की अपेक्षा यह क्रियाकलाप कर्मचारियों की विशिष्ट कुशलताओं, अनुभव एवं ज्ञान पर अधिक निर्भर करती है।

Q.12. चतुर्थ व पंचम क्रियाकलापों में अन्तर कीजिए।

उत्तर- चतुर्थ व पंचम क्रियाकलापों में अन्तर-

(1) चतुर्थ क्रियाकलाप में ज्ञानोन्मुखी कार्य आते हैं जबकि पंचम में नवीन विचारों व नवीन प्रौद्योगिकी के कार्य आते हैं।

(2)चतुर्थ कार्य अनुसंधान व विकास केन्द्रित होते हैं जबकि पंचम कार्य प्रौद्योगिकी केन्द्रित होते हैं।

(3)चतुर्थ कार्यों में शिक्षक, चिकित्सक, लेखाकार, दलाल शामिल हैं जबकि पंचम में नीति निर्माता, उच्च स्तर के निर्णय लेने वाले शामिल होते हैं।

Q.13. जालतंत्र, नोड एवं योजक में अंतर लिखिए।

उत्तर- जालतंत्र, नोड एवं योजक में अंतर-

**नोड-** दो या अधिक मार्गों का संधि स्थल अथवा मार्ग के सहारे कोई बड़ा कस्बा नोड होता है।

**योजक-** प्रत्येक सड़क जो दो नोडों को जोड़ती है, योजक कहलाती है।

**जालतंत्र-** एक विकसित जालतंत्र में कई योजक होते हैं जिसका अर्थ है कि परिवहन व्यवस्था विकसित है।

Q.14. थोक व्यापार की प्रमुख विशेषताएं लिखिए।

उत्तर- थोक व्यापार की प्रमुख विशेषताएं

1. इसमें अपेक्षाकृत बड़ी मात्रा में वस्तुओं का क्रय-विक्रय किया जाता है।
2. थोक व्यापार का गठन अनेक बिचौलियों, सौदागरों और सप्लायरों द्वारा होता है।
3. इस व्यापार में श्रृंखला भण्डारों सहित कुछ बड़े भण्डार निर्माण कर्ताओं से सीधी खरीद कर लेते हैं।
4. थोक विक्रेता प्रायः फुटकर भण्डारों को उधार भी देते हैं।

Q.15. ग्रामीण विपणन केन्द्रों एवं नगरीय बाजार केन्द्रों में तीन अंतर लिखिए।

उत्तर-

| ग्रामीण विपणन केन्द्र | नगरीय बाजार केन्द्र |
|---|---|
| 1.ये निकटवर्ती बस्तियों का पोषण करते हैं। | 1. ये नगरीय बस्तियों का पोषण करते हैं। |
| 2. ये अर्द्ध-नगरीय व्यापारिक केन्द्र होते हैं। | 2. ये नगरीय व्यापारिक केन्द्र होते हैं। |
| 3. यहां व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक सेवाएं सुविकसित नहीं होती। | 3. यहां विशिष्ट वस्तुएं। उपलब्ध होती हैं। |
| | |

Q.16. परिवहन दूरी को किस प्रकार मापा जाता है?

उत्तर- परिवहन दूरी को तीन रूपों में मापा जाता है, है, जो निम्नलिखित है-

(1) किलोमीटर दूरी अथवा मार्ग की लम्बाई वास्तविक दूरी होती है जिसे किलोमीटरों में मापा जाता है।

(2) समय दूरी मार्ग पर यात्रा करने में लगने वाले समय को कहते हैं।

(3) लागत दूरी को यात्रा पर आने वाली लागत के रूप में व्यक्त किया जाता है। परिवहन के साधन के चयन में समय अथवा लागत एक निर्णायक कारक है।

Q.17. बाह्यस्रोतन के कारण कई देशों में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर खुले हैं। कथन को स्पष्ट कीजिए?

उत्तर- बाह्यस्रोतन अथवा ठेका देना -दक्षता को सुधारने और लागतों को घटाने के लिए किसी बाहरी एजेंसी को काम सौंपना है। जब बाहास्रोतन में कार्य समुद्र पार के स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया जाता है तो इसको अपतरन (आफशोरिंग) कहा जाता है। बाह्यस्रोतन उन देशों की ओर किया जाता है जहाँ कुशल श्रमिक सस्ती दर पर उपलब्ध हो जाते हैं। बाह्यस्रोतन से भारत, चीन, पूर्वी यूरोप, इजराइल, कोस्टारिका एवं फिलीपींस में बड़ी संख्या में कॉल सेंटर खुले हैं। इससे इन देशों में बड़ी संख्या में रोजगार के नए अवसर पैदा हो गए हैं। इससे इन देशों से प्रवास कम हो सकता है।

Q.18. पर्यटन आकर्षण के प्रमुख कारक बताइए?

उत्तर- पर्यटकों को आकर्षित करने में निम्नलिखित कारकों की भूमिका प्रमुख रहती है-

(**1) जलवायु-** अवकाश की अवधि के दौरान पर्यटक प्रायः ऐसे क्षेत्रों में जाना पसन्द करते हैं, जहाँ अनुकूल जलवायु दशायें मिलती हों। यूरोप में शीतकालीन अवकाश का आनंद उठाने के लिए अधिकांश पर्यटक भूमध्य सागरीय क्षेत्रों के उष्ण व धूपदार मौसम से आकर्षित होकर इन क्षेत्रों में आते हैं।

**(2) भूदृश्य-** आकर्षक पर्वतीय भूदृश्य, झीलें तथा सागरीय तट जैसे प्राकृतिक भूदृश्य पर्यटकों को प्रमुख रूप आकर्षित करते हैं।

**(3) इतिहास एवं कला-** प्राचीन स्मारक, विरासत स्थल, पुरातत्व स्थलों, किलों, महलों तथा धार्मिक स्थलों का आकर्षण भी पर्यटकों को आकर्षित करता है।

**(4) संस्कृति तथा अर्थव्यवस्था-** सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। इसके अलावा जहाँ पर्यटकों को सस्ती दरों पर आवासीय व भोजन व्यवस्था उपलब्ध होती है, उन क्षेत्रों की ओर भी अधिक पर्यटक आकर्षित होते हैं। गोवा में हेरीटेज होम्स तथा कर्नाटक में मैडीकरे तथा कूर्ग इसके उदाहरण हैं।

Q.19. भारत में चिकित्सा पर्यटन को बढ़ाने के लिए क्या प्रयास किए जाने चाहिए?

उत्तर- (1) भारत में चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया जाना चाहिए। विशेष रूप से दर्शनीय प्राकृतिक स्थलों पर बड़े अस्पतालों का निर्माण किया जाना चाहिए।

(2) हमारे चिकित्सकों को अत्याधुनिक तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाना चाहिए ताकि देशी विदेशी पर्यटक आकर्षित हो सकें।

(3) हमें देश के साथ-साथ विदेशों में भी हमारी चिकित्सा

(4) भारत को अपनी चिकित्सा सुविधाओं की गुणवत्ता में वृद्धि सुविधाओं का प्रचार-प्रसार करना चाहिए।

(5) चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु अन्य आधारभूत ढाँचे यथा- जल, विद्युत, सड़कें, संचार व परिवहन साधन आदि का विकास एवं विस्तार करना चाहिए।

(6) हमें चिकित्सकों एवं अन्य सहायक कर्मियों की संख्या में वृद्धि करनी चाहिए।

Q.20. आधुनिक आर्थिक विकास में सेवा सेक्टर की सार्थकता और वृद्धि की चर्चा कीजिए।

उत्तर- आधुनिक आर्थिक विकास में सेवा सेक्टर की सार्थकता एवं वृद्धि सेवा सेक्टर में व्यापार व वाणिज्य के अलावा स्वास्थ्य, कल्याण, शिक्षा, अवकाश, मनोरंजन, परिवहन, संचार, दूरसंचार, प्रशिक्षण तकनीक व अनुसन्धान जैसे सभी क्षेत्र शासिल होते हैं। आधुनिक आर्थिक विकास में सेवा सेक्टर का महत्त्वपूर्ण योगदान रहता है। 20वीं शताब्दी में विश्व के अधिकांश विकसित देशों तथा कुछ विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था में विनिर्माण उद्योग की तुलना में सेवा सेक्टर के रोजगार में तीव्र

वृद्धि देखी गई है। इसका प्रमुख कारण यह है कि इन देशों में प्रतिव्यक्ति आय के बढ़ने से विभिन्न प्रकार की सेवाओं की माँग में वृद्धि हुई है। बाह्यस्रोतन के द्वारा बाहरी एजेन्सियों को ठेके पर कार्य दिए जा रहे हैं। बाह्यस्रोतन का ही परिणाम है कि भारत, चीन, पूर्वी यूरोप, इजरायल तथा फिलीपींस जैसे देशों में इजरायल बड़ी संख्या में कॉल सेंटर खुले हैं जिनसे भारी संख्या में रोजगारों का सृजन हुआ है। इस प्रकार वर्तमान में सेवा सेक्टर में हो रही वृद्धि आर्थिक विकास में एक महत्त्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रही है।

Q.21. परिवहन और संचार सेवाओं की सार्थकता को विस्तारपूर्वक स्पष्ट कीजिए।

उत्तर- परिवहन और संचार सेवाओं की सार्थकता- परिवहन व्यक्तियों एवं वस्तुओं को एक स्थान से दूसरे स्थान तक लाने ले जाने की सुविधा को कहा जाता है। वहीं संचार सेवाओं में शब्दों और संदेशों, तथ्यों और विचारों के आदान-प्रदान को शामिल किया जाता है। वर्तमान समय में किसी देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में परिवहन एवं संचार सेवाओं का महत्त्वपूर्ण योगदान है। परिवहन समाज की आधारभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए निर्मित किया गया एक संगठित सेवा उद्योग है। परिवहन एवं संचार सेवाओं के अभाव में किसी भी देश का पूरा आर्थिक तंत्र नष्ट हो सकता है। ये सेवाएँ वस्तु, सूचना तथा जनसंख्या को गतिशीलता प्रदान करती हैं साथ ही आधारभूत सुविधाओं की आपूर्ति भी इन सेवाओं से ही होती है। परिवहन व संचार सेवाओं की उपलब्धता का प्रभाव देश के उत्पादन तथा राष्ट्रीय आय की वृद्धि पर पड़ता है।

Q.22.श्रमिक व्यवसाय में कॉलर के रंग के आधार पर किन नामों से जाना जाता है ?

उत्तर - श्रमिक व्यवसाय में कॉलर के रंग के आधार पर निम्न नाम से जाना जाता है -

1. लाल - प्राथमिक व्यवसाय
2. स्वर्ण - पंचम व्यवसाय
3. श्वेत - उच्च प्रोध्योगिक से संबंधित
4. धूसर - श्वेत कॉलर से कम दक्षता वाले व्यावसायिक पुरुष
5. नीला - उधयोग में वास्तविक उत्पादन से संबंधित श्रमिक
6. गुलाबी - श्वेत कॉलर से कम दक्षता वाली व्यावसायिक महिला

## परिवहन एवं संचार

वस्तुनिष्ठ प्रश्न-

1. वोल्गा जलमार्ग स्थित है-

(अ) उत्तरी अटलाण्टिक समुद्री मार्ग (ब) भूमध्य सागर-हिन्द महासागरीय समुद्री मार्ग

(सं) उत्तमाशा अन्तरीप समुद्री मार्ग (द) उत्तरी प्रशान्त समुद्री मार्ग।

2. स्वेज नहर जिन सागरों को जोड़ती है, वे हैं-

(अ) रूस (ब) अमेरिका (स) भारत (द) जर्मनी

3. स्थल परिवहन के अन्तर्गत नवीनतम विकास के रूप में किन्हें रखा जाता है?

(अ) पाइलाइनों (ब) तारमार्गों (स) राजमार्गों (द) उपर्युक्त सभी

4. रेल लाइनों की चौड़ाई के अनुसार उनके प्रकार हैं-

(अ) बड़ी लाइन (1.5 मी. से अधिक)    (ब) मानक लाइन (1.44 मी.)

(स) मोटर लाइन (1 मी.)    (द) उपर्युक्त सभी

5 . इंग्लैण्ड में स्थित यूरो टनल ग्रुप द्वारा प्रचालित सुरंग मार्ग जोड़ता है-

(अ) अल्जियर्स को कोनाक्री से    ( ब) लंदन को पेरिस से

(स) चेगडू को ल्हासा से    (द) इनमें से कोई नहीं

6. विश्व का सबसे लम्बा रेल मार्ग है-

( अ) कनाडियन पैसेफिक रेलमार्ग    ( ब) पैन अमेरिकन रेल मार्ग

( स) आस्ट्रेलियन अन्तर्महाद्वीपीय रेल मार्ग (द) ट्रान्स-साइबेरियन रेल मार्ग।

7. भारत का सबसे लम्बा महामार्ग है-

(अ) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-5( ब) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-4

(स) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-7(द) राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-2

8.स्वेज़ नहर जिन सागरों को आपस में जोड़ती है, वे है-

(अ) भूमध्य सागर तथा लाल सागर (ब) काला सागर तथा भूमध्य सागर

(स) उत्तरी सागर तथा बाल्टिक सागर(द) बाल्टिक सागर तथा स्वेत सागर।

9.पनामा नहर जिन सागरों को आपस में जोड़ती है, वे है-

(अ) अन्ध महासागर तथा हिन्द महासागर(ब) प्रशान्त महासागर तथा हिन्द महासागर

(स) अन्धमहासागर तथा प्रशान्त महासागर(द) भूमध्य सागर तथा लाल सागर।

10. पश्चिमी-पूर्वी आस्ट्रेलियन राष्ट्रीय रेल मार्ग जिन स्थानों को जोड़ता है, वे हैं-

(अ) पर्थ से सिडनी(ब) डार्बिन से मेलबोर्न(स) ब्रिसबेन से एडीलेड(द) सिडनी से कालगुर्ली।

11. संयुक्त राज्य अमेरिका के आन्तरिक भागों को दक्षिण में मैक्सिको की खाड़ी के साथ जोड़ने वाला जलमार्ग है-

(अ) बोल्गा जल मार्ग (ब) डेन्यूब जल मार्ग (स) राइन जल मार्ग (द) मिसीसिपी जल मार्ग।

12. प्रथम सार्वजनिक रेलमार्ग किस वर्ष उत्तरी इंग्लैण्ड के स्टॉकटन और डलिंग्टन स्थानों के मध्य प्रारम्भ हुआ?

(अ) 1625    (ब ) 1825    (स) 1725    (द) 1852

13. निम्न में से पार-महाद्वीपीय रेलमार्ग है

(अ) संघ और प्रशान्त रेलमार्ग    (ब) ओरिएंट एक्सप्रेस

(स) आस्ट्रेलियाई पारमहाद्वीपीय रेलमार्ग (द) उपरोक्त सभी।

14. देश का सबसे लम्बा राष्ट्रीय महामार्ग संख्या 7 निम्म जोड़ने वाला महामार्ग है

(अ) दिल्ली को मुम्बई से( ब) जयपुर को कोलकाता से

(स) वाराणसी को कन्याकुमारी से(द) चेन्नई को हैदराबाद से

15.प्राचीन विश्व के हृदय स्थल कहे जाने वाले क्षेत्रों से गुजरने वाला समुद्री मार्ग है-

(अ) ट्रान्स-कनाडियन महामार्ग (ब) अलारका महामार्ग

(स) पान-अमेरिकन महामार्ग (द) मास्को-ब्लाडीवोस्टक महामार्ग।

Q.13उन तीन तत्वों के नाम लिखो जो एक स्थान पर इकट्ठे नहीं मिलते जो व्यापार के लिए आवश्यक है?

उत्तर- प्राकृतिक संसाधन, आर्थिक क्रियाएं तथा बाजार।

Q.2 परिवहन जाल क्या होता है ?

उत्तर- अनेक स्थान मार्गों से जुड़कर  जिस प्रारूप का निर्माण होता है, उसे परिवहन जाल कहते हैं।

Q.3 परिवहन की प्रमुख विधाओं के नाम बताइए।

उत्तर- स्थल परिवहन् जल परिवहन, बायु परिवहन तथा पाईप लाइन परिवहन।

Q.4 परिवहन का तीव्रतम तथा आधुनिक  साधन कौनसा है?

उत्तर- वायु परिवहन।

Q.5 एक महादीप से दूसरे महादीप के बीच व्यापार का सबसे उपयुक्त साधन कौनसा है?

उत्तर- जल परिवहन (समुद्री मार्ग)

Q.6 हिमाच्छादित क्षेत्रों में परिवहन हेतु किन पशुजों का प्रयोग किया जाता है

उत्तर- कुत्ते तथा रेनडियर

Q.7. विश्व में सर्वप्रथम रेल कब तथा कौनसी जगह चली ?

उत्तर- पहली सार्वजनिक रेल 1825 में उत्तरी इंग्लैंड के स्टॉकटन और डार्लिंगटन के मध्य आरंभ हुई।

Q.8 आरंभ में किन पशुओं को बोझा ढोने के लिए प्रयोग किया जाता था?

उत्तर- घोड़े, ऊँट खच्चर, बैल।

Q.9 . सड़कों द्वारा माल का परिवहन क्यों महत्त्वपूर्ण होता जा रहा है?

उत्तर- सड़क मार्ग सर्वसुलभ है तथा इसके द्वारा घर-घर तक वस्तुओं को पहुंचाया जा सकता है।

Q.10 . महामार्ग क्या है?

उत्तर- दूरस्थ स्थानों को जोड़ने वाले सड़क मार्गों को महामार्ग कहते है।

Q.11 . उत्तरी अमेरिका में महामार्गों का घनत्व कितना है?

उत्तर- 0.65 किमी/वर्ग किमी.

Q.12.साइबर स्पेस इन्टरनेट से क्या आशय है ।

उत्तर- साइबर स्पेस इन्टरनेट भेजने वाले और प्राप्त करने वाले के शारीरिक हलचल के बिना कम्प्युटर
की सहायता से सूचनाओं के आदान प्रदान की तकनीकी दुनिया है ।

Q.13. ट्रांस-कैनेडियन महामार्ग किन दो नगरों को जोड़ता है?

उत्तर- बैंकूवर की सेंट जॉन नगर से जोड़ता है।

Q.14. अलास्का महामार्ग किन दो नगरों को जोड़ता है?

उत्तर- एडमंटन तथा एंकोरेज।

Q.15 सीमावर्ती सड़कें किसे कहते हैं?

उत्तर- अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के सहारे बनाई गई सड़कों को सीमावर्ती सड़कें कहा जाता है। इन सड़कों का रणनीतिक महत्व रहता है।

Q.16. यूरोप के किस देश में रेल घनत्व सर्वाधिक है?

उत्तर- बेल्जियम में।

Q.17 लंदन तथा पैरिस को जोड़ने वाली सुरंग का नाम बताइए।

उत्तर- यूरो चैनल टनल।

Q.18 यूरोप के किस नगर में भूमिगत रेलमार्ग है?

उत्तर- मास्को।

Q.19 ब्लू ट्रेन क्या है?

उत्तर- यह एक रेलमार्ग है जो दक्षिणी अफ्रीका में केपटाउन से प्रिटोरिया तक जाता है।

Q.20. पारमहाद्वीपीय रेल मार्ग क्या होता है?

उत्तर- पारमहाद्वीपीय रेल मार्ग, ऐसे रेलमार्ग महाद्वीप से गुजरते हुए इसके दोनों छोरों को जोड़ते हैं।

Q.21 . विश्व के सबसे लंबे रेलमार्ग के अंतिम सिरों के स्टेशनों के नाम लिखिए।

उत्तर- विश्व में सबसे लंबा रेलमार्ग रूस का पार-साइबेरियन रेलमार्ग (9322 किमी) है जो पश्चिम में सेंट पीटर्सबर्ग को पूर्व में प्लाळीबोस्टक से जोड़ता है।

Q.22. पार-कैनेडियन रेलमार्ग की लंबाई लिखते हुए इसके अंतिम सिरों के स्टेशनों के नाम लिखिए।

उत्तर- लंबाई 7050 किमी। पूर्व में हलिफैक्स को पश्चिम में वैकुदर से जोड़ता है।

Q.23. ऑस्ट्रेलियाई पारमहाद्वीपीय रेलमार्ग किन स्थानों को जोड़ता है, नाम लिखिए।

उत्तर पश्चिम में पर्थ को पूर्व में सिडनी से जोड़ता है।

Q.24. ओरिएंट एक्सप्रेस रेलमार्ग किन स्थानों को जोड़ता है?

उत्तर- पेरिस तथा इस्तांबुल को।

Q.25. विश्व का व्यस्ततम व्यापारिक जलमार्ग कौनसा है?

उत्तर- उत्तरी अटलांटिक समुद्री मार्ग।

Q.26. स्वेज नहर का निर्माण कब हुआ? स्वेज नहर किन सागरों को जोड़ती है?

उत्तर-1869 में। भूमध्य सागर तथा लाल सागर।

Q.27 पनामा नहर किन महासागरों को जोड़ती है?

उत्तर- अटलांटिक महासागर को प्रशांत महासागर से।

Q.28. वोल्गा जलमार्ग किस देश में स्थित है? इसकी लम्बाई लिखिए।

उत्तर- वोल्गा जलमार्ग रूस मे जिसकी लंबाई 11200 किमी है।

Q.29. विश्व में सर्वाधिक प्रयोग में लाया जाने वाला आंतरिक जलमार्ग कौनसा है?

उत्तर- राइन नदी जल मार्ग जो यूरोप मे स्थित है।

Q.30 आंतरिक जलमार्गों का विकास किन कारकों पर निर्भर करता है?

उत्तर- आंतरिक जलमार्ग के विकास में नदियों, नहरों, झीलों आदि में जल की गहराई नोगम्यता, चौड़ाई , जल प्रवाह की निरंतरता ,उपयोग में लाई जाने वाली परिवहन तकनीकी व परिवहन साधनों की मांग पर निर्भर करती है ।

Q.31 बिंग इंच पाईप लाइन है?

उत्तर- बिग इंच अमेरिका की एक पाइप लाइन है जो मैक्सिको की खाड़ी से संयुक्त राज्य अमेरिका के उत्तरी-पूर्वी राज्यों में तेल ले जाती है।

Q.32 किस देश में फार्मों से फैक्ट्रियों तक दूध को पाइप लाइनों जाता है?

उत्तर- न्यूजीलैण्ड।

Q.33. इन्टरनेट से क्या तात्पर्य है?

उत्तर-इंटरनेट, कम्प्यूटर नेटवर्को का एक जाल है, जिससे सूचनाओं को भेजा और प्राप्त किया जा सकता है।

Q.34 पर्वतों, मरुस्थलों तथा बाढ़ सम्भावित प्रदेशों में स्थल परिवहन की क्या-क्या समस्याएँ है?

उत्तर- पर्वतीय भागों में सडक निर्माण एक कठिन प्रक्रिया है क्योंकि इस क्षेत्र में कई पुलों का निर्माण करना पड़ता है। मरुस्थलों में रेतीली भूमि के कारण सड़कें बनाना कठिन है। बाउग्रस्त क्षेत्रों में पुल बह जाते हैं। वर्षा ऋतु में सड़के गोहर बाहर के योग्य नहीं होती।

Q.35. जल परिवहन के क्या लाभ है?

उत्तर- (1) जल परिवहन में मार्गों का निर्माण नहीं करना पड़ता है।

(2) महासागर जपस में एक-दूसरे से जुड़े होते हैं।

(3) इसमें स्खरखाव की समस्या नहीं होती।

(4) यह प्ररिवहन का सबसे सस्ता साधन है।

(३) जल परिवहन की ऊर्जा लागत अपेक्षाकृत कम होती है।

Q.36 उपग्रह संचार प्रणाली की उपयोगिता को समझाइए।

उत्तर- उपग्रह संचार की महत्वपूर्ण भूमिका निम्न है-

1. उपग्रह संचार पृथ्वी के चारों ओर कक्षा में कृत्रिम उपग्रह का उपयोग करके सूचना को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने की विधि है।

2. इसका उपयोग टेलीफोन रेडियो, टीवी, इंटरनेट आदि में किया जाता है।

3. यह संचार के अन्य साधनों का नियमन करते हैं।

4 उपग्रह से प्राप्त बित्रों से मौसम की भविष्यवाणी की जा सकती है।

5. उपग्रह से प्राकृतिक आपदाओं व देश की सीमा की निगरानी की जा सकती है।

6. उपग्रह से वन विनाश, बाड प्रभावित क्षेत्र की पहचान की जा सकती है।

7. उपग्रह से सूचनाओं को भेजने में समय व धन की बचत होती है।

Q.37.पारमहाद्वीपीय रेलमार्ग किसे कहते है ? विश्व के प्रमुख पार महाद्वीपीय रेलमार्गों के नाम लिखते हुए किसी एक का वर्णन कीजिये ।

उत्तर- पारमहाद्वीपीय रेल मार्ग, ऐसे रेलमार्ग जो महाद्वीप से गुजरते हुए इसके दोनों छोरों को जोड़ते हैं पारमहाद्वीपीय रेल मार्ग कहलाते है ।

प्रमुख पार महाद्वीपीय रेलमार्ग निम्न है -

1. **पार-साइबेरियन रेल मार्ग**

**2. पार-कैनेडियन रेल मार्ग**

**3.संघ और प्रशांत रेल मार्ग**

**4.पार-आस्ट्रेलियाई रेलमार्ग**

**5.ओरियंट एक्स्प्रेस मार्ग**

**(1) पार-साइबेरियन रेल मार्ग-** यह रूस का प्रमुख रेल मार्ग है जो कि पश्चिम में सेंट पीर्ट्सबर्ग से पूर्व में प्रशान्त महासागर तट पर स्थित व्लाडीवोस्टक तक मास्को, 'कजान् ट्यूमिन, नोवोसिबिर्क, चीता और खबरोवस्क से होता हुआ जाता है।

यह एशिया का सबसे महत्त्वपूर्ण और विश्व का सबसे लम्बा दोहरे पथ से युक्त विद्युतीकृत पार महाद्वीपीय रेल मार्ग है। इसकी कुल लम्बाई 9322 किलोमीटर है।

यह रेल मार्ग एशियाई प्रदेश को पश्चिमी यूरोपीय बाजारों से जोड़ता है। यह रेल मार्ग यूराल पर्वतों, ओब एवं येनेसी नदियों से गुजरता है। चीता एक महत्त्वपूर्ण कृषि केन्द्र और इरकुस्टस्क एक फर केन्द्र है।

इस रेल मार्ग को दक्षिण से जोड़ने वाले योजक मार्ग भी हैं। इनमें यूक्रेन में ओडेसा, उजबेकिस्तान में कैस्पियन तट पर बालू, ताशकन्द, मंगोलिया में उलनबटोर, मक्देन में रोनयांग तथा चीन में बीजिंग आदि प्रमुख हैं।

अथवा

**पार-कैनेडियन रेल मार्ग**-कनाडा देश की यह 7050 किलोमीटर लम्बी रेल लाइन पूर्व में हैलीफैक्स से शुरू होकर मॉण्ट्रियल, ओटावा, विनीपेग तथा कलगैरी से होती हुई पश्चिम में प्रशान्त तट पर स्थित वैंकूवर तक जाती है।

इस रेल मार्ग का निर्माण 1886 में मूल रूप से एक सन्धि के अन्तर्गत पश्चिमी तट पर स्थित ब्रिटिश कोलम्बिया को राज्यों के संघ में शामिल करने के उद्देश्य से किया गया था।

परन्तु बाद में क्यूबेक मॉण्ट्रियल औद्योगिक प्रदेश की गेहूँ मेखला और उत्तर में शंकुघाटी वन प्रदेश से जोड़ने के कारण इस रेल मार्ग का महत्त्व बढ़ गया। इस प्रकार इन प्रदेशों में से प्रत्येक दूसरे का सम्पूरक बन गया है।

विनीपेग से थण्डर खाड़ी (सुपीरियर झील) तक संवृत मार्ग इस रेल लाइन को विश्व के सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण जल मार्गों में से एक से जोड़ता है। गेहूँ और मांस इस मार्ग के द्वारा किए जाने वाले महत्त्वपूर्ण निर्यात हैं। यह रेल मार्ग कनाडा देश की आर्थिक धमनी है ।

Q.38.. स्वेज नहर तथा पनामा नहर मार्गों की तुलनात्मक व्याख्या कीजिए।

अथवा

स्वेज एवं पनामा नहर की तुलना कीजिए।

अथवा

स्वेज नहर एवं पनामा नहर की तुलना निम्न बिन्दुओं के आधार पर कीजिए:

(1) स्थिति  (ii) जलबंधक (iii) प्रभावित होने वाले देश (iv) लम्बाई एवं गहराई।

उत्तर- स्वेज नहर एवं पनामा नहर की तुलना-

1. **स्थिति**-स्वेज नहर मिस्र देश में स्थित है। जबकि पनामा नहर पनामा नगर में स्थित है।

2. **उद्देश्य-** स्वेज नहर का निर्माण 1869 में मिस्र में उत्तर में पोर्ट सईद एवं दक्षिण में स्थित पोर्ट स्वेज के मध्य भूमध्यसागर एवं लालसागर को जोड़ने के लिए किया गया। जबकि पनामा नहर पूर्व में अटलाष्टिक महास्वगर को परियम में प्रसशाना महासागर से जोड़ती है। इसका निर्माण पनामा जलडमरूमध्य के आर-पार पनामा नगर पूर्व कोलोन के बीच संयुक्त राज्य अमेरिका के द्वारा किया गया।

3. **अधिकार**-इस नहर पर मिस्र देश का अधिकार है जबकि पनामा नहर पर संयुक्त राज्य अमेरिका का अधिकार है।

4**. देश-** इस नहर के आस-पास उन्नत देश स्थित है जबकि पनामा नहर के आस-पास कम उन्नत देश है।

5. **यातायात-** इस नहर में एकतरफा यातायात होता है जबकि पनामा नहर में दोनों तरफ यातायात होता है।

6.**जलबंधक**-स्वेज नहर में कोई जलबंधक (Locks)नहीं हैं।जबकि पनामा नहर में कुल छः जलबंधक तंत्र हैं।

7. **प्रभावित होने वाले देश**-स्वेज नहर से यूरोप तथा दक्षिणी एशिया के देशों को अत्यधिक लाभ मिला है। इनमें इंग्लैण्ड, फ्रांस, मिस्र, इजरायल, भारत, श्रीलंका, म्यांमार आदि मुख्य हैं। जबकि पनामा नहर से सबसे अधिक प्रभावित देश संयुक्त राज्य अमेरिका तथा पनामा है। इनके अलावा पश्चिमी यूरोप तथा पूर्वी एवं दक्षिणी-पूर्वी एशिया के देश भी प्रभावित हुए हैं।

8. **लम्बाई एवं गहराई-** इस नहर की लम्बाई 160 किलोमीटर है जो कि 11 से 15 मीटर गहरी है।जबकि पनामा नहर की लम्बाई 72 किलोमीटर है जो कि लगभग 12 किलोमीटर लम्बी अत्यधिक गहरी कटान से युक्त है।

9. **द्वार**-इस नहर में कोई द्वार प्रणाली नहीं है।जबकि पनामा नहर में जहाज द्वार प्रणाली के द्वारा हो जा- सकते हैं।

10.**धरातल**-इस नहर का धरातल समतल है।जबकि पनामा नहर का धरातल पहाड़ी है।

11. **कर-**इस नहर से गुजरने वाले जहाजों को भारी फर चुकाने पड़ते हैं।जबकि पनामा नहर से गुजरने वाले जहाजों पर कम कर लगते हैं।

12. **यातायात भार** -इस नहर मार्ग पर अधिक यातायात भार है।जबकि पनामा नहर मार्ग पर यातायात भार कम है।

13. **कोयला** -इस नहर मार्ग पर कोयला संसाधन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। जबकि पनामा नहर मार्ग पर कोयला संसाधन कम है।

14. **बन्दरगाह**-इस मार्ग पर अधिक बन्दरगाह हैं।जबकि पनामा मार्ग पर कम बन्दरगाह हैं।

15. **उपयोग** -इस नहर मार्ग का अधिकतर उपयोग इंग्लैण्ड के द्वारा किया जाता है।जबकि पनामा नहर मार्ग का उपयोग अमेरिका के द्वारा किया जा है।

## अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

Q.1 व्यापार से क्या तात्पर्य है?

उत्तर- व्यापार का तात्पर्य बस्तुओं और सेवाओं के आदान-प्रदान से होता है। व्यापार होना आवश्यक है। इसमें एक पक्ष बेचता है और दूसरा खरीदता है।

Q.2 व्यापार के दो प्रकार बताइए।

उत्तर- 1. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार 2. राष्ट्रीय व्यापार।

Q.3 गेट (GATT) का पूरा नाम लिखते हुए इसका स्थापना वर्ष बताइए।

उत्तर- गेट (GATT) का पूरा नाम 'जनरल एग्रीमेंट ऑन ट्रेड एंड टैरिफ' स्थापना वर्ष 1948 मे हुई ।

Q.4 विश्व व्यापार संगठन की स्थापना कब हुई, इसका मुख्यालय बताइए।

उत्तर- विश्व व्यापार संगठन की स्थापना जनवरी 1995 में हुई। इसका मुख्यालय जिनेवा (स्विट्जरलैंड) में स्थित है।

Q.5 डम्पिंग क्या है?

उत्तर- लागत से कम मूल्य पर वस्तुओं को दूसरे देश मे बेचना डम्पिंग कहलाता है।

Q.6 विश्व व्यापार संगठन के आधारभूत कार्य कौन-से है?

उत्तर (1) यह एकमात्र ऐस अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो सदस्य देशों के मध्य वैश्विक नियमों का व्यवहार करता है। तथा व्यापारिक बाधाओं को दूर करने का प्रयास करता है।

(2) यह विश्वव्यापी व्यापार तन्त्र के लिए नियमों का निर्धारण करता है।

(3) यह सदस्य देशों को मध्य व्यापार सम्बन्धी विवादों का निपटारा कराता है।

(4) यह विश्व को उच्च सीमा शुल्क और विभिन्न प्रकार की बाधाओं से मुक्त करवाता है।

Q.7. विश्व व्यापार संगठन की आलोचना के प्रमुख आधार लिखिए।

उत्तर- 1. मुक्त व्यापार भूमण्डलीकरण के प्रभाव से अमीर व गरीब देशों के मध्य खाई बढ़ रही है।

2. यह केवल विकसित व प्रभावशाली देशों की वाणिज्यिक हितों पर ध्यान केन्द्रित करता है।

3. इसमें श्रमिकों, बालश्रम, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण से जुड़े मुदों  की उपेक्षा की गई है।

Q.8 व्यापार की विनिमय व्यवस्था से आप क्या समझते हैं?

उत्तर- आदिम समाज में व्यापार का आरंभिक स्वरूप विनिमय व्यवस्था था जिसमे वस्तुओं का आदान-प्रदान होता था अर्थात वस्तु के बदले में वस्तु से व्यापार होता था। भारत गुवाहाटी से 35 किमी दूर जागीरीड में जॉन बील मेला लगता है जिसमे यह व्यवस्था आज भी पाई जाती है।

Q.9 रेशम मार्ग के बारे में आप क्या जानते हैं?

उत्तर- रेशम मार्ग लबी दूरी के व्यापार का एक आरंभिक उदारहण है जो  6000 किमी लंबे मार्ग के सहारे रोम को चीन से जोड़ता था। इससे व्यापारी भारत, पर्शिया (ईरान) और मध्य एशिया के मध्यवर्ती स्थानों से चीन में बने रेशम, रोम की ऊन व बहुमूल्य धातुओं तथा अन्य अनेक महंगी वस्तुओं का परिवहन करते थे।

लघुत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 10. द्विपार्श्विक एवं बहुपार्श्विक व्यापार में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

उत्तर-द्विपार्श्विक व्यापार में दो देशों के द्वारा एक- दूसरे के साथ व्यापार किया जाता है, इस व्यापार के अन्तर्गत दोनों देश निर्दिष्ट वस्तुओं का व्यापार करने के लिए सहमति देते हैं। इसके विपरीत बहु-पार्श्विक व्यापार बहुत से व्यापारिक देशों के साथ किया जाता है। इसमें एक देश अन्य अनेक देशों के साथ व्यापार कर सकता है।

प्रश्न 11. औद्योगिक एवं वाणिज्यिक पत्तन में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

उत्तर-औद्योगिक पत्तन थोक नौभार (जैसे-अनाज, चीनी, अयस्क, तेल, रसायन तथा समकक्ष पदार्थ) के लिए विशेषीकृत होते हैं जबकि वाणिज्यिक पत्तन सामान्य नौभार संवेष्टित उत्पादों तथा विनिर्मित वस्तुओं का निपटान करते हैं। साथ ही ये पत्तन यात्री-यातायात का भी प्रबन्ध करते हैं।

प्रश्न12. विश्व व्यापार संगठन की स्थापना किस उद्देश्य से की गई थी?

उत्तर-वर्ष 1994 में गैट (GATT) के सदस्य देशों द्वारा राष्ट्रों के मध्य मुक्त एवं निष्पक्ष व्यापार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक स्थायी संस्था के निर्माण का निश्चय किया गया तथा जनवरी, 1995 में गैट संस्था को 'विश्व व्यापार संगठन' (WTO) में रूपान्तरित कर दिया गया।

प्रश्न 13. प्रादेशिक व्यापार समूहों का क्या उद्देश्य है?

उत्तर-प्रादेशिक व्यापार समूह सदस्य राष्ट्रों में व्यापार शुल्क को हटा देते हैं तथा मुक्त व्यापार को बढ़ावा देते हैं। यह समूह व्यापार की मदों में भौगोलिक निकटता, समरूपता तथा पूरकता के साथ सदस्य देशों के मध्य व्यापार बढ़ाने एवं विकासशील देशों के व्यापार पर लगे प्रतिबन्ध को हटाने के उद्देश्य से अस्तित्व में आए हैं।

Q.14. दास व्यापार से आप क्या समझते हैं?

उत्तर- 15वीं शताब्दी से यूरोपीय उपनिवेशवाद शुरू हुआ और विदेशी वस्तुओं के व्यापार के साथ ही व्यापार के एक नए स्वरूप का उदय हुआ जिसे दास व्यापार कहा गया। पुर्तगालियों डचों, स्पेनिश लोगों व अंग्रेजों ने अफ्रीकी मूल निवासियों को पकड़ा और उन्हे बलपूर्वक बागानों में श्रम हेतु नये

खोजे गए अमेरिका में भेजा जाने लगा। दास व्यापार 200 वर्षों से भी अधिक समय तक एक लाभदायक व्यापार रहा जब तक कि यह पूर्ण रूप से 1972 मे डेनमार्क मे, 1807 मे ग्रेट ब्रिटेन मे और 1808 मे संयुक्त राज्य अमेरिका मे समाप्त नहीं कर दिया गया।

Q.15. मुक्त व्यापार किसे कहते हैं? इसके प्रमुख सकारात्मक व नकारात्मक प्रभावों को लिखिए

मुक्त व्यापार- व्यापार के लिए सदस्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं को खोलना मुक्त व्यापार कहलाता है।

सकारात्मक प्रभाव- इसमें देशों के अंदर सीमा शुल्क घटा दिया जाता है, जिससे व्यापार को बढ़ावा मिलता है। इससे घरेलू उत्पादों व सेवाओं से प्रतिस्पर्धा करने के लिए सभी स्थानों से व्यापार की अनुमति प्रदान की जाती है।

नकारात्मक प्रभाव- इससे विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ता है क्योंकि उन्हें समान अवसर नहीं मिलते हैं। डम्प की गई वस्तुओं के कारण किसी भी देश के घरेलू उत्पादों को हानि होती है।

Q.16. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार किसे कहते है? अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के दो प्रकार कौन-कौन से हैं?

उत्तर- विभिन्न देशों के मध्य होने बाले व्यापार को अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार कहा जाता है।

अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार दो प्रकार का होता है-

1 द्वि-पार्श्विक व्यापार- दो देशों के द्वारा एक-दूसरे के साथ किया जाने वाला व्यापार द्विपारिर्वक व्यापार कहलाता है।

2. बहु- पार्श्विक व्यापार- यह व्यापार बहुत से व्यापारिक देशों के साथ किया जाता है। सदस्य देश अन्य अनेक देशों के साथ व्यापार कर सकता है तथा कुछ व्यापारिक साझेदारों को सर्वाधिक अनुकूल राष्ट्र (MFN) की स्थिति प्रदान कर सकता है।

Q.17. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार अस्तित्व में क्यों है?

उत्तर- अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का अस्तित्व- यह विश्व की अर्थव्यवस्था को लाभान्वित करता है।

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार उत्पाद में विशिष्टीकरण का परिणाम है।

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विशेषज्ञता और श्रम विभाजन पर निर्भर करता है। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पस्तुओं और सेवाओं के तुलनात्मक लाभ, परिपूरकता हस्तान्तरणीयता के सिद्धांतों पर आधारित होता है।

आधुनिक समय में व्यापार, विश्व के आर्थिक संगठन का आधार है और यह देशों की विदेश नीति से संबंधित है।

विकसित परिवहन और संचार प्रणाली से अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से लाभ प्राप्त होता है, जिसे कोई देश छोड़ना नहीं चाहता है।

Q.18. पत्तन किस प्रकार व्यापार के लिए सहायक होते और पत्तनों का वर्गीकरण उनकी अवस्थिति के आधार पर कीजिए।

उत्तर- पत्तन निम्नलिखित प्रकार से व्यापार में सहायक होते हैं-

1. पत्तनों को अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की दुनिया के मुख्य प्रवेश द्वार के रूप में माना जाता है। इन्ही पत्तनों के द्वारा जहाजी माल तथा यात्री विश्व के एक भाग से दूसरे भाग को जाते हैं।

2. पत्तन जलयानों के लिए माल लादने, उतारने तथा भण्डारण की सुविधाएँ प्रदान करते हैं।

3. एक पतन के महत्व को उसके नौभार के आकार तथा निपटान किए गए जहाजों की संख्या द्वारा
निर्धारित किया जाता है।

4. एक पत्तन द्वारा निपटाया गया नौभार उसके उसके पृष्ठ प्रदेश के विकास के स्तर का सूचक होता है।

**अवस्थिति के आधार पर पत्तनों को निम्नलिखित दो वर्गों में रखा जाता है-**

**1. अंतर्देशीय पत्तन-** ये पत्तन समुद्र तट से दूर स्थित होते हैं। ये समुद्र से एक नदी या एक नहर द्वारा जुड़े होते हैं। उदाहरण के लिए कोलकाता पतन हुगली नदी द्वारा समुद्र से जुड़ा हुआ है।

**2. बाह्य पत्तन-** ये गहरे सागरीय जल के पतन है जो वास्तविक पत्तन से दूर स्थापित होते हैं। ये पतन बड़े आकार के जलयानों के आवागमन के लिए उपयुक्त होते हैं जो मुख्य पत्तन तक नहीं पहुँच पाते। उदाहरण के लिए एथेन्स इसके बाह्य पत्तन पीरइअस से जुड़ा होता है।

Q.15. पत्तनों का वर्गीकरण उनके निपटाए गये नौभार के आधार पर कीजिए।

उत्तर- **निपटाए गये नौभार के अनुसार पत्तनों के प्रकार-**

**1.औद्योगिक पत्तन-** ये पत्तन थोक नौभार के लिए विशेषीकृत होते हैं। जैसे अनाज चीनी, अयस्क, तेल रसायन और इसी प्रकार के पदार्थ।

**2.वाणिज्यिक पत्तन-** ये पत्तन सामान्य नौभार के लिए विशेषीकृत होते हैं। ये पत्तन यात्री यातायात का भी प्रबंध करते हैं।

**3.विस्तृत पत्तन-** ये पत्तन थोक नौभार तथा सामान्य नौभार दोनों के लिए विशेषीकृत होते हैं। संसार के अधिकांश महान पत्तन विस्तृत पत्तनों के रूप में वर्गीकृत किए गए है।

Q.19. विशिष्टीकृत कार्यकलापों के आधार पर पत्तनों के प्रकार समझाइए।

उत्तर -विशिष्टीकृत कार्यकलापों के आधार पर पत्तनों के प्रकार-

**1.तेल पत्तन-** इन पत्तनों पर मुख्यत तेल का आयात-निर्यात होता है। इनमें से कुछ ऐसे पतन है, जँहा तेल के टैंकर खड़े किए जाते हैं इन्हे टैंकर पत्तन कहते हैं। जैसे- वेनेजुएला में माराकाइयों, ट्यूनिशिया में एस्सखीरा, लेबनान में त्रिपोली। कुछ अन्य पत्तनों पर तेलशोधन शालाएं भी स्थापित की गई है जिन्हें रिफाइनरी पत्तन कहते हैं। पर्शिया (फारस) की खाड़ी पर अवादान एक तेजशोधन पतन है। मार्ग पत्तन (विश्राम पत्तन)- ये ऐसे पतन है जँहा पर जलपोत इंधन व खाना लेने के लिए रुकते है। जैसे अदन होनोलूलू तथा सिंगापुर।

**2.पैकेट स्टेशन-** इन्हें फेरी पत्तन के नाम से भी जाना जाता है। ये पैकेट स्टेशन विशेष रूप से छोटी दूरियों को तय करते हुए जलीय क्षेत्रों के यात्रियों के परिवहन (आवागमन) से जुड़े होते हैं। इनके टहरने के स्थान को पैकेट स्टेशन कहते है। उदाहरण- इंग्लिश चैनल के आर-पार इंग्लैंड में डोवर तथा फ्रांस में कैलाइस।

**3.आंत्रपो पत्तन-** ये पत्तन एक देश के माल को दूसरे देश में भेजने का कार्य करते है। इसमें माल का भंडारण बड़े-बड़े गोदामों में किया जाता है और दूसरे देशों को भेजा जाता है। जैसे- सिगापुर एशिया के लिए एक आंत्रपो पत्तन है, रोटरडम यूरोप के लिए और कोपेनहेगेन, बाल्टिक क्षेत्र के लिए आंत्रपो पत्तन है।

**4.नौ सेना पत्तन-** ये केवल सामरिक महत्त्व के पत्तन हैं। यंहा पर नौसेना के लड़ाकू जहाजों को खड़ा करने, उनकी मरम्मत करने तथा लंगर डालने की व्यवस्था होती है।

जैसे- कोच्यि तथा कारवाड भारत में ऐसे पत्तनो के उदाहरण है।

Q.20. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रमुख आधारों का विवरण दीजिए।

उत्तर- अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के पाँच प्रमुख आधार निम्नलिखित है-

**(1) राष्ट्रीय संसाधनों में भिन्नता -** भौतिक संरचना जैसे - उच्चावच मृदा जलवायु में भिन्नता के कारण विश्व के राष्ट्रीय संसाधनों में विविधता पाई जाती है। इस विविधता के कारण कहीं खनिजों का आयात करना पड़ता है तो कहीं कृषि संबंधी वस्तुओं का। यह भिन्नता अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का आधार तैयार करती है।

**(2) जनसंख्या कारक-** विश्व के विभिन्न देशों में जनसंख्या का आकार, वितरण तथा उसकी विविधता अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की वस्तुओं के प्रकार तथा मात्रा को प्रभावित करते हैं।

(क) सांस्कृतिक कारक- विभिन्न देशों में मिलने वाली अलग-अलग संस्कृतियों में कला तथा हस्तशिल्प के विभिन्न रूप मिलते हैं जिन्हें विश्वभर में सराहा जाता है और उनका व्यापार किया जाता है।

(ख) जनसंख्या का आकार- सघन जनसंख्या घनत्व रखने वाले देशों में आतरिक व्यापार अधिक तथा बाह्य व्यापार कम होता है। उत्तम जीवन स्तर रखने वाले देशों में आयातित उत्पादों की मांग अधिक होती है जबकि निम्न जीवन स्तर रखने वाले देशों में आयातित उत्पादों की मांग कम रहती है।

**(3) आर्थिक विकास की प्रावस्था-** किसी देश की आर्थिक विकास की अवस्था से उस देश के व्यापार की वस्तुओं का प्रकार निर्धारित होता है। कृषि प्रधान देशों में विनिर्माण वस्तुओं के लिए कृषि उत्पादों का विनिमय किया जाता है जबकि विश्व के औद्योगिक दृष्टि से सम्पन्न राष्ट्र मशीनरी व निर्मित माल का निर्यात करते हैं एक कच्चे माल तथा आद्यान्नों का आयात करते हैं।

**(4) विदेशी निवेश की सीमा-** ऐसे विकासशील देश जिनके पास खनन, भारी अभियांत्रिकी तथा बागवानी कृषि आदि के विकास के लिए पूँजी का अभाव है, उन देशों में विदेशी निवेश व्यापार को बढ़ावा देता है। विश्व के औद्योगिक राष्ट्र विकासशील राष्ट्रों में पूँजी प्रधान उद्योगों की स्थापना करते है तथा इसके बदले में वे अपने देश के लिए खाद्य पदार्थों तथा खनिजों का आयात सुनिश्चित करते है इसके अलावा अपने उद्योगों में निर्मित उत्पादों के लिए देश व विदेश में बाजार निर्मित करते हैं।

**(5) परिवहन-** वर्तमान में रेल , समुद्री व वायु परिवहन के विकास व विस्तार तथा प्रशीतन व परिरक्षण की बेहतर सुविधाओं ने अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ाया है।

Q.21. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लाभ तथा हानियाँ को समझाइए।

उत्तर- **अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लाभ-**

1 बस्तुओं के उत्पादन में वृद्धि होती है।

2 देश की राष्ट्रीय आय में वृद्धि होती है।

3 व्यर्थ पड़े संसाधन प्रयोग में आने लगते हैं।

4 वस्तुओं के मूल्य में समानता आती है।

5 वस्तुओं एवं सेवाओं की विश्वव्यापी उपलब्धता होती है।

6 ज्ञान एवं संस्कृति को फैलाव को प्रेरित करता है।

7 लोगों के रहन सहन में वृद्धि करता है।

**अंतर्राष्ट्रीय व्यापार की हानियां-**

1 प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक विदोहन होता है, जिससे वो जल्दी समाप्त है।

2 विभिन्न देशों की निर्भरता एक-दूसरे पर बढ़ जाती है।

3 सस्ती विदेशी वस्तुओं के आयात से देश के अनेक उद्योगों के लिए खतरा उत्पन्न हो जाता है।
4 साधन संपन्न विदेशी पूंजीपति निर्बल देशों की भूमि पर अधिकार जमाने लगते है।
5 व्यापारिक संगठन केवल लाभ कमाने की ओर लगे रहते हैं और पर्यावरणीय तथा स्वास्थ्य संबंधी विषयों
पर ध्यान नहीं देते।

**मानचित्र संबंधित प्रश्न**

विश्व मानचित्र में निम्न दर्शाइए-

(i) (अ) भूमध्य सागर (ब) हिन्द महासागर (स) पनामा नहर (द)स्वेज़ नहर (य) मेक्सिको



(ii) (अ) ट्रांस कनेडियन रेलमार्ग (ब)सिडनी (स)सेंटपिट्स्बर्ग (द)ब्लाडिवोस्टोक (य) शंघाई



(iii) (अ) लंदन (ब) न्यूयार्क (स) सान फ्रांसिस्को (द) कोलंबो (य)सींगापुर



(iv) (अ) केपटाउन (ब) उत्तरी अटलांटिक महासागरीय मार्ग (स)पाक जल संधि (द) टोकियो



(v) (अ) मास्को (ब)शिकागो (स) मुंबई (द) पेरिस (य)वैंकूवर



(vi) (अ) चलवासी पशुचारण प्रदेश (ब)आदिकालीन निर्वाह कृषि क्षेत्र
(स)सघन जनसंख्या प्रदेश (द) विरलतम जनसंख्या प्रदेश



## भाग-2 भारत लोग और अर्थव्यवस्था

### इकाई-1 अंक-03

### पाठ-1 भारत - जनसंख्या-वितरण,घनत्व,वृद्धि और संघठन

**बहुविकल्पीय प्रश्न (Multiple Choice Questions)**

1. 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य कोनसा है।

(अ) उत्तरप्रदेश (ब) प० बंगाल (स) बिहार (द) तमिलनाडु (स)

2. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल विश्व की कुल जनसंख्या का कितना प्रतिशत जनसंख्या भारत में निवास करती है।

(अ) 16.5% (ब) 17.5% (स) 15.5% (द) 18.5% (ब)

3. 2011 की जनगणना के अनुसार भारत का जनसंख्या घनत्व कितना है।

(अ) 382 व्यक्ति/वर्गKM (ब) 388 व्यक्ति/वर्गKM (स) 390 व्यक्ति/वर्गKM (द) कोई नही (अ)

4. सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य कौनसा है ?

(अ) आन्ध्रप्रदेश (ब) बिहार (स) उत्तरप्रदेश (द) तमिलनाडु

(स)

5. 2011 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से किस राज्य में नगरीय जनसंख्या का अनुपात सर्वाधिक है ?

(अ) तमिलनाडु (ब) महाराष्ट्र (स) केरल (द) गोवा

(द)

6. जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में कौनसा स्थान है -

(अ) प्रथम (ब) द्वितीय (स) तृतीय (द) चतुर्थ

(ब)

7. 2011 की अनुसार जनगणना के अनुसार भारत की कुल जनसंख्या कितनी है।

(अ) 121.01करोड (ब) 122.8करोड़ (स) 131 करोड़ (द) 128.1 करोड़

(अ)

8.भारत में न्यूनतम जनघनत्व वाला राज्य है-

(अ) राजस्थान (ब) गोवा (स)अरुणाचल प्रदेश (द) सिक्किम (स)

9.2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक जनघनत्व वाला केन्द्रशासित प्रदेश है-

(अ) दिल्ली (ब) चण्डीगढ़ (स) लक्षद्वीप समूह (द)पांडिचेरी (अ)

10. भारत में नकारात्मक जनसंख्या वृद्धि दशक था-

(अ) 1911-21 (ब) 1901-1921 (स)1931-41 (द)1941-51 (अ)

11. भारत की 2011 की जनगणना के अनुसार कितनी जनसंख्या वृद्धि दर है-

(अ) 17.64% (ब) 16.64% (स) 18.64% (द) 20.00%.

(अ)

12. कौशल विकास एवं उद्यमिता नीति कब बनाई गई?

(अ) 2018 (ब) 2017 (स) 2015 (द) 2016

(अ)

13. जनगणना 2011 के अनुसार जनसंख्या की वार्षिक वृद्धि दर है ?

(अ) 1.64% (ब) 1.18% (स) 0.92% (द) 2.22%.

(अ)

14. भारत में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले चार राज्यो का आरोही क्रम बताइए-

(अ) प०बंगाल, बिहार, केरल, उत्तरप्रदेश (ब) बिहार, प. बंगाल , केरल

(स) केरल, उत्तरप्रदेश, पं. बंगाल, बिहार (द)उत्तर प्रदेश, केरल, प. बंगाल, बिहार

(ब)

**रिक्त स्थानों के की पूर्ति करो -**

1. संविधान की आठवीं अनुसुची मे .......................... भाषाए हैं । (22 / 24)

2. राष्ट्रीय युवा नीति ................ में आरम्भ की गई। (फरवरी 2014/नवम्बर 2014)

3. भारत में प्रथम सम्पूर्ण जनगणना ........... ई. में सम्पन्न हुई । (1881 / 1871 )

4. भारत के लिए जनांकिकीय विभाजन वर्ष............... है । (1901/ 1911)

**अतिलघुतरात्मक प्रश्न-**

1. जनसंख्या परिवर्तन के घटक कौन-से है । लिखिये

उत्तर- 1 जन्म दर, 2 मृत्यु दर और 3 प्रवास

2. आश्रित जनसंख्या से क्या तात्पर्य है?

उत्तर- ऐसी जनसंख्या जो किसी भी प्रकार के कार्यो मे सलंग्न नहीं है ऐसी जनसंख्या आश्रित जनसंख्या कहलाती है ।

3. जनसंख्या वृद्धि किसे कहते है ?

उत्तर- दो समय बिन्दुओ के बीच किसी क्षेत्र विशेष मे रहने वाले लोगो की संख्या में परिवर्तन को जनसंख्या वृद्धि कहते है।4. जनसंख्या घनत्व किसे कहते है ?

उत्तर- प्रति वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में रहने वाले लोगो की संख्या को जनसंख्या घनत्व कहते है।

5. कार्यशील जनसंख्या आयु वर्ग है।

उत्तर- कार्य शील जनसंख्या में 15-59 वर्ष तक के व्यक्तियों को शामिल किया जाता है ।

6. जनसंख्या वृद्धि के आधारभूत घटको के नाम लिखिए ?

उत्तर-1 प्राकृतिक वृद्धि -यह अशोधित जन्म और मृत्यु दरों के अंतर के आधार पर ज्ञात की जाती है ।

____2 अभिप्रेरित वृद्धि -यह किसी क्षेत्र में लोगों के आवास व प्रवास के अंतर के आधार पर ज्ञात की जाती है ।

7.कायिक जनघनत्व का सूत्र लिखिए ।

उत्तर- कायिक घनत्व $= \frac{\text{कुल जनसंख्या}}{\text{निवल बोया गया कुल क्षेत्र}}$

8. एक जिले की कुल जनसंख्या 20 लाख एवं क्षेत्रफल 5000 वर्ग कि.मी. है तो जनसंख्या घनत्व ज्ञात कीजिए-

उत्तर- जनसंख्या धनत्व $= \frac{\text{कुल जनसंख्या}}{\text{कुल क्षेत्रफल}}$

कुल जनसंख्या 20,00,000 क्षेत्रफल = 5000 वर्गk.m.

जनसंख्या धनत्व $= \frac{20\,00\,000}{5000}$ = 400 प्रति वर्ग किमी

**लघुतरात्मक प्रश्न -**

10. मुख्य श्रमिक एवं सीमान्त श्रमिक में मुख्य अन्तर लिखिए ?

उत्तर-

| मुख्य श्रमिक | सीमांत श्रमिक |
|---|---|
| भारत में श्रमिकों का यह बड़ा भाग है। | भारत में श्रमिकों का यह छोटा भाग है। |
| वह व्यक्ति जो एक वर्ष में कम से कम 183 दिन काम करता हो । | वह व्यक्ति जो एक वर्ष में 183 दिनो से कम कार्य करता है। |
| मुख्य श्रमिक कुशल कार्य शील जनसंख्या होते है । | सीमांत श्रमिक सहायक के रूप में काम करते है । |

11. जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने वाले कोई चार उपाय लिखिए?

उत्तर- जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने वाले चार कारक निम्न है-

1 विवाह की न्यूनतम आयु में वृद्धि करना ।

2 परिवार कल्याण कार्यक्रम का विस्तार

3 शिक्षा कार्यकमो को बढ़ाना

4 महिला सशक्तिकरण को बढावा देना

5 स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार

12. प्राकृतिक वृद्धि एवं अभिप्रेरित जनसंख्या वृद्धि में अन्तर स्पष्ट कीजिए ?

उत्तर-

13. भारत में जनसंख्या वृद्धि की विभिन्न प्रावस्थाओ को लिखित -

उत्तर- भारत की जनसंख्या वृद्धि को चार प्रावस्थाओ मे बाटो गया है

1-प्रावस्था 'क' :- वर्ष 1901 से 1921 तक इस अवस्था मे उच्च जन्म दर एवं उच्च मृत्यू दर के कारण जनसंख्या वृद्धि रूकी हुई अधवा स्थिर अवस्था रही ।

2- प्रावस्था 'ख' :- वर्ष 1921 से 1955 तक इस अवस्था में उच्च जन्म दर एवं घटती मृत्यू दर के कारण जनसंख्या को स्थिर वृद्धि की स्थिति रही ।


3 प्रावस्था 'ग' :- वर्ष 1951 से 1981 तक इस अवस्था में उच्च जन्म दर एवं गिरती हुई निम्न मृत्यू दर के कारण जनसंख्या में विस्फोटक वृद्धि दर रही ।

4 प्रावस्था 'घ' - वर्ष 1981 से पश्चात इस अवस्था में गिरती हुए निम्न जन्म दर एवं घटती मृत्यू दर देखी जा रही है ।

14. भारत सरकार की युवा नीति का वर्णन कीजिये ।

उत्तर- भारत सरकार की युवा नीति

देश में युवा नीति फरवरी 2014 में प्रारम्भ की गई थी। इस नीति में 15 से 29 वर्ष के आयु वर्ग को युवा के रूप में परिभाषित किया गया है । इस नीति का मुख्य उद्देश्य देश के युवावों को अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करने के लिए सक्षम बनाना और उनके द्वारा भारत को राष्ट्रों के समूह में अपना उचित स्थान प्राप्त करने में सक्षम बनाना है ।



## इकाई 2

## मानव बस्तियां

1. मेगा नगर की जनसंख्या कितनी होती है ?

(अ) 1 लाख से कम जनसंख्या (ब) 1 लाख से 10 लाख

(स) 10 लाख से 50 लाख जनसंख्या (द) 50 लाख से अधिक (द)

2. भारत की जनगणना नगरो को कितने वर्गो में वर्गीकृत करती है ?

(अ) 5 (ब) 6 (स) 7 (द) 8 (ब)

3. नगला क्या है ?

(अ)एक प्रकार का वस्त्र (ब) उद्योग

(स) पल्ली बस्तियों का स्थानीय नाम (द) पर्यटक क्षेत्र (स)

4. भारत में सर्वाधिक प्राचीन महत्वपूर्ण नगर कौनसा है ?

(अ) वाराणसी (ब) जयपुर (स) अहमदाबाद (द) आगरा (अ)

5. भारत के मेगा नगर में शामिल नहीं है ?

(अ) बृहत्त मुम्बई (ब) कोटा (स ) चेन्नई (द) बंगलोर (ब)

6. शिक्षा केन्द्र के रूप में विकसित नगर है -

(अ) अलीगढ़ (ब) रूडकी (स) पिलानी (द) उपरोक्त सभी (द)

7. भारत का गैरीसन नगर (छावनी) है ?

(अ) अम्बाला (ब) जालन्धर (स) महू (द) उपरोक्त सभी (द)

8. जमशेदपुर किस प्रकार के नगर का उदाहरण है ?

(अ) प्रशासनिक नगर (ब) औद्योगिक नगर (स) शैक्षिक नगर (द) पर्यटक नगर (ब)

9. जनगणना 2011 के अनुसार भारत मे नगरीय जनसंख्या कितनी है-

(अ) 31.16% (ब) 53% (स) 60% (द) 25% (अ)

10. जनगणना 2011 के अनुसार भारत मे महानगर / मिलियन सिटी की कुल संख्या कितनी है-

(अ) 35 (ब) 53 (स) 50 (द) 60 (अ)

11.निम्नलिखित में से नगरों का कौन सा वर्ग अपने पदानुक्रम के अनुसार क्रमबद्ध है।

(क) बृहत्त मुम्बई, बेंगलुरु, कोलकाता, चेन्नई (ख) दिल्ली वृहत मुम्बई, चेन्नई, कोलकाता

(ग) कोलकाता बृहत्रमुम्बई, चेन्नई, कोलकात्ता (द) वृहत्त मुम्बई, कोलकाता, दिल्ली, चेन्नई (द)

**रिक्त स्थानों की पूर्ति करो-**

1.भारत की जनगणना नगरों को ............... वर्गों में वर्गीकृत करती है । ( छः / सात )

2. भारत में .................सबसे बड़ा नगरीय संकुल है। ( वृहत मुंबई / कोलकाता )

3. नगर आर्थिक वृद्धि के .................... होते है । ( नोड / संकुल )

4. अंबाला, जालंधर,महू, बबीना और ऊधमपुर ............. नगर के उदाहरण है । ( गेरिसन / खनन )

**अतिलघुतरात्मक प्रश्न**

1. गैरिसन नगर किसे कहते हैं?

उत्तर- गैरिसन नगर छावनी नगर होते है। इन नगरी का विकास सैन्य सम्बन्धी कार्यों हेतु किया जाता है। जैसे अम्बाला, जालन्धर

2. पल्ली बस्तियों को स्थानीय स्तर पर जाना जाता है ?

उत्तर- पल्ली बस्तियों को स्थानीय स्तर पर पान्ना , पाड़ा , नगला ,पाली, ढानी आदि नामों से जाना जाता है ।

3. मानव बस्ती किसे कहते हैं ?

उत्तर- वह स्थान जो कि साधारणतया स्थायी रूप से बसा हो मानव बस्ती कहलाता है । मानव के आवासों के उस संगठित निवास स्थान को बस्ती कहा जाता है जिसमें उनके रहने,उपयोग करने हेतु भवनों तथा आवागमनोंके मार्गों को शामिल किया जाता है ।

4.नगर किसे कहते है ?

उत्तर- जिस क्षेत्र की जनसंख्या 1 लाख या एक लाख से अधिक एवं 10 लाख से कम जनसंख्या रहती हो उसे नगर कहते है ।

**लघुतरात्मक प्रश्न -**

1. भारत में ग्रामीण बस्तियों को कितने प्रकारों में वर्गीकृत किया है।

उत्तर-बस्तियोंके प्रकार निर्मित क्षेत्र के विस्तार एवं मकानों के बीच की दूरी के आधार पर किया जाता है। भारत में ग्रामीण बस्तियों को निम्न चार भागों में वर्गीकृत किया जाता है -

1 गुच्छित बस्ती , 2 अर्ध-गुच्छित बस्ती 3 पल्लीकृत बस्ती , 4 परिछिप्त (एकाकी) बस्ती

2.स्मार्ट सिटी मिशन पर टिप्पणी लिखिए ?

उत्तर- स्मार्ट सिटी मिशन का उद्देश्य शहरों को बढ़ावा देना है, जो आधारभूत सुविधा,'साफ तथा सतत पर्यावरण और नागरिको को बेहतर जीवन प्रदान करता है । इस मिशन से शहरों में आधारभूत सुविधा विकसित करना और सेवाओं के लिए स्मार्ट समाधानों को लागू करना है । जिससे उन क्षत्रों को प्रकृतिक आपदाओं के कम जोखिम वाले क्षत्रों के रूप बनाया जा सके साथ ही कम संसाधनों का उपयोग व सस्ती सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके ।

3. ग्रामीण और नगरीय बस्तियों में आधारभूत अन्तर स्पष्ट कीजिए ?

उत्तर- ग्रामीण बस्तियाँ नगरीय बस्तियाँ

| | |
|---|---|
| ग्रामीण बस्ती में प्राथमिक व्यवसाय किया जाता है । जैसे कृषि, पशुपालन आदि | नगरीय बस्ती में लोग प्राथमिक व्यवसाय को छोड़कर द्वितीयक ,तृतीयक व अन्य विशेषीकृत व्यवसाय करते है।जैसे उध्योग,परिवहन,संचार आदि |
| ग्रामीण बस्तियों में लोग कच्चा माल उत्पादित करते हैं । | नगरीय बस्तियों में लोग आर्थिक वृद्धि के केंद्र के रूप में काम करते हैं । |
| ग्रामीण बस्ती में लोग कम गतिशील जीवन शैली जीते हैं । | नगरीय बस्ती में लोग जटिल और तीव्र जीवन शैली जीते हैं । |
| ग्रामीण बस्ती में लोग सामाजिक रूप से घनिष्ठ रूप से जुड़े होते हैं । | नगरीय बस्ती में लोग सामाजिक संबंध मात्र औपचारिक रूप से जुड़े होते हैं । |

4. निम्न का मिलान कीजिये -

| नगरीय बस्ती का प्रकार | नगर |
|---|---|
| 1. प्रशासनि कनगर | A चण्डीगढ |
| 2. औद्योगिक नगर | B रानीगंज |
| 3. शैक्षिक नगर | C जालन्धर |
| 4. पर्यटक नगर | D शिमला |
| 5. गेरीसन नगर | E रुड़की |
| 6. खनन नगर | F जमशेदपुर |

## इकाई 3

## पाठ 3 भू-संसाधन तथा कृषि

1. खरीफ की फसल है-

(अ) चना (ब) सरसो (स) गेहूं (द) चावल (स)

2. एक वर्ष से अधिक किन्तु पांच वर्षों से कम समय तक कृषि रहित रहने वाली भूमि कहलाती है - (अ)पुरातन परती भूमि (ब)वर्तमान परती भूमि (स)कृषियोग्य व्यर्थ भूमि (द)कृषि अयोग्य व्यर्थ भूमि (अ)

3. निम्न में से कौनसी खाध्यान्न फसल नहीं है।

(अ) चावल (ब) कपास (स) गेहूं (द) मक्का (ब)

4. चावल उत्पादन में भारत का विश्व में कौनसा स्थान है।

(अ) प्रथम (ब) द्वितीय (स) तृतीय (द) चतुर्थ (ब)

5. कपास उत्पादन में भारत का विश्व में कौनसा स्थान है ?

(अ) पहला (ब) दूसरा (स) तीसरा (द) चौथा (ब)

6. प०बंगाल में किसान चावल की निम्न में से कौनसी फसल लेते हैं।

(अ) ओस (ब) अमन (स) बोरो (द) उपर्युक्त सभी (द)

**अतिलघुतरात्मक प्रश्न -**

1.सी.पी.सी.बी. का पूरा नाम क्या है ?

उत्तर- केन्द्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड ( सेंट्रल पोल्यूशन कंट्रोल बोर्ड ) ।

2. भारत का किन दो फसलो के उत्पादन मे विश्व मे पहला स्थान है ?

उत्तर- चावल एवं जुट

3. नरमा से क्या तात्पर्य है।

उत्तर- देश के उत्तर-पश्चिमी भाग में अमेरिकन कपास को नरमा कहते है ।

10. किसान पोर्टल पर टिप्पणी लिखिए ?

उत्तर- कृषि से सम्बन्धित किसी भी जानकारी की तलाश के लिए किसान पोर्टल किसानों के लिए एक मंच है। जिसमे कृषि भण्डारण, फसलो, कीटनाशक दवाईयों प्रदान की जाती है। कृषि मशीनरी आदि की जानकारी प्रदान की जाती है ।

11. शुष्क एवं आर्द्र कृषि में अन्तर लिखिए ?

**उत्तर- शुष्क कृषि उन प्रदेशों में की जाती है जहा वार्षिक वर्षा 75 से कम से होती है जबकि आर्द्र कृषि उन प्रदेशों में की जाती है जहां वार्षिक वर्षा 150-200cm होती है। शुष्क कृषि के अन्तर्गत गेहूं, जौ,चना आदि फसलो का उत्पादन किया जाता है जबकि आर्द्र कृषि के अन्तर्गत चावल, जुट आदि फसलो का उत्पादन किया जाता है ।**

**निबन्धात्मक प्रश्न**

प्रश्न. 1. भारत में चावल की भौगोलिक एवं उत्पादक क्षेत्रों का वर्णन कीजिए–

उ. चावल की कृषि के लिये निम्न भौगोलिक दशाएं हैं –

1. **तापमान**– चावल के लिये कम से कम बोते समय 21 से 27 डिग्री सेल्सियस तापमान की आवश्यकता होती है।
2. **वर्षा** – चावल के लिये 150 से 200 सेमी वार्षिक वर्षा आदर्श होती है। 100 सेमी से कम वार्षिक वर्षा वाले क्षेत्रों में सिंचाई के द्वारा जल की आपूर्ति की जाती है।
3. **मिट्टी** – चावल के लिये उपजाऊ चिकनी, जलोढ़ अथवा दोमट मिट्टी की आवश्यकता होती है।
4. **श्रमिक** – चावल को बोने व कटाई के लिये सस्ते श्रमिकों की आवश्यकता होती है।

उत्पादक क्षेत्र – भारत का चावल उत्पादन में चीन के बाद दूसरा स्थान है। भारत में चावल का उत्पादन निम्नलिखित क्षेत्रों में किया जाता है–

1. **पश्चिम बंगाल** – यह भारत का प्रमुख चावल उत्पादन करने वाला राज्य है। यहां के मुख्य उत्पादक जिले कूचबिहार, जलपाईगुड़ी, मिदनापुर, दिनाजपुर, दार्जिलिंग आदि क्षेत्रों में किया जाता है। यहां चावल की तीन फसलें पैदा की जाती है– अमन, ओस, बोरो
2. **बिहार** – यहां गया, मुंगेर, मुज्जफरपुर, भागलपुर, पूर्निया आदि प्रमुख उत्पादक जिले है।
3. **असम** – यहां पर चावल की कृषि ब्रम्हपुत्र और सुबनसिरि नदी की घाटियों में तथा पहाड़ी ढ़ालों पर सर्वत्र की जाती है।
4. **अन्य** – भारत में चावल का उत्पादन कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा आदि राज्यों में किया जाता है।

प्रश्न. 2. भारत में गन्ना के उत्पादक क्षेत्रों का वर्णन कीजिए–

उ. गन्ना एक उष्ण कटिबंधीय कृषि है। भारत में विश्व का 19 प्रतिशत गन्ने का उत्पादन होता है। ब्राजील के बाद में भारत का गन्ना उत्पादन में दूसरी स्थान है। देश के कुल शस्य क्षेत्र के 2.4 प्रतिशत भाग पर गन्ने की खेती की जाती है। भारत में गन्ने के उत्पादक क्षेत्र निम्नलिखित है–

1. **उत्तरप्रदेश** – गन्ना उत्पादन में उत्तर प्रदेश का प्रथम स्थान है। यहां पर देश का 40 प्रतिशत गन्ना उत्पादन होता है। क्योंकि यहां पर उपजाऊ जलोढ़ मिट्टी एवं पर्याप्त मात्रा में जल उपलब्ध होने के कारण सर्वाधिक उत्पादन होता है। यहां पर सहारनपुर, मुरादाबाद, मेरठ, फैजाबाद, गोरखपुर आदि जिलों में उत्पादन किया जाता है।

2. **महाराष्ट्र** – उत्तरप्रदेश के बाद में दूसरा प्रमुख गन्ना उत्पादक राज्य है। यहां पर गोदावरी नदी की ऊपरि घाटी में गन्ने का उत्पादन अधिक होता है। यहां अहमदनगर, नासिक, पुणे, सोलापुर आदि जिलों में गन्ने का उत्पादन किया जाता है।
3. **कर्नाटक** – यहां भारत का लगभग 11 प्रतिशत गन्ना उत्पादन किया जाता है। शिमोगा, रायचूर, बेलगाम, बेल्लारी आदि जिलों में गन्ने का उत्पादन किया जाता है।
4. **अन्य** – भारत में गन्ना उत्पादन बिहार, मध्यप्रदेश, तमिलनाडू आदि राज्यों में किया जाता है।

प्रश्न. 3. भारतीय कृषि की कोई चार समस्याओं का वर्णन कीजिए–

उ. भारत एक कृषि प्रधान देश है। भारत की अधिकांश जनसंख्या कृषि पर आधारित है। भारतीय कृषि निम्नांकित समस्याएं हैं–

1. अनियमित मानसून पर निर्भरता – भारत में कृषि क्षेत्र का केवल एक तिहाई भाग ही सिंचित है, शेष कृषि क्षेत्र में फसलों का उत्पादन प्रत्यक्ष रूप से वर्षा पर निर्भर है। भारत में मानसून की अनिश्चितता व अनियमितता से सिंचाई हेतु नहरी व भूमिगत जल की आपूर्ति प्रभावित होती है जिससे फसलों के उत्पादन पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है।
2. वित्तीय संसाधनों की बाध्यताएं तथा ऋणग्रस्तता – आधुनिक कृषि में लागत बहुत आती है। सीमांत और छोटे किसानों की कृषि बचत बहुत कम या न के बराबर है। अतः वे सघन संसाधन दृष्टिकोण स की जाने वाली कृषि में निवेश करने में असमर्थ हैं। इन समस्याओं से उबरने के लिए, बहुत से किसान विविध संस्थानों तथा महाजनों से ऋण लेते हैं।
3. छोटे खेत तथा विखण्डित जोत – भारत में सीमान्त तथा छोटे किसानों की संख्या अधिक है। 60 प्रतिशत से अधिक किसानों के पास एक हैक्टेयर से छोटे भू जोत हैं। बढ़ती जनसंख्या के कारण खेतों का जोत और भी अधिक छोटा होता जा रहा है।
4. वाणिज्यकरण का अभाव – भारतीय किसान परम्परागत एवं स्वयं के उपभोग हेतु खाद्यान्न फसलों का उत्पादन करता है। इन किसानों के पास अपनी जरूरत से अधिक उत्पादन के लिए पर्याप्त भू संसाधन भी नहीं हैं इस कारण वाणिज्य वाली फसलों का उत्पादन नहीं कर पाता।

## पाठ 4

## जल संसाधन

**1. भारत में सम्पूर्ण विश्व के घरातलीय भाग का कितना प्रतिशत हिस्सा है-**

(अ) 2.45% (ब) 1.45% (स) 3.45% (द) 1.47% (अ)

**2. निम्नलिखित में से जल किस प्रकार का संसाधन है ?**

(अ) अजैव संसाधन (ब) अनवीकरणीय संसाधन (स) जैव संसाधन (द) चक्रिय संसाधन (द)

**3. देश में प्रयुक्त कुल जल का सबसे अधिक समानुपात निम्नलिखित किस सेक्टर मे हैं-**

(अ) सिंचाई (ब) उद्योग (स) घरेलू उपयोग (द) इनमे से कोई नही (अ)

**4. भारतीय राष्ट्रीय जल नीति कब लागु की गई ?**

(अ) 2022 (ब) 2002 (स) 2020 (द) 2023 (ब)

**5. जल संभर प्रबन्धन से सम्बन्चित नीरु मीरु कार्यक्रम किस राज्य में चलाया जा रहा है -**

(अ) आन्ध्रप्रदेश (ब) राजस्थान (स) हरियाणा (द) तमिलनाडु (अ)

6. धरातलीय एवं भोमजल का सर्वाधिक उपयोग किया जाता है -

(अ) कृषि (ब) औद्योगिक क्षेत्र (स) घरेलू (द) अन्य (अ)

7. सर्वाधिक निवल बोए गये क्षेत्र में सिचाई करने वाला राज्य का नाम बताइये-

(अ) पजाब (ब) यू. पी. (स) मध्यप्रदेश (द) आन्ध्रप्रदेश (अ)

8. दिल्ली व इटावा के बीच सर्वाधिक प्रदूषित नदी कोनसी है -

(अ) गंगा (ब) यमुना (स) चंबल (द) गोदावरी (ब)

**रिक्त स्थानों की पूर्ति करो -**

9. भारत कि सर्वाधिक प्रदूषित ............... नदी है । ( गंगा / यमुना )

10.जल संभर प्रबंधन के लिए **अरवरी पानी संसद कार्यक्रम** राजस्थान के ............. जिले चलाया गया । ( अजमेर / अलवर )

11.नीरू - मीरु कार्यक्रम का संबंध ................ राज्य से है । ( राजस्थान / आन्ध्रप्रदेश )

**अतिलघुतरात्मक प्रश्न -**

12. हरियाली क्या है ?

उत्तर- हरियाली केंद्र सरकार द्वारा प्रवर्तित जल संभर विकास कार्यक्रम है ।

13. किन्ही दो बहुद्देशीय नदी घाटी परियोजनाओं के नाम लिखिए -

उत्तर 1. इन्दिरा गांधी नहर परियोजना

2. दामोदर घाटी परियोजना

**लघुतरात्मक प्रश्न -**

14. वर्षा जल संग्रहण के कोई दो-तीन लाभ लिखिए ।

उत्तर-1. वर्षा के जल को संग्रहित करके पानी की उपलब्धता को बढ़ाया जा सकता है ।

2. इससे फ्लोराइड और नाइट्रेट्स जैसे संदूषको को कम करके अवमिश्रण भूमिगत जल की गुणवत्ता को बढ़ा सकते हैं।

3.लगातार नीचे गिरते भूमिगत जल के स्तर को रोका जा सकता है।

15. जल संभर प्रबन्धन से आप क्या समझते है ?

उत्तर- हर घरातलीय और भोम जल संसाधनों का उचित प्रबन्धन ही जल संभर प्रबंधन कहलाता है । इसके अन्तर्गत बहते जल को रोककर विभिन्न विधियों जैसे अन्तःस्त्रवण तालाब पुनर्भरण, कुऔ आदि के द्वारा भोमजल का संचयन और पुनर्भरण शामिल है ।

16.लैगून किसे कहते है ?

उत्तर- जब किसी सागरीय तट की ओर निकले दो शीर्ष भागो को या खाड़ी के अग्र सिरो को कोई रोधिका इस तरह जोड़ती है कि तट तथा रोधिका के मध्य सागरीय जल आवागमन बंद हो जाता है, तो ऐसी आकृति को लैगून कहते है ।

17. लैगून एवं पश्चजल के दो उपयोग लिखिए।

उत्तर- 1. इसका उपयोग मछली पालन में किया जाता है ।

2. हालांकि इन जलाशयों मे खारा जल है फिर भी इस जल का उपयोग चावल की विभिन्न किस्मो, नारियल, आदि की सिंचाई मे किया जाता है।

18. भारतीय राष्ट्रीय जल नीति 2002 को किन्ही चार विशेषताओ का उल्लेख कीजिए-

उत्तर- 1-सभी मानव जाति एवं प्राणियो के लिए स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना ।

2- भोमजल के शोषण को सीमित और नियमित करने के लिए उपाय करना ।

3- जल संरक्षण,सदुपयोग के लिए जागरुकता विकसित करना ।

4- धरातलीय एवं भौमजल दोनो की गुणवत्ता के लिए नियमित जांच कराना ।

## खनिज संसाधन

1. निम्नलिखित में कौनसा खनिज भूरा हीरा के नाम से जाना जाता है।

(अ) लोहा (ब) लिग्नाइट (स) मेगनीज (द)अभ्रक (ब)

2. निम्न लिखित में से लौह अयस्क का प्रकार है-

(अ) लिग्नाइट (ब) युरेनियम (स) हेमेटाइट (द) बाक्साइट (स)

3. निम्नलिखित में से किस अयस्क का प्रयोग एल्यूमिनियम के विनिर्माण में किया जाता है-

(अ) हेमेटास्ट (ब) मैग्नेटाइट (स) बाक्साइट (द) गेलेना (स)

4. भारत का सबसे बडा कोयला क्षेत्र कोनसा है-

(अ) रानीगंज (ब) झरिया (स) गीरिडिह (द) बोकारो (ब)

5. राजस्थान में किस स्थान पर सौर ऊर्जा शक्तिगृह स्थापित किया गया है-

(अ) जोधपुर(मथानिया) (ब) बीकानेर (स) बाडमेर (द) जैसलमेर (अ)

6. अपरम्परागत ऊर्जा का स्रोत है -

(अ) नाभिकीय ऊर्जा (ब) पवन ऊर्जा (स) सौर ऊर्जा (द) उपर्युक्त सभी (द)

7. निम्न में से धात्विक खनिज है-

(अ) मैगनीज (ब) चुनापत्थर (स) ग्रेफाइट (द) अभ्रक (अ)

8. निम्न लिखित में से कोनसा समाप्य संसाधन है ।

(अ) सौर ऊर्जा (ब) बायोगैस (स) पवन ऊर्जा (द) कोयला (द)

9. भारत का पहला नाभीकिय परमाणु ऊर्जा केन्द्र का नाम बताइए-

(अ) तारापुर (ब) रावतभाटा (स) कलपक्कम (द) नरोरा (अ)

10. परमाणु ऊर्जा आयोग की स्थापना कब की गई-

(अ) 1948 (ब) 1950 (स) 1956 (द) 1947 (अ)

11. मेगनीज के उत्पादन मे अग्रणी राज्य है-

(अ) ओडिसा (ब) झारखण्ड (स) असम (द) पं. बंगाल (अ)

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये-**

1. बाक्साइट अयस्क का प्रयोग ............. के विनिर्माण में किया जाता है । (एल्युमिनियम/ लोहा )
2. ............... मे ट्राम्बे परमाणु ऊर्जा संस्थान की स्थापना की गई । (1954 / 1950 )
3. परमाणु ऊर्जा आयोग की स्थापना ............. में की गई । ( 1960 /1948 )

**लघुतरात्मक प्रश्न-**

1. जैव ऊर्जा की संक्षेप में व्याख्या कीजिए ।

उत्तर - जैव ऊर्जा उस ऊर्जा को कहा जाता है जिसे जैविक उत्पादो से प्राप्त किया जाता है ।जिसमे कृषि अवशेष, नगरपालिका, ओद्योगिक व अन्य अपशिष्ट शामिल होते हैं। इसे विद्युत ऊर्जा, ताप ऊर्जा आदि में परितर्तित किया जाताह है ।

2. धात्विक और अधात्विक खनिजो मे अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

उत्तर-

| धात्विक खनिज | अधात्विक खनिज |
|---|---|
| 1. वे खनिज पदार्थ जिनसे धातु प्राप्ति होती है,धात्विक खनिज कहते है। | वे खनिज पदार्थ जिनसे किसी भी प्रकार की धातु प्राप्त नहीं होती है उसे अधात्विक खनिज कहते है। |
| 2. ये खनिज प्राय: आग्नेय शैलो में पाये जाते है । | ये खनिज प्राय: अवसादी शैलो में पाये जाते है । |
| 3. इन खनिजों को गलाकर दोबारा प्रयोग में लाया जा सकता है । | इन्हे सिर्फ एक बार ही प्रयोग मे लिया जा सकता है। |
| 4. ये खनिज मुख्यत: लोहा,ताम्बा, स्वर्ग, मैगनीज,सीसा, जस्ता आदि होते हैं। | ये मुख्यत: कार्बनिक उत्पत्ति एवं अकार्बनिक उत्पत्ति वाले जैसे कोयला, अभ्रक, पेट्रोलियम आदि प्रकार के होते है । |

3. आप ऊर्जा के समाप्य ऊर्जा स्रोतों को बचाने के लिए किन नवीकरण ऊर्जा स्रोतों का सुझाव देंगे ? किन्ही दो ऊर्जा स्रोतों के नाम लिखो ।

उत्तर- परम्परागत ऊर्जा स्रोतों के स्थान पर नवीकरण योग्य ऊर्जा स्रोतों का उपयोग कर समाप्य स्रोतों को बचाया जा सकता है।

1. सौर ऊर्जा - सूर्य ऊर्जा का असिमित भण्डार है। फोटोवोल्टाइक सेल विधि से सूर्य की किरणों को ऊर्जा में परिवर्तित किया जा सकता है।

2. पवन ऊर्जा - पवन की गतिज ऊर्जा को टरबाइन के माध्यम से विद्युत ऊर्जा में बदलकर प्रदूषण मुक्त ऊर्जा प्राप्त की जाती है ।

इसके अतिरिक्त बायो ऊर्जा,भू-तापीय ऊर्जा, ज्वारीय ऊर्जा, आदि का उपयोग कर समाप्य संसाधनो को बचाया जा सकता है।

Q.4 खनिज संसाधनो के संरक्षण की चार उपाय बताइये ।

उत्तर- खनिज संसाधनों के संरक्षण के मुख्य उपाय निम्न है -

(1) ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोत जैसे - सौर ऊर्जा पवन , तरंग ,भूतापीय ऊर्जा के असमाप्य संसाधन है । इन संसाधनों का अधिकाधिक उपयोग बढ़ाना चाहिए ।

(2) धात्विक खनिजों के मामले में छीजत होने वाली धातुओं के पुनर्चक्रण द्वारा धातुओं का संरक्षण किया जा सकता है । तांबा , सीसा और जस्ता जैसी धातुओं का भंडार भारत में बहुत ही कम है जिसे इस उपाय से बचाया जा सकता है ।

(3) अति अल्प धातुओं के लिए वैकल्पिक साधनों का उपयोग भी इनकी खपत कम कर सकता है ।

(4) समरिक व अतयल्प खनिजों के निर्यात को घटाना चाहिए जिससे ये भंडार लंबे समय तक उपयोग लाये जा सके ।

**निबंधात्मक प्रश्न-**

प्रश्न. 1. भारत के मैंगनीज उत्पादक क्षेत्रों का **निम्न बिन्दु अनुसार** वर्णन कीजिए–

**1. उपयोग 2. प्रमुख उत्पादन क्षेत्र एवं उत्पादन 4. उत्पादन क्षेत्रों का मानचित्र**

उ. 1.उपयोग– यह भारत में खनन किया जाने वाला लौह अयस्क के बाद दूसरा महत्वपूर्ण लौह खनिज है। इसका उपयोग लौह मिश्र धातु विनिर्माण में भी किया जाता है। इसका संबन्ध धारवाड़ क्रम की चट्टानों से है **।**

2.प्रमुख उत्पादक क्षेत्र **एवं** उत्पादन

भारत में मैंगनीज का उत्पादन निम्नांकित राज्यों से होता है–

1. **ओड़िसा** – यह मैंगनीज उत्पादन में प्रथम स्थान रखता है। यहां की मुख्य खदानें बोनाई, केन्दुझर, सुन्दरगढ़, गंगपुर, कोरापुट, कालाहांडी, बोलनगिर जिलों में है।
2. **कर्नाटक** – यहां की खदानें धारवाड़, बेल्लारी, बेलगाम, चिकमंगलूर, शिमोगा, चित्रदुर्ग आदि जिलों में खनन किया जाता है।
3. **महाराष्ट्र** – यहां पर नागपुर, भंडारा, रत्नागिरि जिलों में खनन किया जाता है।
4. **मध्यप्रदेश** – यहां पर बालाघाट, छिंदवाड़ा, निमाड़, झाबुआ जिलों में खनन किया जाता है।
5. **अन्य** – तेलंगाना, गोआ, झारखण्ड राज्यों में भी मैंगनीज के निक्षेप पाए जाते हैं।

## मानचित्र :-

Q.2 **भारत में लोहा अयस्क उत्पादन क्षेत्रों का निम्न बिन्दु अनुसार वर्णन कीजिए ?**

**1. उपयोग 2. प्रमुख उत्पादन क्षेत्र एवं उत्पादन 3. उत्पादन क्षेत्रों का मानचित्र**

अथवा

भारत के प्रमुख लौह खनिज लौह अयस्क का वर्णन कीजिए–

उ. भारत में लौह अयस्क के प्रचुर संसाधन हैं। हमारे देश में लौह अयस्क के दो प्रमुख प्रकारों हेमेटाइट और मैग्नेटाइट का प्रमुख रूप से खनन किया जाता है।

**भारत में संचित भंडार** – भारत में एशिया के विशालतम लौह अयस्क भंडार पाए जाते हैं। लौह अयस्क के कुल आरक्षित भंडारों का लगभग 95 प्रतिशत भाग ओडिसा, झारखण्ड, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गोआ, आन्ध्रप्रदेश तथा तमिलनाडू राज्यों मे स्थित है।

**प्रमुख उत्पादक क्षेत्र** –

1. **ओडिसा** – यह भारत का सबसे बड़ा लोहा अयस्क उत्पादक राज्य है। इस राज्य में लोहा अयस्क सुन्दरगढ़, मयूरभंज, झार स्थित पहाड़ी श्रृंखलाओं में पाया जाता है। यहां की महत्वपूर्ण खदानें गुरूमहिसानी, बादामपहाड़, किरूबुरू, बोनाई है।
2. **झारखण्ड** – यह लौह अयस्क उत्पादन में देश का दूसरा बड़ा राज्य है। इस राज्य में सिंहभूम, हजारीबाग, नोआमंडी और गुआ प्रमुख लौह अयस्क उत्पादक क्षेत्र है।
3. **छत्तीसगढ़** – इस राज्य में दुर्ग, दांतेवाड़ा और बस्तर जिले में उत्तम कोटि के लौह अयस्क का खनन किया जाता है। बस्तर जिले में बैलाडीला तथा डल्ली व दुर्ग जिले में राजहरा श्रेणी की खदानों से लोहा निकाला जाता है।
4. **कर्नाटक** – इस राज्य में लोहा अयस्क के जमाव बेल्लारी जिले के सन्दूर, होस्पेट क्षेत्र में, चिकमंगलूर जिले की बाबाबुदन की पहाड़ियां और कुन्द्रेमुख, शिमोगा, चित्रदुर्ग आदि जिलों से खनन किया जाता है।
5. **महाराष्ट्र** – इस राज्य के चन्द्रपुर, भंडारा, रत्नागिरि जिलों में लौह अयस्क के जमाव पाए जाते हैं।

प्रश्न. 3. निम्नलिखित को भारत के मानचित्र में दर्शाइये–

1. पानीपत (हरियाणा) 2. मथुरा (उत्तरप्रदेश) 3. बरौनी (बिहार) 4. जामनगर व कोयली (गुजरात) 5. मुंबई व ट्राम्बे (महाराष्ट्र) 6. हल्दिया (पं.बंगाल) 7. विशाखापट्टनम् (आन्ध्रप्रदेश) 8. मंगलौर (कर्नाटक) 9. बीना (म.प्र.) 10. पारादीप (ओडिसा)



प्रश्न. 4. निम्नलिखित को भारत के मानचित्र में दर्शाइये–

1. बालाघाट (म.प्र.) 2. अमरकंटक (म.प्र.) 3. हजारीबाग (झारखण्ड) 4. चिकमंगलूर (कर्नाटक) 5. नेल्लौर (आन्ध्रप्रदेश) 6. कोरापुट (ओडिसा) 7. केन्दुझर (ओडिसा) 8. मार्मागोआ (गोआ)

9. बेल्लारी (कर्नाटक) 10. रत्नागिरि (महाराष्ट्र)



**5- निम्नलिखित नाभिकीय ऊर्जा केन्द्रों को भारत के मानचित्र मे प्रदर्शित कीजिए ।**

**1. तारापुर 2.कलपक्कमम 3. रावतभाटा 4. नरोरा**



## इकाई 4

## पाठ - परिवहन तथा संचार

(1) भारतीय रेल प्रणाली को कितने मंडलों में विभाजित किया गया है ?

(क) 9 (ख) 12 (ग) 16 (घ) 14 (ग)

(2) राष्ट्रीय जलमार्ग संख्या-1 किस नदी पर तथा किन दो स्थानों के बीच पडता है?

(क) ब्रह्मपुत्र - सादिया धुबरी (ख) गंगा- हल्दिया - इलाहाबाद

(ग) पश्चिमी तट नहर - कोट्टा पुरम से कोल्लाम (घ) इनमें से कोई नहीं (ख)

(3) निम्नलिखित में से किस वर्ष में पहला रेडियो कार्यक्रम प्रसारित हुआ था ?.

(क) 1911 (ख) 1927 (ग) 1936 (घ) 1923 (घ)

(4) निम्न में से जन संचार का सार्वजनिक साधन कौनसा नहीं है?.

(क) रेडियो (ख) टेलिविजन (ग) उपग्रह (घ) दूरभाष (टेलीफेन) (घ)

(5) उत्तर पश्चिमी रेल मण्डल का मुख्यालय किस शहर में स्थित है !

(क) दिल्ली (ख) मुम्बाई (ग) जयपुर (घ) भोपाल (ग)

(6) नेहरू ट्राफी नौका दौड (वल्लामकाली) कहाँ आयोजित होती है -

(क) चेन्नई (ख) मुम्बई (ग) केरल (घ) गुजरात (ग)

(7) भारत में रेल सेवा कब शुरु हुई थी ?

(क) 1853 (ख) 1857 (ग) 1911 (घ) 1923 (क)

(8) सीमा सडक संगठन की स्थापना कब की गई थी ?

(क) 1860 (ख) 1960 (ग) 1995 (घ) 1990 (ख)

(9) एशिया की पहली देश पारीय पाइपलाइन का नाम बताइये जिसका निर्माण IOL ने किया था ?

(क) असम के नहरकटिया तेल क्षेत्र से - बरौनी तेल शोधन शाला तक

(ख) अंकलेश्वर से कोयली

(ग) हजीरा - विजयपुर - जगदीशपुर (HVJ)

(घ) मुम्बई -हाई-कोयली (क)

(10) भारत में सर्वाधिक प्रभावी आधुनिकतम व्यक्तिक संचार प्रणाली कौनसी है ?

(क) दूरभाष (ख) ई-मेल (ग) पत्र (घ) इन्टरनेट (घ)

### रिक्त स्थानों की पूर्ति करो

(i) भारतीय राष्ट्रीय महामार्ग प्राधिकरण (NHAI) की स्थापना ............. में हुई । (1995 / 1960)

( ii ) प्रथम भारतीय रेल मुम्बई से थाने के बीच (34 K.M.लम्बाई) .................. से शुरु हुई ।(1943 / 1753)

(ii) देश में राष्ट्रीय जलमार्गों के विकास, अनुरक्षण व नियमन हेतु 1996 में .......................... प्राधिकरण की स्थापना हुई । (राष्ट्रीय राजमार्ग / अन्तःस्थलीय जलमार्ग )

(iv) भारत में भार के अनुसार लगभग 95% तथा मूल्य के आधार पर विदेशी व्यापार.............. द्वारा होता है। (राष्ट्रीय राजमार्गो / महासागरीय जलमार्गो )

(v) भारत में अन्तर्राष्ट्रीय वायु परिवहन .............................सेवा के द्वारा प्रबंधित की जाती है। (एयर इण्डिया / इण्डियन)

(vi) नेशनल रिमोट सेंसिंग एजेंसी (NRSA) का मुख्यालय...................मे स्थित है। (हैदराबाद / चेन्नई)

(vii) इण्डियन नेशनल सेटेलाइट सिस्टम (INSAT) की स्थापना ......................... में की गई । (1993/1903)
(viii) भारत में सर्वाधिक क्षेत्रों को आपस में जोडने का काम............ सडके करती है। (राष्ट्रीय / ग्रामीण)

## लघुतरात्मक प्रश्न

**Q.1 स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना पर टिप्पणी लिखिए ।**

उत्तर- स्वर्निम चतुर्भुज परियोजना में 5846 किमी लम्बी 4 लेन या 6 लेन वाले उच्च सघनता का यातायात
गलियरा शामिल है जो चार बडे महानगरों - दिल्ली- कोलकात्ता - चेन्नई-मुम्बई को जोड़ते है। इस परियोजना के निर्माण से भारत के इन महा नगरो बीच समय -दूरी तथा यातायात लागत में कमी आयी है।

**Q.2 पाईप लाईन परिवहन की विवेचना कीजिए ।**

उत्तर- पाईप लाईन मार्ग गैस एवं तरल पदार्थों का लम्बी दूरी तक परिवहन बहुत ही सुविधापूर्ण एव उपर्युक्त प्रणाली तंत्र होता है। इनसे ठोस पदार्थों को भी घोल के रूप में पिघलाकर परिवहन कराया जाता है। भारत में ऑईल इंडिया लिमिटेड( OIL) द्वारा कच्चे तेल व प्राकृतिक गैस का अन्वेषण उत्पादन व परिवहन पाइप लाइन मार्ग द्वारा किया जाता है ।

**Q.3 सीमा सड़क संगठन (B.R.O.) के कार्य बताइये ।**

उत्तर1- देश की उत्तरी व उत्तरी - पूर्वी सीमा से सटी सीमा पर सामरिक महत्व की सड़के निर्माण करना

2- दुर्गम पहाडी क्षेत्रों में सन्हें बनाकर पुरुस सम्पर्क विकसित करना
3- अन्तरर्राष्ट्रीय महत्व मार्गो पर प्रभावी संपर्क उपलब्ध कराकर भारत का पड़ोसी देशों के साथ सद्भावनापूर्ण संबंध को बढ़ावा देने में सहयोग
4- पहाडी, दुर्गम र सीमा क्षेत्रों' से सडकों की सुरक्षा, रखरखान हरना

**Q.4. रेल पटरी के बीच की चौड़ाई के आधार पर भारतीय रेल के कितने वर्ग बनाए गए है ? संक्षिप्त में वर्णन करें ?**

उत्तर:- गेज के आधार पर रेल पटरियों के तीन वर्ग बनाए गए है

1 ब्राडगेज - ब्रॉड गेज में रेल पटरियों के बीच की दूरी 1.616 मीटर होती है। ये पटरियाँ कुल 60510 किमी लम्बाई की है।

2 मीटर गेज - मीटर गेज में को रेल पटरियों के बीच में एक मीटर की दूरी होती है।मीटर गेज की कुल लंबाई 3380 किमी है ।इसे अब ब्रॉड गेज मे जा रहा है।

3 नैरो गेज - छोटी लाइन में पटरियों के बीच की दूरी 0.7628 या 0.6% मीटर होती है । नैरो गेज की कुल लम्बाई 2297 किमी है । यह लाइन पर्वतीय क्षेत्रों में ही स्थित है।

**Q.5 कोंकण रेलवे का संक्षिप्त वर्णन कीजिए।**

उत्तर :- भारतीय रेलवे ने 1998 में कोंकण रेलवे का निर्माण किया था। यह रेलमार्ग महाराष्ट्र में रोहा से कर्नाटक के मंगलोर तक 760 कि.मी को जोडता है। इस रेल मार्ग पर इन्जिनियरों ने 145 नदियो व धाराओं पर 2000 पुल एवं 91 सुरंगे बनाकर निर्मित किया है। इस कार्य पर एशिया की सबसे लंबी सुरंग भी 6.5 कि. मी. लम्बाई की है। इस कार्य में कर्नाटक, गोवा तथा महाराष्ट्र राज्य भागीकर है।

**Q.6 निर्माण व रख-रखान के आधार पर भारत में सड़कों का वर्गीकरण कितने भागों में किया गया है—**

उत्तर - चार भागों में वर्गीकृत किया गया है

(1) राष्ट्रीय राजमार्ग

(2) राज्य राजमार्ग

(3) जिला सडके

(4) ग्रामीण सडकें

**Q.7 सड़क घनत्व को प्रभावित करने वाले कोई चार कारक बताइए-**

उत्तर - 1 भू -आकृति - मैदानी भागों में आत्यधिक, पहाडी व दुर्गम भागों ने कम घनत्न होता है।

2 आर्थिक विकास का स्तर - अधिक आर्थिक विकसित भों के सघन अधिक एवं अल्प विकसित भागों में सड़के कम विकसित होती है।

3 सरकारी नीति- सरकार की इच्छा शक्ति से भी सडक घनत्व प्रभावित होता है।

4 जनसंख्या घनत्व के अनुसार सड़क घनत्व भी कम या अधिक होता है।

**Q.8 पाइप लाइन परिवहन की विशेषताएं बताइए -**

उत्तर - 1 किसी भी प्रकार के धरातल पर आसानी से बिछाई जा सकती है।

2 लम्बे समय तक उपयोग से सस्ती पढ़ती है।

3 समय की बचत

4 प्रदूषण नहीं होता

5 तरल व गैसीय पदार्थों का परिवहन सुगम होता है।

**Q.9 सड़क परिवहन का उपयोग भारत में अन्य परिवहन के साधनों से ज्यादा होता है। क्यों? महत्व के को चार बिन्दु बताईए ।**

उत्तर -1 सड़कें द्वार से द्वार तक सेवा प्रदान करती है।

2 सड़कें अन्य परिवहन के साधनों की पूरक प्र होती है।

3 शीघ्र खराब होने वाली वस्तुओं को उपभोक्ता तक पहुंचाने में उपयोगी होना

4 सडको का निर्माण रखरखाव अपेक्षाकृत कम लागत व आसान होता है।

**Q. 10 निम्न का मिलान किजिए-**

1 दिल्ली ----- A पूर्वी रेलमण्डल मुख्यालय 2 जयपुर ------- B मध्य रेलमण्डल मुख्यालय

3 मुम्बई ----- C उत्तर-पश्चिम रेलमण्डल मुख्यालय 4 कलकत्ता ----- D उत्तरी रेलमण्डल मुख्यालय

## इकाई 4

## पाठ- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

(1) दो देशों के मध्य व्यापार कहलाता है ?

(क) अंतर्देशीय व्यापार (ख) अन्तरर्राष्ट्रीय व्यापार (ग) बाह्य व्यापार (घ)स्थानीय व्यापार

(ख)

(2) निम्न लिखित में से कौन-सा एक स्थलबद्ध पोताश्रय है?

(क) विशाखापट्टनम (ख) मुंबई (ग) एन्नौर (घ) हल्दिया

(क)

(3) भारत का अधिकांश विदेशी व्यापार वहन होता है -

(क) स्थल और समुद्र द्वारा (ख )एक स्थल और वायु द्वारा

(ग) समुद्र और वायु द्वारा (घ) समुद्र द्वारा

(क)

(4) कच्छ की खड़ी में कौनसा पतन स्थित है-

(क) मुम्बई (ख) काण्डला (ग) पार दीप (घ) मार्मागाओ

(ख)

(5) भारत के पूर्वी तट पर स्थित पतन कौनसा है -

(क) ) काण्डला पतन (ख) मुम्बई पतन (ग) कोच्चि पतन (घ) चेन्नई पतन

(घ)

(6) भारत के पश्चिमी तट पर स्थित पतन है -

(क) ) हल्दिया पतन (ख) कोलकाता पतन (ग) विशाखाकापट्टनम पतन (घ) मुम्बई

(घ)

(7) भारत के अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में निर्यात संगठन की आर्थिक रिपोर्ट 2016-17 के आधार पर सर्वाधिक हिस्सा
किसका है-

(क) कृषि एवं समवर्ती उत्पाद (ख) अयस्क एवं खनिज

(ग) विनिर्माण वस्तुएँ (घ) पेट्रोलियम व अपरिष्कृत उत्पाद

(ग)

(8) भारत की स्थल सीमा से व्यापार करने वाले देशों में नहीं है?

(क) चीन (ख) बांग्लादेश (ग) पाकिस्तान (घ) श्रीलंका

(घ)

(9) भारत की समुद्री सीमा से व्यापार करने वाले देशो में नहीं है?

(क) ब्रिटेन (ख) जापान (ग) नेपाल (घ) अमेरिका (ग)

(10) यदि आप पंजाब राज्य से जल मार्ग का उपयोग करते हुए अन्तरराष्ट्रीय व्यापार करना चाहते है तो कौनसे बन्दरगाह को चुनेंगे ?

(क) कोलकाता (ख) चेन्नई (ग) मुम्बई (घ) काण्डला (घ)

## रिक्त स्थान की पूर्ति करें—

(1) आपात व निर्यात के सन्तुलन को ..........................संतुलन कहते हैं। (व्यापार /आयात)

(2) भारत के पश्चिमी तट पर ................................ पतन स्थित है। (कोलकाता / मुम्बई)

(3) अन्तर-राष्ट्रीय व्यापार के प्रवेश द्वार को.............................. कहा जाता है। (समुद्री पतन / विमान पत्तन )

(4) मुम्बई पतन का भार कम करने के लिये................ पत्तन का विकास किया गया है। ( न्हावा-सेवा / काण्डला)

(5) देश के पश्चिमी एवं उत्तरी-पश्चिमी भाग की अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार संबंधी जरूरतों के लिए ................ पत्तन का विकास किया गया है। (कांडला / मर्मागाओ)

(6) भारत में सबसे पुराना व कृत्रिम ............................पत्तन है। (तूतीकोरन (चैन्नई)

(7 ) कोलकात्ता पत्तन के व्यापारिक दबाव को कम कर करने के लिए......................... पतन विकसित किया गया है। (पारादीप/हल्दिया)

(8) अरब सागर की रानी जिसके तट पर कोच्चि पत्तन स्थित है, को..................... कहा जाता है। (बेवानंद कयाल / पुलीकट )

(9) जापान को लोहा- इस्पात के निर्यात के लिए ...................पत्तन की महत्ता है। (मार्मागाओ/कोच्चि)

(10) लम्बी दूरी वाले उच्च मूल्यवान या नाशवान सामान को कम समय में ले जाने व निपटाने के लिए .............उपर्युक्त है। (जल परिवहन / वायु परिवहन)

## अति-लघुत्तरात्मक प्रश्न

Q.1-पिछले कुछ वर्षों में भारत में व्यापार घाटे में वृद्धि हुई है। व्यापार घाटे में हुई इस वृद्धि का मुख्य कारण बताइए ।

उत्तर - अपरिष्कृत (क्रूड) पेट्रोलियम का आयात बढ़ने के कारण

Q.2- महाराष्ट्र में मुम्बई, तमिलनाडु में चैन्नई व प. बंगाल में कॉलकाता बन्दरगाह के दबाव को कम करने के लिए कौनसे नवीन पोताश्रय का निर्माण किया गया है?

उत्तर - महाराष्ट्र - जवाहर लाल नेहरू पत्तन (न्हावासेवा )

तमीलनाडु - एन्नोर एवं तूतीकोरन पत्तन

प. बंगाल- हल्दिया पत्तन

Q.3- भारत मे कौनसा पत्तन स्थलरुद्ध देशों को समुद्री पत्तन सुविधाएं प्रदान करता है? ऐसी सुविधा प्राप्त करने वाले देशों के नाम बताइये ।

उत्तर - कोलकात्ता पत्तन ऐसी सुविधा स्थलरुद्ध देश नेपाल और भूटान देशों को प्रदान करता है।

Q.4 - भारत के पूर्वी तट पर कौनसा प्रमुख समुद्री पत्तन भू-आवद्ध पतन है?

उत्तर - आन्ध्र प्रदेश में विशाखापट्टनम पत्तन

Q.5 - भारत का सबसे अधिक निर्यात व्यापार विश्व में किन प्रदेशों से है?

उत्तर- एशिया और ओशनिया से ।

Q.6 - देश विभाजन के समय कौन से दो पतन हमारे देश से अलग हो गए थे?

उत्तर - (1) कराची (पाकिस्तान) (2) चिटगांव (बांगलादेश)

## लघुत्तरात्मक प्रश्न

**Q.1- पृष्ठ प्रदेश किसे कहते हैं ?**

**उत्तर :- ऐसा क्षेत्र जो किसी बन्दरगाह से सेवा प्राप्त करता है और सेवा प्रदान करता है, आयात एवं निर्यात संबंधित उत्पाद एवं सेवाओं का आदान एवं प्रदान किया जाता है , वह उस बन्दरगाह का पृष्ठ प्रदेश कहलाता है।**

**Q.2 - अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के कोई तीन उपायों का उल्लेख करें।**

**उत्तर:- भारत में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से लगातार अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के प्रारुप में बदलाव हुए है।भारत के व्यापार को बढ़ाने के लिए निम्न उपाय किये गए है**

**1 भारत सरकार द्वारा उधयोगों में उदारीकरण की नीति अपनाई गई है।**

**2 विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से विकास किया है ।**

**3 बाजारों में विविधरूपता विकसित की है।**

**4भारत ने विश्व व्यापार संगठन, व अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार संगठनों में मजबूत सदस्यता बनाई है।**

**Q.3 आजादी के बाद भारत में समुद्री पतनों में मुम्बई एवं कोल्काता पत्तनों पर अचानक दबाव क्यों आ गया था। इस दबाव को कम करने के लिए क्या उपाय किये गए ?**

**उत्तर:-1- आजादी के तुरुन्त बाद कराची पत्तन पाकिस्तान में, तो चिटगांव पतन बांग्लादेश में चला गया था अतः मुम्बई व कलकत्ता बन्दरगाहों पर देश के व्यापार का भार बढ़ गया था ।**

**2 - मुम्बई के दबाव को कम करने के लिए कान्डला एवं न्हावाशेवा पत्तन तथा कोलकाता के दबाव को कम करने क लिए हल्दिया पत्तन को विकसित किया गया ।**

## 6. भारत के संदर्भ में नियोजन और सततपोषणीय विकास

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न-**

**1 . इंदिरा गाँधी नहर परियोजना कब प्रारम्भ हुई?**

**(अ) 1938 (ब) 1948 (स) 1968 (द) 1958**

**(द)**

**2. इंदिरा गाँधी नहर की संकल्पना किसने दी?**

**(अ) प्रो. अमर्त्य सेन (ब) इंदिरा गाँधी (स) कँवर सेन (द) महबूब उल-हक**

**(स)**

**3. नीति आयोग से पूर्व नियोजन का कार्य किस संस्था द्वारा किया जाता था?**

**(अ) योजना आयोग (ब) वन मंत्रालय (स) कृषि विकास (द) पर्यावरण विभाग**

**(अ)**

**4. योजना आयोग का स्थान नीति आयोग ने कब लिया?**

**(अ) जनवरी 1,2013 (ब) जनवरी 1,2014 (स) जनवरी 1,2015 (द) जनवरी 1,2016**

**(स)**

**5. किस दशक में विकास की परिभाषा में 'पुनर्वितरण के साथ वृद्धि' व 'वृद्धि और समानता' जैसे वाक्यांश शामिल किए गए ?**

**(अ) 1970 (ब) 1960 (स) 1950 (द) 1980 (अ)**

6. देश के 15 जिलों में 'पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम' किस पंचवर्षीय योजना में प्रारंभ किया गया था?

(अ) आठवीं पंचवर्षीय योजना ( ब) पांचवीं पंचवर्षीय योजना

(स) तीसरी पंचवर्षीय योजना (द) द्वितीय पंचवर्षीय योजना (ब)

(7) प्रदेशीय नियोजन का संबंध है-

(अ) आर्थिक व्यवस्था के विभिन्न सेक्टरों का विकास (ब) क्षेत्र विशेष के विकास का उपागम

(स) परिवहन जल तंत्र में क्षेत्रीय अंतर (द) ग्रामीण क्षेत्रों का विकास (ब)

8. 'द पापुलेशन बम' पुस्तक के लेखक हैं-

(अ) मीडोस (ब) एहरलिच (स) अमर्त्य सेन (द) इन्दिरा गाँधी (ब)

9. निम्न में से कौनसा क्षेत्र पर्वतीय विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत शामिल है?

(अ) दार्जिलिंग (ब) नीलगिरी (स) मिकिर पहाड़ी प्रदेश (द) उपर्युक्त सभी (द)

10. 1967 में योजना आयोग ने देश में कितने जिलों (पूर्ण या आंशिक) की पहचान सूखा सम्भावित जिलों के रूप में की थी?

(अ) 30 (ब) 75 (स) 67 (द) 97 (स)

11. निम्न में से कौनसी नदी भरमौर जनजातीय क्षेत्र में प्रवाहित होती है?

(अ) रावी (ब) बुढील (स) टुंडेन (द) उक्त सभी (द)

12. ब्रंटलैण्ड रिपोर्ट कब प्रकाशित की गई थी?

(अ) 1987 (ब) 1972 (स) 1968 (द) 1960

(अ)

13. इंदिरा गांधी नहर किन-किन राज्यों से गुजरती

उत्तर -राजस्थान, पंजाब और हरियाणा ।

14. सूखा संभावी क्षेत्रों में विकास के कोई दो उद्देश्य बताइये।

उत्तर -रोजगार उपलब्ध कराना और सूखे के प्रभाव को कम करना।

15. भरमौर क्षेत्र में स्थित दो पर्वत श्रेणियों के नाम बताओ।

उत्तर-पीर पंजाल तथा धौलाधार श्रेणी।

16. भारत में आर्थिक नीति के अन्तर्गत उदारीकरण के अनेक उपायों की घोषणा किस पंचवर्षीय योजना में की गई थी?

उत्तर -आठवीं पंचवर्षीय योजना (1992-1997) में।

17. प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951-56) का मुख्य उद्देश्य क्या था?

उत्तर -विभाजन के पश्चात् अर्थव्यवस्था में उत्पन्न हुए असंतुलन को दूर कर समग्र विकास करना।

18. योजना आयोग का स्थान किस संस्थान ने लिया है?

उत्तर-1 जनवरी, 2015 को योजना आयोग का स्थान नीति आयोग ने ले लिया।

19. इंदिरा गांधी नहर परियोजना कब प्रारंभ हुई थी?

उत्तर -इंदिरा गांधी नहर परियोजना 31 मार्च, 1958 को प्रारंभ हुई थी।

20. 'जनजातीय उप-योजना' कब प्रारंभ की गयी थी?

उत्तर -1974 में पांचवीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत 'जनजातीय उप-योजना' प्रारंभ हुई थी।

21. भारत के पर्वतीय क्षेत्रों के विकास हेतु कोई चार सुझाव दीजिए।

अथवा

भारत के पर्वतीय क्षेत्रों के विकास हेतु कोई चार सुझाव दीजिए। पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत राष्ट्रीय समिति द्वारा पहाड़ी क्षेत्रों के विकास के लिए कौन-कौनसे सुझाव दिए गए हैं?

उत्तर -(i) प्रभावशाली व्यक्तियों के साथ अन्य लोग भी लाभान्वित हों,

(ii) स्थानीय संसाधनों और प्रतिभाओं का विकास होना चाहिए,

(iii) जीविका-निर्वाह अर्थव्यवस्था को निवेश-उन्मुखी अर्थव्यवस्था बनाना होगा,

(iv) अन्तः प्रादेशिक व्यापार में पिछड़े क्षेत्रों के शोषण को रोकना होगा,

(v) पिछड़े क्षेत्रों की बाजार व्यवस्था में सुधार करके श्रमिकों को लाभ पहुँचाना होगा,

(vi) पारिस्थितिकीय संतुलन को बनाए रखना ।

22. WECD से आप क्या समझते हैं?

उत्तर -WECD का पूरा नाम 'विश्व पर्यावरण और विकास आयोग' है। इसकी स्थापना संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा पर्यावरण मुद्दों पर विश्व समुदाय की बढ़ती चिंता को ध्यान में रखकर की गई थी। इस आयोग की प्रमुख नार्वे की प्रधानमंत्री 'गरो हरलेम ब्रंटलैंड' थी। इस आयोग ने 1987 में अपनी रिपोर्ट 'अवर कॉमन फ्यूचर' प्रस्तुत की थी, जिसे - 'ब्रेटलैंड रिपोर्ट' भी कहा जाता है।

23. इन्दिरा गाँधी नहर कमान क्षेत्र में सतत पोषणीय विकास को बढ़ावा देने हेतु कोई चार उपाय सुझाइए।

उत्तर -इन्दिरा गाँधी नहर कमान क्षेत्र में सतत पोषणीय विकास को बढ़ावा देने हेतु उपाय निम्न हैं-

(i) जल प्रबन्धन नीति का कठोरता से कार्यान्वयन होना चाहिए।

(ii) कम पानी वाली फसलों की बुवाई को बढ़ावा देना चाहिए।

(iii) बहते हुए जल क्षति रोकने के उचित उपाय किए जाने चाहिए।

(iv) वनीकरण, वृक्षों की रक्षण मेखला का निर्माण व चारागाह विकास किया जाये।

(v) जलाक्रान्ता एवं लवण से प्रभावित भूमि का पुनरुद्धार किया जाना चाहिए आदि।

24. नियोजन से क्या अभिप्राय है तथा यह किस प्रकार से एक क्रमिक प्रक्रिया है?

उत्तर -नियोजन सामान्यतः भविष्य की समस्याओं के समाधान के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करना तथा उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु गतिविधियों को क्रियान्वित करने की एक प्रक्रिया है। किसी भी क्षेत्र के नियोजन के लिए चुनी गई समस्याएँ मुख्यतया आर्थिक और सामाजिक होती हैं। नियोजन के प्रकार और स्तर के अनुसार नियोजन की अवधि में भी अन्तर होता है, लेकिन सभी प्रकार के

नियोजन में एक क्रमिक प्रक्रिया होती है, जिसकी कुछ अवस्थाओं के रूप में संकल्पना की जाती है। इस कारण नियोजन को एक क्रमिक प्रक्रिया कहा गया है ।

25. 'लक्ष्य क्षेत्र' और 'लक्ष्य समूह' नियोजन से क्या अभिप्राय है? इन क्षेत्रों में कौन-से कार्यक्रम सम्मिलित हैं?

उत्तर -किसी भी क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए उस क्षेत्र के संसाधनों के साथ-साथ तकनीक और निवेश की आवश्यकता होती है; परन्तु विगत डेढ़ दशक (15 वर्ष) के नियोजन अनुभवों से स्पष्ट है कि आर्थिक विकास में क्षेत्रीय असंतुलन बढ़ रहा है। अतः क्षेत्रीय एवं सामाजिक विषमताओं की प्रबलता को कम करने के उद्देश्य से योजना आयोग ने 'लक्ष्य क्षेत्र' और 'लक्ष्य समूह' योजना उपागम प्रस्तुत किये । 'लक्ष्य क्षेत्र' के अन्तर्गत कमान नियंत्रित क्षेत्र विकास कार्यक्रम, सूखाग्रस्त क्षेत्र विकास कार्यक्रम, पर्वतीय क्षेत्र विकास कार्यक्रम शामिल हैं, जबकि लघु कृषक विकास संस्था (SFDA), सीमांत किसान विकास संस्था (MFDA) आदि कार्यक्रम 'लक्ष्य समूह' कार्यक्रम में सम्मिलित किए गये हैं।

26. भरमौर जनजातीय विकास परियोजना के मुख्य उद्देश्य बताइये।

उत्तर -भरमौर जनजातीय क्षेत्र में विकास की प्रक्रिया 1975 में शुरू हुई, जब गद्दी लोगों को अनुसूचित जनजातियों में शामिल किया गया। पांचवीं पंचवर्षीय योजना, जो 1974 से 1978 तक क्रियान्वित थी, में भरमौर क्षेत्र में समन्वित जनजातीय विकास परियोजना (आई.टी.डी.पी.) प्रारम्भ की गई। इस क्षेत्र विकास योजना के उद्देश्य थे-

(1) गद्दियों के जीवन स्तर में सुधार करना।

(2) भरमौर तथा हिमाचल प्रदेश के अन्य भागों के बीच में विकास के स्तर में अंतर को कम करना।

(3) परिवहन एवं संचार, कृषि और इससे संबन्धित क्रियाओं तथा सामाजिक व सामुदायिक सेवाओं के विकास को सर्वाधिक प्राथमिकता देना।

27.इंदिरा गांधी नहर कमान क्षेत्र में सतत पोषणीय विकास को बढ़ावा देने के लिए उपाय लिखिए ।

उत्तर -इंदिरा गांधी नहर कमान क्षेत्र में विगत कुछ दशकों में विकास के साथ-साथ भौतिक पर्यावरण का.. निम्नीकरण भी हुआ है। अतः इस कमान क्षेत्र में सतत पोषणीय विकास का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए निम्न उपाय अपनाये जाने चाहिए-

(1) जल प्रबंधन - इंदिरा गांधी नहर कमान क्षेत्र में सतत पोषणीय विकास को प्राप्त करने की सबसे महत्त्वपूर्ण आवश्यकता जल प्रबंधन नीति का कठोरता से पालन करना है। मूलतः इस नहर परियोजना के चरण-1 में कमान क्षेत्र में फसल रक्षण सिंचाई और चरण-II में फसल उगाने और चरागाह विकास के लिए विस्तारित सिंचाई का प्रावधान रखा गया है। अतः जल प्रबंधन नीति का कठोरता से कार्यान्वयन आवश्यक है।

(2) जल का समान वितरण -कमान क्षेत्र विकास कार्यक्रम, जैसे-नालों को पक्का करना, भूमि विकास तथा समतलन और कमान क्षेत्र में नहर के जल के समान वितरण के लिए बारबंदी (ओसरा) पद्धति

प्रभावी रूप से कार्यान्वित की जानी चाहिए ताकि व्यर्थ बहते जल की क्षति को मार्ग में कम किया जा सके।

(3) बागाती कृषि - इस क्षेत्र के शस्य प्रतिरूप में जल सघन फसलों के स्थान पर किसानों को बागाती कृषि के अंतर्गत खट्टे फलों की कृषि करनी चाहिए।

(4) भूमि सुधार -सघन सिंचाई और जल के अत्यधिक प्रयोग से जलाक्रांत और लवण से प्रभावित भूमि का पुनरुद्धार आवश्यक है।

(5) वनीकरण एवं चरागाह विकास -इस क्षेत्र में, विशेषकर चरण-II के कमान क्षेत्र के भंगुर पर्यावरण में पारितंत्र विकास के लिए वनीकरण, वृक्षों का रक्षण मेखला का निर्माण और चरागाह विकास अति आवश्यक हैं।

(6) कृषि विकास -इस प्रदेश में सामाजिक सतत पोषणीय विकास का लक्ष्य निर्धन आर्थिक स्थिति वाले भूआवंटियों को, कृषि के लिए पर्याप्त मात्रा में वित्तीय और संस्थागत सहायता उपलब्ध करवा कर ही प्राप्त किया जा सकता है।

(7) आर्थिक विविधीकरण -इस क्षेत्र में आर्थिक सतत पोषणीय विकास की अवधारणा को मात्र कृषि और पशुपालन के विकास द्वारा साकार नहीं किया जा सकता अतः इस क्षेत्र में कृषि और इससे सम्बन्धित क्रियाकलापों को अर्थव्यवस्था के अन्य सेक्टरों के साथ विकसित करना होगा, जिससे इस क्षेत्र में आर्थिक विविधीकरण होगा तथा मूल आबादी गांवों, कृषि सेवा केन्द्रों और विपणन केन्द्रों अर्थात् मण्डी कस्बों के बीच प्रकार्यात्मक सम्बन्ध भी स्थापित होंगे।

अतः उपर्युक्त उपायों को अपनाकर इंदिरा गांधी नहर कमान क्षेत्र में सतत पोषणीय विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

## इकाई 5

## भौगोलिक परिप्रेक्ष्य में चयनित कुछ मुद्दे एवं समस्याएं

**वस्तुनिष्ठ प्रश्न-**

Q.1 निम्नलिखित में मानव क्रियाक्लापों से उत्पन्न जल प्रदूषण का कारण है -

(अ) औद्योगिक अपशिश्ठ (ब) कृषि अपशिष्ट (स) घरेलु अपशिष्ट (द) भू-स्खलन (द)

Q.2 जल जनित रोग कौनसा नहीं है-

(अ) दस्त (डायारिया (ब) आंतों में कृमि (स) एड्स (द) हेपेटाइटिस (स)

Q.3 निम्न लिखित में से सर्वाधिक प्रदूषित नदी कौन सी है?

(अ) ब्रहमपुत्र (ब) सतलुज (स) यमुना (द) गोदावरी (स)

Q.4 निम्नलिखित में से कौन सा रोग जल- जन्य है -

(अ) नेत्रश्लेष्मलाशोथ (ब) अतिसार (स) श्वशन संक्रमण (द) श्वासनली शोध (ब)

Q.5 निम्न लिखित में से कौन सा अम्ल वर्षा का एक कारण है -

(अ) जल प्रदूषण (ब) शोर प्रदूषण (स) भूमि प्रदूषण (द) वायु प्रदूषण (द)

Q.6 "नमामि गंगे" कार्यक्रम किस नदी के प्रदूषण को दूर करने के लिए चलाया जा रहा है ?

(अ)यमुना नदी (ब) गंगा नदी (स) ब्रमपुत्र नदी (द)कावेरी नदी (ब)

**Q.7 वायु प्रदूषण से कौनसा रोग होता है?**

**(अ) श्वसन संक्रमण (ब) अतिसार (स) हेपेटाइटिस (द)दस्त (अ)**

**Q.8 निम्नलिखित में से वायु प्रदूषण के प्रमुख कारणों में कोनसा नहीं है ?**

**(अ) जीवाश्म ईंधन का दहन (ब) खनन (स) उद्योग (द) वृक्षारोपण (द)**

**Q.9 ध्वनि को मापने की ईकाई है ?**

**(अ) रिएक्टर (ब) डेसीबल (स) मीटर (द)सेल्सियस (अ)**

**Q.10 यमुना नदी किन दो शहरों के मध्य सबसे अधिक प्रदूषित है -**

**(अ) दिल्ली के आगरा (ब) दिल्ली से प्रयाग (स) दिल्ली के इटावा (द) दिल्ली से पटना (स)**

**Q.11 धरातलीय जल में नाईट्रेट की मात्रा बढ़ने का कारण है -**

**(अ) घरेलू अपशिष्ट (ब) कीटनाशक (स) उर्वरक (द) जीवाश्म ईंधन दहन (स)**

**लघुतरात्मक प्रश्न**

**Q.1 पर्यावरण प्रदूषण किसे कहते है ?**

**उत्तर- मानवीय क्रियाकलापों के अपशिष्ट उत्पादों से युक्त द्रव्य एवं ऊर्जा का परिणाम पर्यावरण प्रदूषण होता है।**

**Q.2 पर्यावरण प्रदूषण के प्रदूषकों के परिवहन एवं फेलने के माध्यम के आधार पर प्रदूषण के कितने प्रकार होते है?**

**उत्तर – चार प्रकार होते है- जल प्रदूषण , वायु प्रदूषण , भूमि प्रदूषण ,ध्वनि प्रदूषण**

**Q.3 जल प्रदूषण के कोई दो कारण लिखिए।**

**अथवा**

**जल प्रदूषण के प्रमुख स्त्रोतों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर - 1 प्राकृतिक स्त्रोत- अपरदन, भूस्खलन और पेड-पौधो तथा मृत पशुओं के सडे-गले अंश से**

**2 मानन क्रियाकलाप -जिसमें औद्योगिक अवशिष्ट, घरेलु अपशिष्ट व कृषि अपशिष्ट का जल में मिलना**

**Q.4 वायु प्रदूषण के कोई चार स्त्रोत लिखिए -**

**(1) जीवाश्म ईंधन का दहन**

**(2) खनन**

**(3) उद्योगों से निकला धुआ**

**(4) धूम कुहरा,**

**Q.5 जल प्रदूषण के दूर करने के कोई दो उपाय लिखिए -**

**उत्तर (1) घरेलु अपशिष्टों को जल स्त्रोतों में नहीं बहाया जावे।**

**(2) औद्योगिक अपशिष्ट/ कचरे को जल स्त्रोत में नहीं बहाया जावे ।**

**Q.6 नगरीय अपशिष्ट के कोई दो प्रमुख स्त्रोत बताईए-**

**उत्तर - (1) घरेलु प्रतिष्ठानो से प्राप्त अपशिष्ट**

**(2) व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से प्राप्त अपशिष्ट**

**Q.7 ठोस अपशिष्टों से होने वाली कोई चार बिमारियों के नाम बताईये -**

**उत्तर -(1) टाइफाइड (मयादी बुखार) (3) दस्त**

(2) गलघोंटू (डिप्थीरिया)  (4) हैजा (कॉलरा)

Q.8 गंदी बस्तियों की कोई चार समस्याएं लिखिए-
उत्तर - (1) अच्छे व पर्याप्त आवासों की कमी
(2) निम्न स्वास्थ्य सुविधाएं
(3) पेयजल एवं प्रकाश सुविधाओं का अभाव
(4) भीड-भरी संकरी सडके

Q.9 ध्वनि प्रदूषणा के कोई चार स्त्रोत लिखिये-
उत्तर- (1) लाउडस्पीकर
(2) मशीनीकृत निर्माण उद्योग
(3) तीव्र चालित मोटर वाहन
(4) बायुयान

Q.10 भू-निम्नीकरण से क्या अभिप्राय है ।
उत्तर - भूमि पर प्राकृतिकया मानवीय दबाव से इसकी गुणवत्ता में कमी होना या अस्थायी उत्पादकला में कमी आना भू- निम्नीकरण कहलाता है।

Q.11 भू-निम्नीकरण के प्रमुख स्त्रोत कौनसे हैं ?
उत्तर - (1) अनुचित मानवीय क्रियाकलाप
(2) कीटनाशकों, पीडक नाशी इकाईयों का अत्यधिक प्रयोग
(3) औद्योगिक अपशीस्ट
(4) रासायनिक उर्वरकों का उपयोग

Q.12 ग्रामीण क्षेत्रो से शहरी क्षेत्रो में आधिक जनसंख्या प्रवास के कोई दो कारण बताइये –
उत्तर - 1 नगरीय क्षेत्रों में मजदूरों की अत्यधिक मात्रा में मांग
2 रोजगार के पर्याप्त अवसर
3 नगरों में ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में सड़क, बिजली की सुविधाएं अधिक मिलना
4 नगरों में स्वास्थ्य, शिक्षा सुविधाएं अधिक मिलना

## मानचित्र संबंधित प्रश्न

1.भारत के मानचित्र में दर्शाइए -

1.(अ) कांडला पत्तन (ब) न्हावा शेवा पत्तन (स) अमृतसर (द) अहमदाबाद



2.(अ)सूरत (ब) कानपुर (स) जयपुर (द) दिल्ली



3.(अ)बेलाड़ीला (ब) दुर्ग (स) हजारीबाग (द) सिंहभूमि



4.(अ) सघन जनसंख्या प्रदेश (ब) चावल के प्रमुख उत्पादक प्रदेश
(स) गेंहू के मुख्य उत्पादक क्षेत्र (द) चाय उत्पादक क्षेत्र



5.(अ) नागपुर (ब) मर्मगाओ (स) पारादीप (द) डिगबोई



6.(अ) बाड़मेर (ब) HBJ पाइपलाइन मार्ग (स) अंकलेश्वर (द) बरोनी



**7.(अ) हल्दिया (ब) बोकारो (स) मुंबई हाई (द) झरिया-रानीगंज कोयला क्षेत्र**




**8.(अ) कांडला पत्तन (ब) न्हावा शेवा पत्तन (स) अमृतसर (द) अहमदाबाद**



**9.(अ) तिरुअनंतपुरम (ब) चंडीगढ़ (स) उदयपुर (द) कोटा**





Arise ! Awake! Stop not till the goal is achieved.

उठो! जागो ! तब तक नहीं रूको जब तक आपको आपके उद्देश्य की प्राप्ति नहीं हो जावें।